CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 16°C

नई दिल्ली, गुरुवार 6 नवम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 215 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 14 जमादिउल उला1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




लखनऊ में माफिया से मुक्त कराई गई भूमि पर आवासीय योजना का लोकार्पण पेज 2



भारत की नजरें सीरीज में बढ़त बनाने पर खेल टाइम्स



विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व सम्पादकीय



ट्रम्प और मोदी में लगातार संवाद जारी पेज 12

## साल का सबसे बड़ा चांद सुपरमून दिखा



**नई दिल्ली।** दुनियाभर में बुधवार की रात साल का सबसे बड़ा चांद यानी सुपरमून दिखाई दिया है। यह साल का दूसरा सुपरमून है। इस दौरान चंद्रमा का आकार सामने से करीब 14 गुना बड़ा दिखा। साथ ही 30 फीसदी ज्यादा चमकीला भी नजर आया। सुपरमून तब होता है, जब पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी सबसे कम हो जाती है। इस वजह से चांद ज्यादा बड़ा और चमकीला दिखाई देता है। सुपरमून को देखने पर ऐसा लगा जैसे यह पृथ्वी के करीब आ रहा है। 5 नवम्बर का चांद पृथ्वी से करीब 3,57,000 किलोमीटर की दूरी पर है।

## राष्ट्रपति चुने जाने के बाद ट्रम्प को मिली पहली बड़ी हार

# भारतीय मूल के तीन नेताओं ने रचा इतिहास, ममदानी बने न्यूयॉर्क के मेयर

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के तीन उम्मीदवारों ने अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी को बड़ी जीत दिलाई है और पिछले साल नवम्बर में हुए राष्ट्रपति चुनाव के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को पहली हार का सामना करना पड़ा है।

जोहरान ममदानी, आफताब पुरेवाल और गजाला फिरदौस हाशमी उन प्रमुख डेमोक्रेट नेताओं में शामिल हैं, जिन्होंने न्यूयॉर्क सिटी, सिनसिनाटी और वर्जीनिया में अहम चुनाव जीते हैं। इन तीनों नेताओं को ऐसे समय में जीत मिली है, जब डेमोक्रेटिक पार्टी लगातार चुनावी झटकों का सामना कर रही थी। इसलिए इस जीत का राजनीतिक और प्रतीकात्मक दोनों दृष्टि से बड़ा महत्व है। हालांकि, ट्रम्प ने खुद इन चुनाव को नहीं लड़ा, लेकिन उन्होंने कई उम्मीदवारों का समर्थन किया था। न्यूयॉर्क में ट्रम्प ने पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो को समर्थन दिया था। ट्रम्प ने यहां तक कहा था कि अगर ममदानी जीतेंगे, तो वह संघीय फंड रोक देंगे।





सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्जीनिया समेत कई राज्यों में आधे से ज्यादा मतदाताओं ने कहा कि उनका वोट ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ संदेश देने के लिए था, खासकर टैरिफ और आव्रजन नीति। फिलहाल भारतीय मूल के तीन नेताओं की जीत ने सियासी माहौल बदल दिया है और रिपब्लिकन पार्टी की गति को रोक दिया है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि ये नतीजे 2026 के मध्यवर्ती चुनावों और 2028 के राष्ट्रपति चुनावों पर क्या असर डालते हैं। अमेरिका के सबसे अहम मेट्रो शहरों में शुमार न्यूयॉर्क में डेमोक्रेटिक पार्टी को बड़ी जीत मिली। उसके उम्मीदवार भारतवंशी जोहरान ममदानी को यहां मेयर चुनाव में जीत मिली। ममदानी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एंड्रयू कुओमो को शिकस्त दी। कुओमो इस चुनाव में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का समर्थन हासिल कर चुके थे। इसके बावजूद उन्हें चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ ममदानी न्यूयॉर्क सिटी के पहले मुस्लिम और भारतीय-अमेरिकी मेयर के तौर पर शपथ लेंगे।

- **अमेरिका में भारतीय मूल के जोहरान ममदानी, आफताब पुरेवाल और गजाला फिरदौस हाशमी डेमोक्रेट नेताओं ने अहम चुनाव जीते**
- **न्यूयॉर्क में राष्ट्रपति ट्रम्प ने पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो को दिया था समर्थन**

## संक्षिप्त समाचार

### कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को आस्था का जन सैलाब उमड़ा, हरकी पैड़ी पर लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। धर्मनगरी में कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार सुबह तड़के ब्रह्ममुहूर्त से ही हरकी पैड़ी समेत समूचे गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। दूर-दराज़ क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने मां गंगा के पावन जल में डुबकी लगाकर अखंड पुण्य प्राप्त किया। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से अगणित पापों का नाश होता है और सुख, समृद्धि तथा सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

### छह महिला श्रद्धालुओं की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के चुनार रेलवे स्टेशन पर बुधवार सुबह वाराणसी गंगा स्नान करने जा रही छह महिला श्रद्धालुओं की तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु हो गई, जबकि कुछ अन्य घायल हो गए। बुधवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे गोमो प्रयागराज पैसेंजर ट्रेन चुनार रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर चार पर आकर रुकी। इस बीच कुछ यात्री रेलवे ट्रैक पार कर प्लेटफार्म नंबर तीन की ओर जाने लगे। उसी समय हावड़ा कालका मेल दिल्ली की ओर जा रही थी। कालका मेल का चुनार स्टेशन पर ठहराव नहीं था। ट्रेन अपनी स्पीड से गुजरी, जिसमें कई श्रद्धालु ट्रेन की चपेट में आ गए। इस हादसे में सविता (28), साधना (16), अंजू (20), सुशीला (60), कलावती (50), शिवकुमार (12) की मृत्यु हो गई, जबकि कुछ अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### उत्तराखंड के बद्रीनाथ में बर्फबारी

**नई दिल्ली।** पहाड़ों में जारी बर्फबारी के चलते मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ने वाली है। उत्तराखंड के बद्रीनाथ में बर्फबारी हुई। मध्य प्रदेश में दो दिन बाद ठंड बढ़ेगी। भोपाल में रात के तापमान में चार या पांच डिग्री तक की गिरावट हो सकती है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि हरियाणा के पास एक चक्रवात बना हुआ है। यह मध्य प्रदेश में ठंडी हवा आने से रोक रहा है। अगले 24 या 48 घंटे में यह चक्रवात उत्तर भारत में सक्रिय वेस्टर्न डिस्टरबेंस में समाहित हो जाएगा। इसके बाद ही हमारे यहां ठंड का असर शुरू होगा।

# हरियाणा की तरह बिहार में ऑपरेशन सरकार चोरी: राहुल

## बिहार के पांच लोगों को मंच पर बुलाया, सभी ने कहा: उनके नाम वोटर लिस्ट से काट दिए गए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बिहार में पहले फेज की 121 सीटों पर गुरुवार (आज) वोटिंग होनी है। इससे एक दिन पहले राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि राज्य में ऑपरेशन सरकार चोरी चलाया जा रहा है। राहुल ने बिहार के 5 वोटरों को मंच पर बुलाया। सभी ने कहा कि उनके नाम वोटर लिस्ट से काट दिए गए हैं। राहुल ने वोटर वैरिफिकेशन पर 1 घंटा 20 मिनट लंबी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बताया कि हरियाणा में 3.5 लाख वोटर्स का नाम लिस्ट से काट दिया गया था।

बिहार में भी यही दोहराया जा रहा है। चुनाव से ठीक पहले वोटर लिस्ट दी जाती है, ताकि लोकतंत्र को मारा जा सके। उन्होंने अपने प्रजेंटेशन में हरियाणा की वोटर लिस्ट दिखाते हुए कहा कि ब्राजील की एक मॉडल ने हरियाणा चुनाव के दौरान 10 बूथ पर 22 बार वोट डाला। इस तरह हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में 25 लाख वोटों की चोरी हुई। राहुल गांधी ने सबसे पहले हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी का वीडियो दिखाया। राहुल गांधी ने कहा कि 2024 इलेक्शन रिजल्ट के दो दिन पहले सीएम ने एक बाइट दी, जिसमें उन्होंने व्यवस्था का जिक्र किया। अब ये व्यवस्था क्या है। इसके बाद जो रिजल्ट आया हरियाणा में कांग्रेस चुनाव हार गई। राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में धांधली का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने कहा कि 2024 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद नायब सिंह सैनी की एक बाइट पर संदेह पैदा होता है। राहुल ने इलेक्शन रिजल्ट से दो दिन पहले 6 अक्टूबर 2024 को सैनी का बयान सुनाया। नायब सैनी कहते हैं कि मैंने शुरू से यह कहा है कि भाजपा एकतरफा सरकार बना रही है। हमारे पास सारी व्यवस्थाएं हैं। आप चिंता मत करिए। राहुल ने सवाल उठाया कि आखिर वो व्यवस्था क्या है। बीजेपी नेता मुस्कुराते हुए सरकार बनाने का दावा कर रहे थे। यह व्यवस्था वोट चोरी की है। इसके बाद जो रिजल्ट आया हरियाणा में कांग्रेस चुनाव हार गई। राहुल ने ब्राजीलियन लड़की की तस्वीर भी दिखाई। उन्होंने कहा कि ये हरियाणा की वोटर लिस्ट में है। इसने कभी -शेष पृष्ठ दो पर



- **राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा: ब्राजील की एक मॉडल ने हरियाणा चुनाव के दौरान 10 बूथ पर 22 बार वोट डाला**

### वोट चोरी पर राहुल के दावे फर्जी: भाजपा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी के आरोपों पर पलटवार किया। रिजिजू ने कहा कि राहुल ने जो प्रेजेंटेशन दिया, वह फर्जी था। राहुल गांधी ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुछ विदेशी महिलाओं के नाम का जिक्र किया। वे संसद सत्र चलते समय विदेश चले जाते हैं। छिपकर थाईलैंड-कंबोडिया जाते हैं। उन्हें विदेशों से जो प्रेरणा मिलती है, उसके आधार पर वे लोगों का समय बर्बाद करते हैं।

### चुनाव आयोग ने राहुल के आरोपों को बताया बेबुनियाद

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के हरियाणा विधानसभा के 2024 में हुए चुनावों में धांधली के आरोपों को नकारते हुए कहा है कि यदि कहीं कोई गड़बड़ी हो रही थी और एक ही नाम से कई बार मतदान किया जा रहा था, तो कांग्रेस के चुनाव एजेंटों को इस पर आपत्ति दर्ज करनी चाहिए थी। राहुल गांधी के संवाददाता सम्मेलन में चुनाव आयोग पर मतदाता सूची में हेराफेरी करने के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए आयोग ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि हरियाणा में मतदाता सूची को लेकर कहीं कोई शिकायत नहीं है। वर्तमान में 90 सदस्यों वाली विधानसभा चुनाव से जुड़ी 22 याचिकाएं उच्च न्यायालय में लंबित हैं। आयोग ने श्री गांधी के फर्जी वोटिंग के आरोप पर कहा कि यदि एक ही नाम पर कई बार मतदान हो रहा था तो श्री गांधी को बताना चाहिए कि उनकी पार्टी के पोलिंग एजेंट मतदान केंद्रों पर क्या कर रहे थे। आयोग का यह भी कहना था कि यदि किसी मतदाता पर संदेह था, तो कांग्रेस के मतदान एजेंटों ने मतदाता की पहचान को लेकर कोई आपत्ति दर्ज क्यों नहीं कराई।

# आरोपी के दुबई से गायब होने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को महादेव सट्टेबाजी एप के फरार सह-संस्थापक का पता लगाने और उसकी मौजूदगी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

सट्टेबाजी प्रकरण का आरोपी दुबई से भागकर किसी अज्ञात स्थान पर चला गया है, जिसके बाद कोर्ट ने यह निर्देश दिया है। न्यायालय ने कहा ऐसे मामलों के आरोपी अदालतों और जांच एजेंसियों को खेल समझें, इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने आरोपी रवि उप्पल की ओर से कानून प्रवर्तन एजेंसियों से बचने के मामले को गंभीरता से लिया और कहा कि इससे हमारी अंतरात्मा को धक्का लगा है और अदालत को इस बारे में कुछ करना होगा। भारत में कानून प्रवर्तन एजेंसियों से बच रहा उप्पल कथित तौर पर दुबई से भागकर किसी अज्ञात स्थान पर चला गया है। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात के अधिकारियों ने उसके खिलाफ प्रत्यर्पण की कार्यवाही बंद कर दी है। पीठ ने कहा कि उस जैसे सरगनाओं के लिए अदालतें और जांच एजेंसियां महज खेलने का साधन हैं। हमें इस बारे में कुछ करना होगा।



- **ईडी को महादेव सट्टेबाजी एप के फरार सह-संस्थापक का पता लगाने और उसकी मौजूदगी सुनिश्चित करने का निर्देश**

### राहुल गांधी देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे: राजनाथ

**पटना।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को बांका में चुनावी सभा में आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। क्योंकि, उन्होंने सशस्त्र बलों में आरक्षण की मांग की है। बिहार के जमुई जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि राहुल जी को क्या हो गया है? वे रक्षा बलों में आरक्षण का मुद्दा उठा रहे हैं। वह देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। हमारी सेनाएं इन सब चीजों से ऊपर हैं। रक्षा मंत्री ने बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी के हालिया मछली पकड़ने के प्रयास पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस नेता के पास अब कोई चारा नहीं बचा है, इसलिए उन्हें तालाब में कूदना पड़ा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को समझना चाहिए कि देश चलाना बच्चों का खेल नहीं है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई प्रतिघाती कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की। राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को रोका गया है, बंद नहीं किया गया। अगर आतंकवादी फिर से भारत पर हमला करने की कोशिश करेंगे, तो हम कड़ी कार्रवाई करेंगे।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना को ज्यादा आजादी मिली



**नई दिल्ली।** आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि आज दुनिया में कई तरह के खतरे हैं और ये तेजी से बदल रहे हैं। ऐसे में कोई भी देश अकेले सुरक्षित नहीं रह सकता। अब सबको मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में मिलजुलकर की गई खोज (इनोवेशन) ही सबसे मजबूत सुरक्षा कवच है। जनरल द्विवेदी दिल्ली में हुए 'इंडिया डिफेंस कॉन्क्लेव 2025' में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में सेना के वरिष्ठ अधिकारी, रक्षा विशेषज्ञ और उद्योग जगत के लोग शामिल हुए। इस दौरान आर्मी चीफ ने कहा कि सेना अब ड्रोन युद्ध, क्वांटम टेक्नोलॉजी, 6जी और स्पेस मिशन जैसे क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही है।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में ईडी कार्रवाई की तारीफ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**FATF रिपोर्ट**

- **भारतीय जांच एजेंसी के काम को वैश्विक मॉडल बताया, 17520 करोड़ के पोंजी स्कैम का भी जिक्र**




**नई दिल्ली।** मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ भारत की सख्त कार्रवाई की इंटरनेशनल लेवल पर सराहना हुई है। वैश्विक निगरानी संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने अपनी रिपोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के काम को एक प्रभावशाली वैश्विक मॉडल बताया है। रिपोर्ट में एफएटीएफ ने कहा कि भारत की कानूनी व्यवस्था और मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम तंत्र मजबूत और भरोसेमंद है।

यह प्रणाली अपराध से जुड़ी संपत्ति को जब्त करने और पीड़ितों को राहत दिलाने के मामले में अन्य देशों के लिए मिसाल बन गई है। रिपोर्ट में महाराष्ट्र के एक मामले का जिक्र है, जिसमें अवैध कमाई से खरीदी गई संपत्तियों को जब्त कर पीड़ितों को लौटाया गया। एफएटीएफ ने कहा कि भारत ने वित्तीय अपराधों से जब्त संपत्तियों को समाजहित में उपयोग करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। संस्था के मुताबिक, भारत का यह मॉडल अन्य देशों के लिए प्रेरणास्रोत बन सकता है। एफएटीएफ ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लान्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) और भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम (2018) को संपत्ति वसूली और प्रबंधन का एक प्रभावी और व्यापक मॉडल बताया है। रिपोर्ट में ईडी के कई प्रमुख मामलों का उल्लेख है, जिनमें करीब 17520 करोड़ रुपये के रोज वैली पोंजी घोटाले में पीड़ितों को संपत्ति लौटाना और भारत-अमेरिका की संयुक्त कार्रवाई में 268 बिटकॉइन (करीब 130 करोड़ रुपये मूल्य) और 10 लाख डॉलर की संपत्तियों की जब्ती शामिल है। इसके अलावा, आंध्र प्रदेश पुलिस सीआईडी के साथ मिलकर 6,000 करोड़ रुपये की संपत्तियों की बहाली और पीएमएलए के तहत 17.77 अरब रुपये की अचल संपत्ति जब्त करने जैसे उदाहरण भी रिपोर्ट में दर्ज हैं। एफएटीएफ ने भारत के पीड़ित-केंद्रित संपत्ति पुनर्वसूली मॉडल और तकनीक, वित्तीय डेटा विश्लेषण व एजेंसियों के बेहतर तालमेल की सराहना की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने पारदर्शिता, जवाबदेही और पीड़ितों के हितों को प्राथमिकता देते हुए मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ एक नया वैश्विक मानक स्थापित किया है।



**पटना:** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए सुरक्षाकर्मी अपने निर्धारित ड्यूटी स्थानों के लिए रवाना होते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### मायावती आज करेंगी कैमूर जिले के भभुआ में चुनावी जनसभा

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती गुरुवार को बिहार के कैमूर जिले के भभुआ में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी। यह जनसभा भभुआ हवाई अड्डे के पास मैदान में आयोजित की जाएगी, जिसमें आसपास के जिलों तथा विधान सभा क्षेत्रों से भारी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। बसपा कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी अपने बूते पर लगभग सभी सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी का यह जनसंपर्क अभियान राज्य के कई जिलों में लगातार जारी है। पार्टी के अनुसार बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद, राज्यसभा सांसद रामजी गौतम सहित कई वरिष्ठ नेता बिहार में लगातार प्रचार अभियान में सक्रिय हैं।

### कश्मीर के पर्वतीय रिसॉर्ट्स में हिमपात मैदानी क्षेत्रों में बारिश

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध पर्वतीय रिसॉर्ट्स- गुलमर्ग, पहलगाम और सोनमर्ग तथा कई ऊंचे इलाकों में पिछले 24 घंटों में हिमपात हुआ जबकि मैदानी इलाकों में रुक-रुक कर बारिश हुई। अधिकारियों ने कहा कि ताजा हिमपात के कारण श्रीनगर- लेह राजमार्ग सहित प्रमुख राजमार्गों को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिए गए है। गुरेज-बांदीपोरा मार्ग भी यातायात बंद कर दिया गया है। यात्रियों को संबंधित जिला नियंत्रण कक्षों से सड़क की नवीनतम स्थिति की पुष्टि किए बिना यात्रा न करने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अगले 24 घंटों के दौरान जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ने के आसार हैं, जबकि उसके बाद मुख्य रूप से शुष्क मौसम रहने की उम्मीद है।

# हरियाणा का मुद्दा उछाल कर जनता को गुमराह कर रहे राहुल गांधी: भाजपा

**नई दिल्ली, वार्ता**



भारतीय जनता पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के ठीक एक दिन पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा हरियाणा में विदेशी महिला के मतदाता पहचान पत्र और वोट चोरी का मुद्दा उठाने पर पलटवार करते हुए इस जनता को गुमराह करने का हथकंडा बताया।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पिछले संसद सत्र के दौरान एक महिला की तस्वीर टी-शर्ट पर छपवाकर पूरे संसद परिसर में घूमते रहे और उसके नाम को उछाला था। रिजिजू ने आरोप लगाया कि उसी शाम उस महिला ने गलत बयानबाजी पर राहुल गांधी को कड़ी फटकार लगाई थी। रिजिजू ने कहा कि अब, अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए नेता प्रतिपक्ष गांधी बिहार में मतदान से एक दिन पहले लोगों को हरियाणा की कहानी सुना रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे साफ है कि विपक्ष के पास बिहार में तो मुद्दा बचा ही नहीं, इसलिए ध्यान भटकाने के लिए हरियाणा का मुद्दा गढ़ा जा रहा है। रिजिजू ने कहा कि श्री गांधी दावा कर रहे थे कि एग्जिट पोल में कांग्रेस जीत रही थी लेकिन चुनाव परिणाम अलग आने पर अब हायतौबा मचा रहे हैं। रिजिजू ने कहा कि 2004 के आम चुनाव में भी एग्जिट पोल और ओपिनियन पोल भाजपा और एनडीए को जिता रहे थे, लेकिन मतगणना के नतीजों में एनडीए की हार हुई। हमने जनादेश को मानते हुए परिणाम को स्वीकार किया और यूपीए को बधाई दी, लेकिन हमने चुनाव आयोग की आलोचना नहीं की। रिजिजू ने कहा कि लोकतंत्र में जीत और हार, दोनों को स्वीकार करना पड़ता है। उन्होंने कांग्रेस नेता पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एग्जिट पोल जब कांग्रेस के पक्ष में होता है।

# श्रमिकों की बेटियों के विवाह पर अब 85000 सहायता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ उप्र सरकार ने निर्माण श्रमिकों के हित में एक और बड़ा कदम उठाया, राशि में बढ़ोतरी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उप्र सरकार ने निर्माण श्रमिकों के हित में एक और बड़ा कदम उठाया है। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित कन्या विवाह सहायता योजना की राशि में बढ़ोतरी की गई है।

नई व्यवस्था के तहत सामान्य विवाह पर 65000, अंतर्जातीय विवाह पर 75000 तथा सामूहिक विवाह पर 85000 तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त आयोजन के लिए 15000 की अलग से राशि दी जाएगी। यह सहायता सीधे पात्र श्रमिक परिवारों के बैंक खातों में भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि ष्श्रमिक परिवार समाज की नींव हैं। उनकी बेटियों के विवाह में सहयोग देना सरकार का नैतिक और मानवीय दायित्व है। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रमों का संपूर्ण आयोजन श्रम विभाग और बोर्ड द्वारा किया जाएगा, जिसमें सुरक्षा, आवास, भोजन और परिवहन जैसी सभी सुविधाएं सुनिश्चित रहेंगी। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की सचिव पूजा यादव ने कहा कि वर्तमान में बोर्ड में 1.88 करोड़ से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं, जिन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

अब तक 18.94 लाख से अधिक आवेदनों पर 6336.61 करोड़ की राशि वितरित की जा चुकी है। पंजीकृत श्रमिक मात्र 20 एकमुश्त पंजीकरण शुल्क और 20 रुपए वार्षिक अंशदान के साथ योजनाओं के पात्र बन सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन और निशुल्क है, जिसे जन सेवा केंद्रों के माध्यम से पूरा किया जा सकता है। गौरतलब है कि बोर्ड द्वारा जन्म सहायता, शिक्षा सहायता, पेंशन, दिव्यांगता/मृत्यु सहायता और गंभीर बीमारी सहायता जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाएं भी संचालित की जा रही हैं, जिनसे लाखों श्रमिक परिवारों को सीधा लाभ मिल रहा है।

## माफिया से मुक्त कराई गई भूमि पर आवासीय योजना का लोकार्पण

# 2017 में ही तय था उप्र की छवि बदलेंगे: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ मुख्यमंत्री ने दुर्बल आय वर्ग के 72 परिवारों को फ्लैट के आवंटन पत्र वितरित किए

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में माफिया से मुक्त कराई गई भूमि पर सरदार वल्लभभाई पटेल आवासीय योजना का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह उन लोगों के लिए चेतावनी है, जो माफिया को शार्गिद बनाते हैं, उनकी कब्र पर फातिहा पढ़ते हैं, वे गरीबों का शोषण करवाते हैं।

अब यूपी में ऐसा नहीं चलेगा। हमने 2017 में ही तय कर लिया था कि यूपी की छवि बदलकर रहेंगे। जियामऊ, डालीबाग स्थित एकता वन में आयोजित भव्य समारोह में योगी ने दुर्बल आय वर्ग के 72 परिवारों को फ्लैट के आवंटन पत्र वितरित किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह केवल आवास वितरण नहीं, बल्कि संदेश है कि माफिया से छीनी गई भूमि पर गरीबों का आशियाना बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर कोई गरीबों की जमीन पर कब्जा करेगा, अगर कोई सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा करके समाज को डराने-धमकाने का काम करेगा, तो लेने के देने पड़ जाएंगे। यह सरकार जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी दृढ़ता के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि यही नए भारत और नए उप्र की पहचान है, जहां विकास के साथ धर्म, संस्कृति और परंपरा का संगम है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी ने लोगों को कार्तिक पूर्णिमा की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज लाखों श्रद्धालु गढ़मुक्तेश्वर, टिकरी, सुखतीर्थ, बदायूं, प्रयागराज, काशी, अयोध्या में स्नान कर पुण्य लाभ ले रहे हैं। काशी में सायं देव दीपावली पर देवता दीप जलाएंगे। योगी ने कहा कि इस पावन अवसर पर लखनऊ में मापिफया से मुक्त भूमि पर लाभार्थियों को आवास देना सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि इस प्राइम लोकेशन पर लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 10.70 लाख में फ्लैट दिए, इसकी कीमत बाजार में करीब एक करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि 8000 आवेदनों में 5700 आवदेन योग्य लोगों का था, इसमें से 72 को पहले आवंटन मिला है। मुख्यमंत्री ने सभी 72 लाभार्थियों को आवास की सुविधा मिलने पर उन्हें और उनके परिवारों को बधाई देते हुए कहा कि इन लोगों को अब अपना सिर उठाकर सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिला है। यह प्रधानमंत्री आवास योजना से कवर होगा तो यह और सस्ता व लाभकारी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज लखनऊ में कितना सुंदर वातावरण बना है, कितने अच्छे पार्क विकसित हो चुके हैं। सरकार चाहती है कि हर नागरिक खुशहाली से अपना जीवन व्यतीत करे और प्रदेश के विकास में भागीदार बने।

### गुरु नानक देव के उपदेश आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत: योगी

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को सिख पंथ के संस्थापक एवं प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 556वें प्रकाश पर्व पर राजधानी लखनऊ के डीएवी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव जी भारत के एक उच्च कोटि के आध्यात्मिक महापुरुष थे, जिन्होंने 500 वर्ष पहले समाज के संगठन, समानता और सेवा का जो संदेश दिया, वही आज भारत की सामाजिक व्यवस्था की नींव है। इस दौरान उन्होंने सिख गुरुओं के सम्मान में अपना शीश नवाया और दर्शन किए। समारोह में कमेटी की ओर से मुख्यमंत्री का स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया।

# राजद का 'कट्टा' बिहार का बैठा देगा 'भट्ठा': केशव

**लखनऊ, वार्ता**



उप्र के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनता दल पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनता दल का 'कट्टा' बिहार का 'भट्ठा' बैठा देगा। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता अब जाग चुकी है और वह परिवारवाद, जातिवाद और अपराधवाद की राजनीति को सदा के लिए उखाड़ पफेंकेगी। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर इन दिनों उत्तरप्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य राजद और कांग्रेस पर काफी हमलावर हैं। हाल ही में उन्होंने कहा था कि रात-दिन संविधान बचाने का अलाप करने वाले महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव खुद लोकतंत्र की खिल्ली उड़ाने से बाज नहीं आ रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में यादव परिवार को न लोक की लाज है, न संसद की मर्यादा की चिंता। ऐसे बयान लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव को कमजोर करने वाले हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की कि तेजस्वी यादव के इस गैर-जिम्मेदाराना बयान का त्वरित संज्ञान लिया जाए और उन पर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी नेता संविधान और संसद की गरिमा के विरुद्ध बयान देने से पहले सौ बार सोचने को मजबूर हो। वहीं बिहार चुनाव के बीच छठ पूजा को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी पर की गई टिप्पणी को लेकर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा था कि वे न तो भारत माता को मानते हैं और न ही 'छठी मईया' को।



**सेंसेक्स** 84556.40
**निफ्टी** 25891.40



**सोना रु.** 125770
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 155000
प्रति किलो



# भारत-न्यूजीलैंड के बीच व्यापार समझौता फिलहाल नहीं

■ दोनों पक्ष धीरे-धीरे व्यापार बढ़ाने और समाधान तलाशने पर सहमत हुए

**नई दिल्ली/ऑकलैंड।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच व्यापार समझौते पर पिफलहाल सहमति नहीं बनी है और दोनों पक्ष धीरे-धीरे व्यापार बढ़ाने और समाधान तलाशने पर सहमत हुए हैं।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैकक्ले के बीच बुधवार को हुई बैठक के बाद दोनों मंत्रियों ने मीडिया से बात की। खास बात यह रही कि न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लेक्सन संसद में प्रश्नकाल छोड़कर खुद ऑकलैंड पहुंचे और प्रेस वार्ता के बीच में दोनों मंत्रियों के साथ शामिल होकर मीडिया के प्रश्नों का उत्तर दिया। ऑकलैंड रवाना होने से पहले उन्होंने हालांकि इन अटकलों को खारिज किया कि व्यापार वार्ता में कोई गतिरोध आया है, जिसके कारण उन्हें अचानक जाना पड़ रहा है। लेक्सन ने ऑकलैंड में व्यापार वार्ता की प्रगति के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि गोयल तथा मैकक्ले दृढ़ रहने वाले वार्ताकार हैं और उन्हें ऐसा होना भी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में दोनों देशों के पास कापफी अवसर हैं। व्यापार के अलावा रक्षा में दोनों देश पहले से ही साथ काम कर रहे हैं। जनसंपर्क में काफी संभावनाएं हैं, खेल में दोनों देशों के बीच पुराने संबंध रहे हैं और भारतीय हॉकी टीम के ऐतिहासिक न्यूजीलैंड दौरे (साल 1926 में) को 100 साल होने वाले हैं। अमेरिका के दरवाजे बंद करने के बाद भारतीय छात्रों के लिए न्यूजीलैंड में काफी अवसर हैं। उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है और ऐसे में भारत के साथ व्यापारिक संबंध न्यूजीलैंड के लिए महत्व रखता है। इससे पहले गोयल ने कहा कि दोनों देशों के बीच किसी व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने से पहले काफी चर्चा होनी है। न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री ने कहा कि किसी भी तरह के व्यापार समझौते में समय लगता है और व्यापार वार्ताएं हमेशा चुनौतीपूर्ण होती हैं। उन्होंने बताया कि दोनों पक्ष समाधानों पर सहमत हुए हैं। न्यूजीलैंड के लिए भारत के साथ संबंध महत्वपूर्ण हैं। व्यापार लक्ष्यों के बारे में पूछे जाने पर मैकक्ले ने कहा कि कोई भी लक्ष्य तय करने से पहले हम समय ले सकते हैं। न्यूजीलैंड का प्रतिनिधिमंडल इस साल मार्च में भारत गया था और 33 समझौतों तथा सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर हुए थे, जिनमें एयर इंडिया और एयर न्यूजीलैंड साल 2028 तक दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें शुरू करने पर सहमत हुई थीं। श्री मैकक्ले ने कहा कि उनका न्यूजीलैंड के लिए संतुलित अवसर तलाशना है। टाटा और महिंद्रा के वाहनों की न्यूजीलैंड में लंबे समय से उपस्थिति के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि भारत में बनी गाड़ियां न्यूजीलैंड में स्थानीय जैसी हैं और जब भी व्यापार समझौता होगा, देश में भारतीय वाहनों की बिक्री में कोई बाधा नहीं आएगी।

### अमूल, इफको को विश्व की शीर्ष सहकारी संस्था होने पर बधाई दी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अमूल और इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड को विश्व की शीर्ष दस सहकारी संस्थाओं में प्रथम दो स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी है। अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत के लिए गर्व का क्षण! अमूल और इफको को विश्व की शीर्ष दस सहकारी संस्थाओं में प्रथम दो स्थान प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई। यह अमूल से जुड़ी लाखों महिलाओं के अथक समर्पण और इफको में योगदान देने वाले किसानों के लिए सम्मान बात है। यह सहकारी संस्थाओं में असीम संभावनाओं का भी प्रमाण है, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के वैश्विक मॉडल के रूप में बढ़ावा दे रहे हैं।

# चावल नरम, गेहूं, चीनी मजबूत खाद्य तेलों, दालों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल की औसत कीमतों में मंदी रही, जबकि गेहूं के दाम बढ़ गए। चीनी में भी तेजी दर्ज की गयी। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा 34 रिंगिट फिसलकर 4,109 रिंगिट प्रति टन रह गया।

अमेरिकी सोया तेल का दिसम्बर वायदा भी 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 49.65 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत चार रुपए घटकर 3,841.86 रुपए प्रति क्विंटल रही। गेहूं पांच रुपए की मजबूती के साथ 2,862.37 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत भी 12 रुपए चढ़कर 3,320.06 रुपए प्रति क्विंटल हो गई। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा। मूंगफली तेल की औसत कीमत 143 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। सोया तेल भी नौ रुपए सस्ता हुआ। अन्य खाद्य तेलों में तेजी रही। वनस्पति 63 रुपए और सूरजमुखी तेल 90 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सरसों तेल 31 रुपए और पाम ऑयल 59 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल पांच रुपए प्रति क्विंटल टूट गयी। वहीं मसूर दाल में टिकाव रहा। चना दाल 10 रुपए और उड़द दाल 21 रुपए महंगी हुई। मूंग दाल 36 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 40 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी 25 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7882.59 रुपए, मसूर काली 8150.73 रुपए, मूंग दाल 10136.38 रुपए, उड़द दाल 10385.77 रुपए, तुअर दाल 10537.92 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2862.37 रुपए और चावल 3841.86 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4352.03 रुपए और गुड़ 5061.98 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

### मोदी से मिले हिमन्त, दो बड़ी परियोजनाओं के उद्घाटन का निमंत्रण दिया

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें राज्य में दो बड़ी विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने का निमंत्रण दिया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को यहां बताया कि सरमा ने मंगलवार शाम मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने दोनों नेताओं के बीच मुलाकात की जानकारी देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक पोस्ट में कहा कि असम के मुख्यमंत्री हिमन्त बिस्वा सरमा ने कल शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**हरियाणा की तरह..**

स्वीटी, कभी सीमा तो कभी सरस्वती के नाम पर वोट डाले। राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक ब्राजीलियन मॉडल की फोटो दिखाई। राहुल ने सवाल किया कि हरियाणा की वोटर लिस्ट में ब्राजीलियन लड़की का क्या काम है। राहुल ने दावा किया कि मॉडल ने 22 बार वोट डाला। हरियाणा में पांच कैटेगरी में 25 लाख वोट चोरी हुए। एक अन्य महिला ने एक असेंबली में 100 बार वोट किया। राहुल गांधी ने ब्राजीलियन मॉडल का नाम नहीं बताया। हालांकि उसकी तस्वीर फोटोग्राफर मैथियस फेरेरो ने फ्री स्टाक इमेज प्लेटफॉर्म अपलोड की थी। राहुल गांधी ने यह तस्वीर वहीं से निकाली।

मॉडल की तस्वीर पहली बार 2 मार्च, 2017 को पब्लिश की गई थी और इसे न्देचर्सी लाइसेंस के तहत 5.9 करोड़ से ज्यादा बार देखा और 4 लाख से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है। राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बिहार के जमुई से पांच लोगों को मंच पर बुलाया। उन्होंने बारी-बारी से बताया कि उनका वोटर लिस्ट से नाम कट गया है। दावा किया कि उनके गांव से करीब 300 लोगों को वोटर लिस्ट में शामिल नहीं किया गया। एक वोटर ने राहुल से अपील की वह कुछ समाधान निकालें, ताकि अगले चुनाव में उनके साथ ऐसा न हो। राहुल ने आरोप लगाया कि वोटर लिस्ट में कई नाम ऐसे हैं जिनका हाउस नंबर 0 दिखाया गया। यानी कि वे लोग जिनका कोई घर नहीं है। इन्हीं में से एक नरेंद्र हैं, जिन्होंने वोट तो किया, लेकिन उनका घर नहीं है।

जैसा कि इन लोगों (भाजपा) ने मेरा घर छीन लिया था, वैसा ही नरेंद्र के साथ किया। दरअसल 2023 में सांसदी जाने पर राहुल गांधी का 12 तुगलक रोड का सरकारी आवास खाली करा दिया गया था। उनका सामान मां सोनिया गांधी के 10 जनपथ स्थित आवास में शिफ्ट किया गया था। राहुल ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की तस्वीर प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिखाई। राहुल ने कहा कि अब सुनते हैं ज्ञानेश का ज्ञान जो कहते हैं कि पुल के नीचे सड़क पर या लैंपपोस्ट के किनारे ऐसे लोगों का हाउस नंबर 0 होता है। ब्राजीलियन मॉडल की तस्वीर दिखाने के बाद राहुल ने कहा कि अब ये बेचारी बहुत ट्रोल होगी। राहुल गांधी का आरोप है कि महिला ने हरियाणा में 22 बार वोट किया। उसके कई नाम हैं जैसे सीमा, स्वीटी, सरस्वती, रश्मि, विमला। इस महिला ने 10 बूथ पर 22 बार वोट किया।

# 'राजा भैया' के खिलाफ बेंती आवास में शस्त्र पूजन की जांच पूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** विजयादशमी के मौके पर बेंती आवास परिसर में रघुराज प्रताप सिंह उर्फ 'राजा भैया' के शस्त्र पूजन को लेकर आज़ाद अधिकार आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर द्वारा की गई शिकायत को पुलिस ने अपनी जांच में निराधार पाया है। शिकायत में उनके प्रतापगढ़ जनपद के कुंडा स्थित आवासीय परिसर में कथित रूप से धार्मिक भावना भड़काने और अनुचित गतिविधियों के आरोप लगाए गए थे।

आईजीआरएस पोर्टल पर शस्त्र पूजन को लेकर की गई संख्या 60000250236632 को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिम) बृजनंदन राय के पर्यवेक्षण में कराई गई। रिपोर्ट के अनुसार क्षेत्राधिकारी कुंडा ने संबंधित स्थल का भौतिक निरीक्षण कर प्रत्यक्षदर्शियों, स्थानीय निवासियों तथा पुलिस बल के सदस्यों के बयान दर्ज किए।

जांच में यह पाया गया कि आरोपित तिथि पर उक्त स्थान पर किसी प्रकार का विवादास्पद आयोजन या उत्तेजक गतिविधि नहीं हुई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि राजा भैया के महल परिसर के समीप स्थित धर्मशाला में केवल पारंपरिक पूजा-अर्चना की गई थी, जो पूरी तरह से धार्मिक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। मौके पर कोई भी आपत्तिजनक भाषण, धार्मिक नारा या किसी समुदाय की भावना आहत करने वाला कार्य नहीं पाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि आवेदक द्वारा लगाए गए आरोप असत्य, निराधार एवं मनगढ़ंत पाए गए हैं। जांच में ऐसा कोई भी तथ्य या प्रमाण नहीं मिला जिससे धार्मिक वैमनस्य या कानून-व्यवस्था भंग होने की संभावना सिद्ध हो। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि पूरे आयोजन के दौरान स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस बल की उपस्थिति में क्षेत्र पूर्णतः शांतिपूर्ण रहा। न तो किसी प्रकार की भीड़भाड़, न ही किसी विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैंगओवर पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सीलमपुर-वेलकम क्षेत्र में गुरुनानक देव के 556वें प्रकाश पर्व की रही धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गुरुनानक देव जी का ५५६वां प्रकाश पर्व पूरे देशभर में श्रद्धा, उल्लास और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है राजधानी दिल्ली में भी इस पावन अवसर पर गुरुद्वारों में विशेष सजावट की गई है और भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है, तो वहीं यमुनापार के उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर और वेलकम इलाके में प्रकाश पर्व की रौनक देखने लायक है स सुबह से ही क्षेत्र के गुरुद्वारों में श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई लोग गुरुबाणी के कीर्तन में शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं गुरुद्वारों को रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया गया है जिससे पूरा इलाका आस्था और रोशनी से जगमगा रहा है शाम के समय आतिशबाजी के साथ माहौल और भी उत्सवमय बन गया स



वहीं सीलमपुर वेलकम इलाके में नगर कीर्तन का आयोजन भी किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए नगर कीर्तन में सिख संगत ने झांकियां निकालीं पंज प्यारे आगे चल रहे थे और पीछे श्रद्धालु 'वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह' के जयकारे लगा रहे थे सड़कों पर हर तरफ भक्ति और सेवा की भावना झलक रही थी स स्थानीय लोगों ने भी श्रद्धा भाव से गुरुद्वारों में लंगर सेवा में हिस्सा लिया बच्चों और युवाओं ने सेवादारों के साथ मिलकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया वेलकम और सीलमपुर के बाजारों में भी रौनक देखी जा रही है जहां दुकानदारों ने इस पर्व को देखते हुए विशेष सजावट की है। गुरुनानक देव जी के उपदेशों सच्चाई, सेवा और समानता की भावना से ओतप्रोत यह पर्व न सिर्फ सिख समाज के लिए बल्कि पूरे देश के लिए एकता और मानवता का संदेश लेकर आया है।

# हत्या के मामले में दो वांछित आरोपित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की ईस्टर्न रेंजख्र्ष् टीम ने हत्या के मामले में दो वांछित आरोपितों रिंका और हर्ष को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपित लंबे समय से फरार चल रहे थे।क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बुधवार को बताया कि थाना साउथ रोहिणी क्षेत्र में पांच सितंबर को हबीब नामक युवक की हत्या कर दी गई थी। स्थानीय पुलिस ने उक्त मामले में मुकदमा दर्ज किया। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि हत्या में पांच युवक अमन राठौर, विक्की, अनिल (सभी निवासी बुराड़ी) और रिंका तथा हर्ष (दोनों निवासी गाजीपुर) शामिल थे। स्थानीय पुलिस ने पहले तीन आरो. पितों को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि रिंका और हर्ष फरार हो गए थे। दोनों लगातार दिल्ली-एनसीआर के अलग-अलग ठिकानों पर ठहरते हुए पुलिस की पकड़ से बचते रहे।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि क्राइम ब्रांच की ईस्टर्न रेंजख्र्ष् टीम के इंस्पेक्टर आशीष शर्मा को दोनों फरार आरोपितों की गतिविधियों के संबंध में गुप्त सूचना मिली कि वे मायूर विहार फेज-३ स्थित रेडफॉक्स होटल के पास आने वाले हैं। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने इलाके को घेरकर जाल बिछाया। शाम के समय जैसे ही दोनों मौके पर पहुंचे, पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया। दोनों ने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने पीछा कर दोनों को दबोच लिया। दोनों को गिरफ्तार कर हत्या के मामले में औपचारिक रूप से आरोपित बनाया गया है। इनके पकड़े जाने से हबीब हत्याकांड की जांच को निर्णायक सफलता मिली है। पुलिस जांच में सामने आया है कि रिंका नामक आरोपित आदतन अपराधी है और दिल्ली व एनसीआर में कई मामलों में शामिल रहा है।

# सहकारी आवास समिति घोटाले में 13 दोषियों को सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने २५ वर्ष पुराने सफदरजंग सहकारी आवास समिति घोटाले में १३ आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। अदालत ने कहा कि सभ्य समाज में भ्रष्टाचार एक कैंसर की तरह है, जो समय रहते रोका न जाए तो पूरे तंत्र को जड़ से खोखला कर देता है।

विशेष न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने कहा कि भ्रष्टाचार लोकतंत्र के विप. रीत है। यदि इसे प्रारंभिक स्तर पर नहीं रोका गया तो यह सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था को हिला सकता है। कोर्ट ने कहा कि हर सदस्य ने दिल्ली में सस्ते मकान का सपना देखा और उसी लालच ने सबकी जुबान बंद कर दी। प्रत्येक आरोपी ने यह दिखाने की कोशिश की मानो सब कुछ नियमों के अनुसार हो रहा हो। कोर्ट ने टिप्पणी की कि दिल्ली जैसे महानगर में अपना घर पाना हर नागरिक का सपना है, पर समस्या तब उत्पन्न होती है जब उस सपने को पूरा करने के लिए लोग झूठ, फर्जीवाड़े और नैतिक पतन का सहारा लेने लगते हैं।

इस प्रक्रिया में सच्चाई और ईमानदारी की बलि चढ़ जाती है और पूरा समाज भ्रष्टाचार की दलदल में धंस जाता है। अदालत ने कहा कि यह मामला यह सिद्ध करता है कि भ्रष्टाचार चाहे कितना भी पुराना क्यों न हो, न्याय से बचना असंभव है। अदालत ने कहा कि समिति के दस्तावेजों में कई स्थानों पर खाली जगहें छोड़ी गईं, तारीखों में विरोधाभास पाया गया, चुनाव नियमित रूप से नहीं हुए और लेखा परीक्षण भी समय पर नहीं कराया गया। कई गवाहों ने अदालत में बयान दिया कि उन्होंने समिति के सदस्य बनने के लिए धन जमा कराया था, लेकिन उन्हें न तो आवास मिला और न ही धन वापस किया गया।

अदालत ने पाया कि रजिस्ट्रार कार्यालय के अधिकारियों ने समिति के रिकार्ड में मौजूद साफ हेराफेरी को जानबूझकर नजरअंदाज किया। अधिकारियों ने फर्जी रिकार्ड को सही मान लिया क्योंकि वे अन्य आरोपियों की मदद करना चाहते थे ताकि समिति को अवैध रूप से पुनर्जीवित किया जा सके इन्हीं अधिकारियों ने ९० फर्जी सदस्यों की सूची को मंजूरी दी और उसे दिल्ली विकास प्राधिकरण को भेजा, जिसके बाद धीरपुर क्षेत्र में पांच हजार वर्गमीटर भूमि समिति के नाम आवंटित कर दी गई।

# विधानसभा अध्यक्ष ने गुरुद्वारा बंगला साहिब में मत्था टेका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गुरु नानक देव जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व के शुभ अवसर पर दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने गुरुद्वारा बंगला साहिब में मत्था टेका। अध्यक्ष ने अरदास में भाग लिया और गुरु नानक देव जी की अनन्त शिक्षाओं के प्रति गहरी श्रद्धा व्यक्त की, जो आज भी मानवता को करुणा, समानता और नि:स्वार्थ सेवा के मार्ग पर अग्रसर करती हैं।

गुप्ता ने दिल्लीवासियों की शांति, समृद्धि और कल्याण के लिए भी मंगल कामना की तथा समाज में सामूहिक प्रगति और सौहार्द्र के लिए गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर अध्यक्ष ने गुरुद्वारे में आयोजित एक विशेष प्रदर्शनी का भी भ्रमण किया, जो गुरु नानक देव जी महाराज के जीवन और विरासत को समर्पित थी।

इस प्रदर्शनी में गुरु नानक देव जी के जीवन से जुड़े दुर्लभ अभिलेखीय फोटोग्राफ, पांडुलिपियाँ और उनके उपदेशों एवं यात्राओं से संबंधित दृश्य प्रस्तुत किए गए थे।

गुप्ता ने प्रदर्शनी में गहरी रुचि दिखाते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी गुरु नानक देव जी के शांति, सामाजिक सद्भाव और विश्व बंधुत्व के अमूल्य योगदान को अत्यंत सुंदर ढंग से दर्शाती है। अपना अनुभव को साझा करते हुए गुप्ता ने कहा कि "गुरुद्वारा बंगला साहिब में मत्था टेकना मेरे लिए एक अत्यंत आध्यात्मिक अनुभव रहा। इस पवित्र स्थल की शांति और पवित्रता हमें समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित होने की प्रेरणा देती है। इस पावन अवसर पर आइए हम सभी गुरु नानक देव जी के एकता, करुणा और विश्व बंधुत्व के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लें।"

उन्होंने यह भी कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएँ आज के समय में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और मानवता को सद्भावना, धर्मनिष्ठा और शांति के मार्ग पर चलने की दिशा प्रदान करती हैं।



**गुरु नानक देव जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने गुरुद्वारा बंगला साहिब में मत्था टेकते हुए।**

## एक नजर

### आठ नवम्बर को लोक अदालत ट्रैफिक चालान निपटाने का मौका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने एलान किया है कि ८ नवंबर (शनिवार) को एक विशेष ट्रैफिक लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस पहल के तहत वाहन मालिक अपने लंबित ट्रैफिक चालान रियायती दरों पर निपटा सकते हैं। इस कदम का मकसद अदालतों में बढ़ते केसों का बोझ कम करना और लोगों को समय पर चालान भरने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस लोक अदालत में सिर्फ छोटे ट्रैफिक उल्लंघन वाले चालान ही निपटाए जाएंगे। ऐसे चालान जो ३१ जुलाई २०२५ तक दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की वेबसाइट पर दर्ज हैं, उन्हें ही इस प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। अगर आप लोक अदालत में अपने चालान का निपटारा करना चाहते हैं, तो आपको राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (छ।ैै।) की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा। रजिस्ट्रेशन के दौरान आवेदन फॉर्म भरना होगा, जरूरी दस्तावेज अपलोड करने होंगे, और फिर आपको टोकन नंबर और अपॉइंटमेंट लेटर ईमेल या एसएमएस के जरिए मिल जाएगा। ध्यान रखें कि इन दोनों दस्तावेजों के बिना लोक अदालत में एंट्री नहीं मिलेगी।

### 'इंटरनेशनल रिलेशन्स' के द्वितीय संस्करण का किया लोकार्पण

**नई दिल्ली।** साउथैम्पटन विश्वविद्यालय दिल्ली और मैक्ग्रा हिल इंडिया ने "इंटरनेशनल रिलेशन्स फॉर सिविल सर्विसेज एंड स्टेट सर्विसेज एग्जामिनेशंस" पुस्तक के द्वितीय संस्करण का लोकार्पण किया। यह पुस्तक वैश्विक विषयों की गहन समझ विकसित करने और सिविल सेवा परीक्षाओं के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के खंड में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से तैयार की गई एक व्यापक गाइड है।इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने पुस्तक का अनावरण किया। कार्यक्रम में पुस्तक के लेखक अशोक कुमार, आईपीएस सेवानिवृत्त, पूर्व पुलिस महानिदेशक, उत्तराखंड एवं कुलपति, हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, तथा डॉ. राजेश मोहन, आईपीएस, पुलिस उपायुक्त, गुरुग्राम भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में डम्मु रवि, आईएफएस, सचिव आर्थिक संबंध, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।इस अवसर पर प्रोफेसर एलोइस फिलिप्स,अकादमिक प्रोवोस्ट, साउथैम्पटन विश्वविद्यालय दिल्ली ने कहा,मैक्ग्रा हिल इंडिया और लेखकों के साथ इस पुस्तक का विमोचन हमारे लिए गर्व की बात है।

### डिजिटल तैयारियों के बावजूद एमएसएमई उत्पादकता सीमित: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) देश की आर्थिक प्रगति के मजबूत स्तंभ हैं, जो रोजगार, उत्पादन और निर्यात वृद्धि में अहम भूमिका निभाते हैं । यह क्षेत्र भारत के जीडीपी में लगभग ३० प्रतिशत, निर्यात में 45 प्रतिशत का योगदान देता है और २४ करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करता है। डेलॉइट इंडिया के एक नवीनतम अध्ययन के अनुसार, भारतीय एमएसएमई की उत्पादकता में अब भी गंभीर अंतर बना हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के एमएसएमई की उत्पादकता बड़ी कंपनियों की तुलना में केवल 18 प्रतिशत है, जबकि ओईसीडी देशों में यह 45-70 प्रतिशत के बीच है। यही अंतर भारतीय एमएसएमई की वैश्विक प्रतिस्पर्धा को सीमित करता है। भारत का एमएसएमई क्षेत्र अब भी कई संरचनात्मक और दीर्घकालिक चुनौतियों का सामना कर रहा है ख्र जिनमें औपचारिक ऋण तक सीमित पहुँच, पुरानी तकनीक, नियामकीय जटिलताएँ और बुनियादी ढाँचे से जुड़ी बाधाएँ शामिल हैं," डॉ. रुमकी मजूमदार, इकोनॉमिस्ट, डेलॉइट इंडिया ने कहा। "देश में एमएसएमई के लिए कुल 30 लाख करोड़ रुपये का क्रेडिट गैप है, जो कुल मांग का लगभग 24 प्रतिशत है। यह अंतर सेवाक्षेत्र (27%) और महिला-स्वामित्व वाले एमएसएमई (35%) में और अधिक है, जिससे इनके विस्तार और विकास की संभावनाएँ सीमित होती हैं। गैर-महानगर क्षेत्रों में स्थित एमएसएमई इन चुनौतियों से सबसे अधिक प्रभावित हैं, जहाँ संसाधनों और वित्तीय पहुँच की कमी अधिक होती है।

### प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सर्दी के मौसम के साथ बढ़ते जहरीले धुएं को रोकने के लिए सख्ती शुरू हो गई है। १९ अक्तूबर से लागू हुए ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान -२ के तहत अब तक २०,००० से ज्यादा गाड़ियों पर प्रदूषण नियम तोड़ने पर चालान काटे जा चुके हैं। इनमें ज्यादातर चालान उन गाड़ियों के हैं जिनके पास वैध पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट नहीं था। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त सत्यवीर कटारा ने बताया, ष्यह एक बड़े स्तर की चेकिंग ड्राइव है। अब तक २०,००० से ज्यादा चालान किए गए हैं और हर चालान पर १०,००० रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

## कपिल मिश्रा ने किया 'इंद्रप्रस्थ एंथम' का लोकार्पण'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर पुराना इंद्रप्रस्थ किला में दिल्ली सरकार एवं द्रौपदी ड्रीम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में 'ग्रैंड कल्चरल इवनिंग एंड लॉन्च ऑफ इंद्रप्रस्थ एंथम' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने 'इंद्रप्रस्थ एंथम' का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में हरीश भिमानी "मैं समय हूँ", बी. आर. चोपड़ा की महाभारत), डॉ. वाई. एस. रावत (महानिदेशक, पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग), पद्मश्री के. के. मुहम्मद और नीरा मिश्रा (संस्थापक एवं अध्यक्ष, द्रौपदी ड्रीम ट्रस्ट) जैसे विशिष्ट अतिथियों ने उपस्थिति दर्ज की।सांस्कृतिक संध्या में "श्रीकृष्ण-द्रौपदी संवाद ख्र डिकोडिंग महारानी द्रौपदी" नामक विशेष कथक नृत्य-नाट्य भी प्रस्तुत किया गया।

# डेंगू मलेरिया के केस छिपा रही भाजपा सरकार: अंकुश नारंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण और मौसमी बीमारियों को लेकर भाजपा की सरकार पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के चारों इंजन मिलकर भी दिल्ली में प्रदूषण और मौसमी बीमारियों पर काबू पाने में नाकाम हैं। साथ ही, दिल्ली में डेंगू-मलेरिया का आतंक भी बढ़ा है। भाजपा की एमसीडी द्वारा ६ अक्टूबर के बाद ३ नवंबर को जारी रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि दिल्ली में डेंगू के ३००, मलेरिया के २०० और चिकनगु. निया के ६० नए मामले सामने आए, जबकि डेंगू से दो लोगों की मौत भी हुई। अगर भाजपा सरकार ने समय रहते एमटीएस कर्मचारियों की हड़ताल को खत्म कराया होता तो दिल्ली में डेंगू-मलेरिया के इतने मामले नहीं बढ़ते।

अंकुश नारंग ने कहा कि प्रदूषण के आंकड़े छिपाने के बाद अब भाजपा सरकार ने डेंगू, मलेरिया और चिकनगु. निया जैसी वेक्टर-जनित बीमारियों की रिपोर्ट भी दबा दी है। तीन हफ्ते बाद जारी की गई ३ नवंबर तक की रिपोर्ट से पहले ६ अक्टूबर की आई रिपोर्ट थी। यानी, भाजपा ने एक पूरे महीने की रिपोर्ट गायब कर दी। इस दौरान डेंगू के ३००, मलेरिया के २०० और चिकनगु. निया के ६० नए मामले सामने आए। यह पांच सालों में अब तक का सबसे ज्यादा आंकड़ा है। अंकुश नारंग ने कहा कि भाजपा के पास इन बीमारियों को रोकने का न तो कोई प्लान है, न रणनीति और न ही कोई जागरूकता अभियान ही है। ऊपर से आंकड़े भी छिपा रहे हैं। उन्होंने आम आदमी पार्टी शासन का जिक्र करते हुए याद दिलाया कि अरविंद केजरीवाल '१० हफ्ते, १० मिनट, १० रविवार' अभियान चलाते थे, जिसमें जनता को जागरूक किया जाता था, जिसमें वे पौधों में एकत्र पानी हटाना, बाल्टियों को बार-बार खाली करना, टैंकों में लार्वा न पनपने देना सीखते थे। लेकिन भाजपा की दिल्ली सरकार और एमसीडी ने एक भी अभियान नहीं चलाया।

# भारतीय विद्या भवन का 87वां स्थापना दिवस समारोह 7 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय विद्या भवन, दिल्ली केंद्र ने अपना ८७वां स्थापना दिवस मनाने के लिए एक भव्य 17वें संगीत समारोह का आयोजन किया है। यह समारोह शुक्रवार, 7 नवंबर 2025 को कमानी ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में सायं 6 बजे से आयोजित होगा। इस अवसर पर भारतीय विद्या भवन द्वारा प्रदान किया जाने वाला प्रतिष्ठित सम्मान ष्भवन संगीत शिखर सम्मानष् भी प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य के क्षेत्र में विशिष्ट एवं आजीवन योगदान देने वाले कलाकार को समर्पित है। इस वर्ष के संगीत समारोह में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को प्रस्तुत करने वाली दो विशेष नृत्य प्रस्तुतियाँ होंगी विदुषी मधुलिता मोहापात्रा अपनी सहकलाकार साहना आर. मैया और पारिधि जोशी के साथ ओडिसी नृत्य प्रस्तुत करेंगी, जिसका विषय है ष्भाव और भक्तिः श्रद्धा के पावन पदचिह्न। विदूषी विधा लाल कथक नृत्यकी प्रस्तुति देंगी। उनके साथ संगत में रहेंगे शुहेब हसन (स्वर), हिरेन चाटे (तबला), आशीष गंगानी (पखावज) और आमिर खान (सरंगी)। कार्यक्रम की अध्यक्षता बनवारीलाल पुरोहित, ट्रस्टी एवं उपाध्यक्ष, भारतीय विद्या भवन तथा अध्यक्ष, दिल्ली केंद्र करेंगे, जबकि न्यायमूर्ति नितिन वासुदेव सां. बरे, न्यायाधीश, दिल्ली उच्च न्यायालय, मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाएँगे।



**पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा 'इंद्रप्रस्थ एंथम' का लोकार्पण करते हुए।**

# राष्ट्र उत्थान यात्रा के लिए दिया समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भीम ब्रिगेड ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राष्ट्रीय सैनिक संस्था एनसीआर के सहयोजक राजीव जोली खोसला ने आज शास्त्री की मी 7 तारीख को दिल्ली के ऐतिहासिक छतरपुर मंदिर जिसका निर्माण ब्राह्मण संत नागपाल जी ने करवाया से 16 तारीख तक वृंदावन यात्रा के लिए समर्थन दिया । खोसला ने कहा कि आदरणीय बागेश्वर धाम के प्रसिद्ध कथावाचक श्री धीरेंद्र शास्त्री जी राष्ट्र उत्थान के लिए यात्रा कर रहे हैं जिनका प्रमुख संकल्प मां यमुना का शुद्धिकरण हो । भारत हिंदू राष्ट्र को घोषित हो, गौ माता राष्ट्र माता घोषित हो ,भव्य श्री कृष्ण जन्म भूमि मंदिर हो, ब्रिज परिसर को पूर्ण स्वरूप प्राप्त हो, अवैध धर्मांतरण एवं लव जिहाद बंद हो, और सामाजिक समरसता हो सभी



भारत और सनातनी प्रेमी बागेश्वर सरकार की यात्रा को हर प्रकार से समर्थन दे रहे हैं। खोसला द्वारा १२ गरम दल क्रांतिकारी वीरों की तस्वीर वाली घड़ी भी दी और शास्त्री जी से कहा कि हम सबको भी इनको नमन करना चाहिए जिन्होंने भारत माता को आजाद कराया चाहे वह चंद्रशेखर आजाद हो, अशफाक उल्ला खा हो ,भगत सिंह हो, राजगुरु हो, सुखदेव हो, नेताजी सुभाष चंद्र बोस हो, झांसी की रानी हो, लाला लाजपत राय हो, उधम सिंह हो, करतार सिंह सराभा हो, खुदीराम बोस हो, मंगल पांडे य बाल गंगाधर तिलक हो सभी ने एकजुट होकर अपनी भारत माता को आजाद करने के लिए जान न्योछावर कर दी।

# शेफाली वर्मा ने राजिन्दर सिंह महाराज से आशीर्वाद लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट की प्रसिद्ध खिलाड़ी शेफाली वर्मा, जिन्होंने 2 नवंबर, 2025 को नवी मुंबई में हुए विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका पर भारत की शानदार जीत में 87 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली और दो विकेट लिए। उन्हें इसके लिए "प्लेयर ऑफ द मैच" भी चुना गया।

अपने इस शानदार प्रदर्शन के बाद वो दिल्ली में अपने आध्यात्मिक गुरु संत राजिन्दर सिंह जी महाराज से मिलीं। विजयी भारतीय टीम जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने नई दिल्ली पहुँचीं, तो उसके बाद २१ वर्षीय शेफाली वर्मा अपने परिवार के साथ विजय नगर स्थित कृपाल आश्रम गईं, जहाँ उन्होंने सावन कृपाल रूहानी मिशन और साईंस ऑफ स्पिरिचुअलिटी के प्रमुख तथा



विश्व-प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु संत राजिन्दर सिंह जी महाराज से उनका दिव्य आशीर्वाद प्राप्त किया। शेफाली वर्मा और उनका परिवार लंबे समय से आध्यात्मिक गुरु के अनुयायी रहे हैं और हर टूर्नामेंट से पहले उनका आशीर्वाद लेते हैं। शैफाली वर्मा ने अपने जीवन में "ध्यान-अभ्यास और आध्यात्मिकता" की भूमिका पर जोर दिया और बताया कि कैसे यह उन्हें क्रिकेट के मैदान पर स्थिर और केंद्रित रखता है। शैफाली वर्मा ने संत राजिन्दर सिंह जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करने के पश्चात कहा कि, "वे मेरे हमारे मार्गदर्शक हैं। मैं हर टूर्नामेंट से पहले उनका आशीर्वाद लेती हूँ और ध्यान-अभ्यास, नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिकता की उनकी शिक्षाओं ने मेरे समग्र विकास में मदद की है। एक अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी होने के नाते, इससे मुझे अच्छे प्रदर्शन करने के दबाव को बेहतर ढंग से संभालने में मदद मिलती है।"

संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने शेफाली वर्मा को आशीर्वाद दिया और उसके भविष्य के प्रयासों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए अपनी शुभकामनाएँ दीं। आध्यात्मिक गुरु ने कहा कि, "ध्यान-अभ्यास और दृढ़ता के साथ, व्यक्ति जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकता है, चाहे वह क्रिकेट हो या आध्यात्मिकता।" उन्होंने देश को गौरवान्वित करने में शेफाली वर्मा के अथक प्रयासों की प्रशंसा की और उन्हें भविष्य में भी अच्छा प्रदर्शन करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

# फ्लैगशिप क्लब लांच किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अमेरिका के फिटनेस ब्रांड क्रंच फिटनेस ने भारत में अपनी एंट्री की घोषणा करते हुए नोएडा में अपना पहला फ्लैगशिप क्लब लॉन्च किया। इस मौके पर जॉन केर्श, मैनेजिंग डायरेक्टर - इंटरनेशनल डेवलपमेंट और रॉड बेनर, वाइस प्रेसिडेंट - इंटरनेशनल ऑपरेशंस विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।भारत में क्रंच फिटनेस का नेतृत्व तीन अनुभवी फिटनेस लीडर्स कर रहे हैं डॉ. उमेश कंसल (मैनेजिंग डायरेक्टर), निखिल कक्कड़ (सीईओ) और तानिया (सीएमओ)। इनका उद्देश्य है भारत में फिटनेस को एक नए स्तर पर ले जाना, जहाँ फिटनेस के साथ-साथ वेलनेस और रिकवरी को भी समान महत्व दिया जाए। "हम सिर्फ जिम नहीं बना रहे हैं, हम एक ऐसी कम्युनिटी बना रहे हैं जहाँ फिटनेस मजेदार और प्रेरणादायक हो," कहा निखिल कक्कड़, सीईओ, क्रंच फिटनेस इंडिया ने। 1989 में न्यूयॉर्क के ग्रीनविच विलेज में शुरू हुआ क्रंच फिटनेस आज दुनिया भर में 500 से अधिक क्लबों के साथ "नो जजमेंट्स" की फिलॉसफी पर चलता है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# सपा ने किया मासिक बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी की जिला एवं महानगर की मासिक बैठक का आयोजन समाजवादी पार्टी कार्यालय आरडीसी पर किया गया। मासिक बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एवं महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव के द्वारा की गई बैठक में स्नातक एवं शिक्षक MLC चुनाव के प्रभारी राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ भुवन भास्कर जोशी उपस्थित रहे।



बैठक का मुख्य एजेंडा शिक्षक एवं स्नातक MLC चुनाव की वोट बनवाने एवं मतदाता फॉर्म जमा करने का रहा है और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश अनुसार सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं नेतागण अपने बूथ पर PDA प्रहरी के रूप में वोटों की निगरानी करेंगे, जिसके लिए सभी को अपने-अपने बूथ पर BLA2 बनने का निर्देश दिया गया। जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन के द्वारा सभी को अपने बनाए गए शिक्षक और स्नातक वोटों की सूची देने का निर्देश दिया गया।

प्रभारी डॉ भुवन भास्कर जोशी ने कहा जो नेता लिए गए फॉर्म नहीं जमा कर रहे है उनके नाम प्रदेश कार्यालय भेजे जाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट जिला महासचिव नितिन त्यागी महानगर महासचिव राजन कश्यप राष्ट्रीय सचिव प्रोफेसर भुवन जोशी भास्कर महानगर उपाध्यक्ष मनोज पंडित महानगर उपाध्यक्ष गुलाब यादव प्रदेश महासचिव महिला सभा मधु चौधरी सरवन कुमार त्यागी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कर्मवीर सिंह जाटव प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अल्पसंख्यक सभा जिला अध्यक्ष नूर हसन चौधरी यूथ ब्रिगेड जिला अध्यक्ष इरफान अहमद चौधरी छात्र सभा पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष त्यागी छात्र सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश बंसल साहिबाबाद विधानसभा अध्यक्ष अवतार सिंह दीपक शर्मा आदिल लाल ताहिर हुसैन प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ सैनिक प्रकोष्ठ महानगर अध्यक्ष कैप्टन सतपाल सिंह यादव जितेंद्र यादव जिला उपाध्यक्ष उमेश कश्यप वीरेंद्र यादव बिन्नू मोहम्मद अब्बास हैदर महानगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा किशन कुमार यादव विमलेश यादव लाल सिंह यादव खोड़ा नगर अध्यक्ष जितेंद्र जाटव आशु अब्बासी राजवीर सिंह गौतम जिला अध्यक्ष एससी प्रकोष्ठ विवेक त्यागी महानगर अध्यक्ष लोहिया वाहिनी देवदत्त धामा मोदी नगर विधानसभा अध्यक्ष बाबा खान लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष असलम कुरैशी सुमित बंसल फिरोज चौधरी गुल मोहम्मद मंसूरी अंशुल त्यागी सद्दाम रिजवान चौधरी आशु चौधरी उपस्थित रहे।

# व्यापारियों ने पार्षद पर लगाया आरोप, विरोध प्रदर्शन भी किया



**गाजियाबाद।** जवाहर गेट व्यापार समिति के अध्यक्ष गुलशन माकन ने नगर निगम और पार्षद राजीव शर्मा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। गुलशन माकन के अनुसार, गत 4 नवंबर को सुबह करीब 9:30 बजे नगर निगम का बुलडोजर उनकी समिति के दो सदस्यों – कुमकुम जग्गी और अनिल कुमार – के खोखों को तोड़ने पहुंचा। मौके पर पार्षद राजीव शर्मा अपने समर्थकों और सफाई नायक जितेंद्र के साथ मौजूद थे।

गुलशन माकन ने बताया कि जब उन्होंने तोड़फोड़ का कारण पूछा तो उनसे धक्का-मुक्की की गई। वीडियो बनाने पर दुकानदारों आयुष मित्तल और आसीम को पीटा गया और सिटी जोन कार्यालय में जबरन बंद कर मारपीट की गई। बाद में पुलिस ने दोनों को छुड़ाया, लेकिन अब तक किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। व्यापारियों का कहना है कि नगर निगम की भूमि खसरा नंबर 704 से 708 पर वर्ष 2005 से खोखे लगे हैं, और निगम खुद इन्हें किराएदार मानता है। वर्ष 2022 में खाद्यान्न व्यापारियों ने उक्त भूमि को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में वाद संख्या 2146 दायर किया था, जिसमें निगम ने लिखित में कहा था कि खोखे वालों से उसे कोई आपत्ति नहीं है।

फिर भी निगम द्वारा कार्रवाई न करना और बार-बार खोखों को तोड़ने की कोशिशें सवाल खड़े कर रही हैं। गुलशन माकन का आरोप है कि पार्षद और कुछ भ्रष्ट अधिकारी मिलीभगत से खाद्यान्न व्यापारियों के हित में काम कर रहे हैं। उन्होंने अपनी जान- माल की सुरक्षा और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# मॉल में डांस कर रही दिल्ली की लड़कियों से छेड़छाड़

**गाजियाबाद।** कौशांबी थानाक्षेत्र स्थित एक क्लब में छह युवतियों के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। विरोध पर आरोपियों ने धमकी दी और रोकने पर बाउंसरों को पीटा। दो नवंबर की रात को हुई घटना में डीजीपी कार्यालय से संज्ञान लेने के बाद रिपोर्ट दर्ज की गई। बताया जाता है कि दिल्ली में रहने वाली छह युवतियां दो नवंबर को कौशांबी थानाक्षेत्र के एक मेगा मॉल आई थीं। युवतियां मॉल के पब्लिक हाउस क्लब में गईं, तो वहां पहले से कुछ लोग मौजूद थे। शिकायतकर्ता युवती ने बताया कि वह अपनी दोस्तों के साथ डांस कर रही थीं, इसी दौरान पांच-छह युवकों ने उन्हें घेर लिया। युवक उनके साथ गलत हरकत करने लगे। विरोध करने पर छेड़छाड़ की। युवतियों ने बाउंसरों को इस बारे में बताया तो आरोपियों को रोकने का प्रयास किया गया। आरोप है कि युवकों में से एक ने कहा कि उसका नाम प्रवीन मिश्रा है और वह पत्रकार है। उसका कहा नहीं माना तो क्लब बंद करा देगा। बाउंसरों ने उसे शांत कराने का प्रयास किया तो आरोपी ने अपने साथियों संग मिलकर दोनों बाउंसरों को पीटा और फरार हो गए। सूचना के बाद पुलिस पहुंची तो युवतियों ने शिकायत दी। आरोप है कि मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई थी। इसके बाद पीड़िता ने सोशल मीडिया पर पोस्ट की। डीजीपी कार्यालय ने संज्ञान लेकर स्थानीय पुलिस से पूछताछ की, जिसके बाद प्रवीन मिश्रा और उसके पांच साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# गुरु नानक जयंती के अवसर पर वेव सिटी में किया कीर्तन व भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** वेव सिटी में गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के शुभ अवसर को भक्ति, एकता और आध्यात्मिक सद्भाव के साथ मनाया ये कार्यक्रम वेव सिटी बिक्री कार्यालय में आयोजित किया गया था और उत्सव के मुख्य आकर्षण में धन धन साहिब श्री गुरु नानक देव जी महाराज को समर्पित एक विशेष कीर्तन समागम (विशेष भक्ति मण्डली) शामिल था।



उत्सव की शुरुआत सुबह 10:00 बजे से 11:30 बजे तक पथ श्री सुखमनी साहिब जी के पाठ के साथ हुई, इसके बाद सुबह 11:30 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक शबद कीर्तन और दोपहर 12:15 बजे तक अरदास हुई। दोपहर 12:30 बजे तक. कीर्तन का नेतृत्व भाई जगदीप सिंह (बंगला साहिब) ने किया। जिन्होंने शांति, करुणा और निस्वार्थ सेवा का दिव्य संदेश साझा किया। आध्यात्मिक मण्डली के बाद, दोपहर 12:30 बजे गुरु का लंगर परोसा गया, जिससे भक्तों और आगंतुकों को समानता, एकता और विनम्रता के प्रतीक पवित्र सामुदायिक भोजन में भाग लेने का अवसर मिला।

उत्सव के बारे में बोलते हुए सी.जे सिंह वेव सिटी के सीओओ ने कहा कि वेव सिटी में, हमने हमेशा एक ऐसे समुदाय के पोषण में विश्वास किया है जो भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाता है गुरु नानक जयंती का उत्सव गहरी श्रद्धा और चिंतन का क्षण था, जो हमें गुरु की करुणा, समानता और सभी के प्रति सेवा की शाश्वत शिक्षाओं की याद दिलाता है। यह देखकर खुशी हुई कि शांति और एकजुटता का अनुभव करने के लिए सभी लोग एक साथ आए, जो वास्तव में गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं के सार को परिभाषित करता है।

गुरुपर्व उत्सव एक धार्मिक आयोजन से कहीं अधिक था, क्योंकि वेव सिटी इसे साझा मानवता और पारस्परिक सम्मान का प्रतीक बनाना चाहता था। सांस्कृतिक समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए वेव सिटी की प्रतिबद्धता समुदाय के नेतृत्व वाले समारोहों के लिए एक मॉडल के रूप में खड़ी हुई, जिसने सामाजिक बंधनों को मजबूत किया और लोगों को खुशी के क्षणों और चुनौतीपूर्ण समय दोनों के माध्यम से सहानुभूति और एकजुटता के साथ रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

# बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में नन्हें खिलाड़ियों ने दिखाया जोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कंपोजिट विद्यालय करहैड़ा में 36वीं नगर स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ओ.पी. यादव जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद विजेन्द्र चौहान, खंड शिक्षा अधिकारी विश्वजीत राठी, शिक्षक संघ महानगर अध्यक्ष अमित गोस्वामी, मंत्री लईक, वरिष्ठ मंत्री राजबहादुर सिसोदिया तथा वरिष्ठ समाजसेवी काजल छिब्बर (संस्थापिका साथी फाउंडेशन) उपस्थित रहे।




कार्यक्रम में नगर के समस्त व्यायाम शिक्षकों, खेल अनुदेशकों एवं विद्यालयों के शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। प्रतियोगिता में बालक वर्ग प्राथमिक स्तर पर 50 मीटर में रोहन प्रथम, 100 मीटर में अंकित प्रथम, 200 मीटर में शनिदेव प्रथम, 400 मीटर में लवकुश प्रथम तथा लंबी कूद में युग प्रथम रहे। बालिका वर्ग प्राथमिक स्तर पर 50 मीटर में मनीषा, 100 मीटर में भूमि, 200 मीटर में वैष्णवी, 400 मीटर में रूही तथा लंबी कूद में अंशु प्रथम स्थान पर रहीं। जूनियर स्तर बालक वर्ग में 100 मीटर में करण, 200 व 400 मीटर में दिवाकर, 600 मीटर में सुमित, लंबी कूद में करण, ऊँची कूद में अयान तथा गोला फेंक में आलोक प्रथम रहे। जूनियर स्तर बालिका वर्ग में 100 मीटर में अंजलि, 200 मीटर में चांदनी, 400 मीटर में खतीजा, 600 मीटर में करीना, लंबी कूद में निशा, ऊँची कूद में माही तथा गोला फेंक में गुंजन प्रथम स्थान पर रहीं।

टीम प्रतियोगिताओं में प्राथमिक स्तर खो-खो बालक एवं बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय सिकरोड़, प्राथमिक कबड्डी में करहैड़ा, जूनियर कबड्डी में कंपोजिट विद्यालय बिहारीपुर तथा जूनियर खो-खो में कंपोजिट विद्यालय करहैड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को पूर्व पार्षद विजेन्द्र चौहान एवं साथी फाउंडेशन की संस्थापिका काजल छिब्बर द्वारा मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिले एवं ब्लॉक स्तर के व्यायाम शिक्षकों तथा खेल अनुदेशकों ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में जिला व्यायाम शिक्षक डॉ. राज. कुमार ने सभी अतिथियों, सहयोगियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा मंच संचालन का दायित्व पूनम शर्मा ने कुशलता से निभाया।

# ओयो होटल में मिला युवक का शव, मचा हड़कंप

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम क्षेत्र में उस समय हड़कंप फैल गई जब एक युवक का शव होटल के कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिला। यह दर्दनाक घटना शक्ति खंड-3 स्थित वन मॉल के पास बने ओयो होटल की है। मृतक की पहचान मेरठ निवासी रजत प्रताप सिंह भाटी (27 वर्ष) के रूप में हुई है, जो नोएडा की एक निजी कंपनी में कार्यरत था।




जानकारी के अनुसार, रजत मंगलवार रात होटल के कमरे नंबर 203 में ठहरा था। बुधवार सुबह जब वह काफी देर तक बाहर नहीं आया तो होटल स्टाफ ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। संदेह होने पर कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी और दरवाजा तोड़ा गया। अंदर का दृश्य देखकर सभी दंग रह गए- रजत पंखे से लटका हुआ था।मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के दौरान कमरे से लैपटॉप, मोबाइल फोन और शराब की बोतल बरामद की है। प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का लग रहा है। पुलिस का कहना है कि कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था, जिससे किसी बाहरी हस्तक्षेप की संभावना कम है। सूत्रों के मुताबिक, रजत कुछ समय से मानसिक तनाव में था और शराब का सेवन करता था। पुलिस उसके लैपटॉप और फोन की जांच कर रही है ताकि मौत के कारणों का खुलासा हो सके। साथ ही होटल के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। रजत के घर मातम का माहौल है, माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्य रो-रोकर बेहाल हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच जारी है।

# कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर किया भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कार्तिक पूर्णिमा के पावन दिवस पर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ट्रांस हिंडन साहिबाबाद के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया साइट-4 स्थित देवी माता मंदिर पर हवन-पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सचिन चौधरी सचिव, महानगर महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा संदीप चौधरी, इंद्रवीर सिंह, रविंदर कपूर, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

## पढ़ाई के लिए मम्मी ने डांटा, तो घर से भाग गई 6 साल की बच्ची, गड्ढे में मिली लाश

**गाजियाबाद।** टीलामोड़ थाना क्षेत्र के इरशाद गार्डन में रहने वाले साहिबे आलम की बड़ी बेटी शाहीना (6) का शव चार नवंबर की शाम क्षेत्र में स्थित प्लॉट में बने गड्ढे में पड़ा मिला। बच्ची तीन नवंबर की शाम घर से निकलकर लापता हो गई थी। चार नवंबर की दोपहर करीब एक बजे तक बच्ची का कुछ पता नहीं चला तब परिजनों ने पुलिस से शिकायत की। शाम को पांच बजे शव मिलने के बाद पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया। बच्ची के पिता साहिबे आलम ने बताया कि उनके तीन बच्चे हैं। शाहीना सबसे बड़ी थी।

# कौशांबी में लगवाए गए नए पोल व लाइटें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** कौशांबी स्थित श्री राम चौक के पास गंगा टावर के पीछे क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल के प्रयासों द्वारा नगर निगम ने नए पोल और लाइट लगवा दी गई है। जिसका शुभारंभ गंगा टावर के अध्यक्ष एस वी सिंह द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया। इस अवसर पर डॉ मनोज गोयल द्वारा बताया गया कि कौशांबी कॉलोनी की स्थापना से आज तक यहां पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं थी अंधेरा होने के कारण आए दिन दुर्घटना होती रहती थी।



आम आदमी का निकलना वहां से मुश्किल था एक तरफ शराब का ठेका और लंबे समय से खाली पड़ी बिल्डिंग जिसके कारण आए दिन कोई दुर्घटना होती रहती है अंधेरे के कारण वहां से लोगों का निकलना मुश्किल था इसी समस्या को देखते हुए क्षेत्रीय कुसुम गोयल द्वारा इस समस्या का समाधान के लिए नगर निगम में महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक को अवगत कराया पार्षद द्वारा इस कार्य को करने के लिए इन दोनों का धन्यवाद किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में कौशांबी के जागरूक नागरिको द्वारा इस शुभ कार्य में भाग लिया जिसमें प्रमुख रूप से करवा के महासचिव विनय महेश्वरी कौशांबी वेलफेयर एसोसिएशन महासचिव शोभा रानी बरनवाल जयपुरिया के अध्यक्ष के एल सचदेवा करवा के पूर्व अध्यक्ष नागेंद्र विजय वर्गीय समाजसेवी एस आर सिंह पप्पू चौपाल से राकेश जाकेतिया पवन गुप्ता गौरव वर्मा मनीष जैन भाजपा के वरिष्ठ नेता अवधेश कटियार मंडल मंत्री कामिनी भदोरिया भाजपा नेत्री रेनू मल्होत्रा पूजा मेहरा नीता जैन अमिताभ सिन्हा नरेंद्र सिंह राज शर्मा जसपाल सिंह मुदित अशोक गर्ग राजेंद्र गोयल अमिता जैन अजय जैन सोनम राय अजय गुप्ता सरिता गुप्ता साधना मिश्रा सुदेश गर्ग ओंकार शर्मा अजय राणा गोविंद सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# आईटीएस में ट्रैफिक पुलिस के लिए मैनेजमेंट डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट मोहन नगर में ट्रैफिक पुलिस हेतु मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, अतिरिक्त डीसीपी सच्चिदानंद सिंह, आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक डॉ अजय कुमार, आईटीएस के निदेशक डॉ सुनील कुमार पाण्डे, प्रो याचना मल्होत्रा एवं प्रो शिल्पी राणा द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ संपन्न किया गया।

इस सत्र का संचालन प्रो. याचना मल्होत्रा एवं प्रो. शिल्पी राणा द्वारा किया गया, जो न केवल कुशल शिक्षिका हैं, बल्कि प्रेरणादायी मोटिवेशनल स्पीकर भी हैं। अर्पित चड्ढा, वाइस चेयरमैन, आई.टी.एस द एजुकेशन ग्रुप ने संबोधित करते हुए कहा कि ट्रैफिक पुलिस शहर की "ऑक्सीजन" के समान आवश्यक, निरंतर एवं जीवनदायिनी है।

उन्होंने कहा कि किसी भी संस्था की प्रगति का आधार टीमवर्क होता है और ट्रैफिक पुलिस शहर की सुचारु व्यवस्था की रीढ़ है। तदुपरांत सच्चिदानंद सिंह, उप-पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक), गाजियाबाद ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ट्रैफिक पुलिस अधिकारी विभाग की कार्यप्रणाली एवं सार्वजनिक सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



उन्होंने बताया कि गाजियाबाद शहर में 20 स्मार्ट ट्रैफिक बूथ स्थापित करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है, जिससे ट्रैफिक प्रबंधन को दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के मानकों के अनुरूप लाया जा सके। उन्होंने आयोजन टीम की सराहना करते हुए डॉ. अजय कुमार से अनुरोध किया कि अगले चरण में कम-से-कम 100 अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जाए, जिससे निरंतर क्षमता-विकास को बढ़ावा मिल सके। विशिष्ट अतिथि श्री त्रिगुण बिशन, डीसीपी, ट्रैफिक गाजियाबाद ने इस कार्य क्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की और सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित कर उन्हें नए माहौल में व्यावहारिक और आत्मिक विकास के लिए प्रेरित किया।

आई टी एस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा ने इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दी और प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभ कामनाएं दी। पूर्वाह्न सत्र 'स्वयं नियंत्रण एवं जन-संपर्क तकनीक' पर आयोजित किया गया।

इस सत्र में भावनात्मक अनुशासन, सार्वजनिक संवाद की प्रभावशीलता, एवं तनाव प्रबंधन पर चर्चा हुई। अधिकारियों को ड्यूटी के दौरान आने वाले व्यवहारिक तनावों को समझने, शांत रहने, धैर्य एवं मानसिक संतुलन बनाए रखने की तकनीकें सिखाई गईं। अपराह्न सत्र 'चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का रखरखाव' विषय पर आयोजित किया गया। इस सत्र में दृढ़ता निर्माण, शारीरिक फिटनेस, पोषण, और गैर-मौखिक संप्रेषण की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। अधिकारियों को लंबे ड्यूटी घंटों में सतर्कता बनाए रखने, मौसम की विपरीत परिस्थितियों में स्वास्थ्य की रक्षा करने, तनाव कम करने हेतु लघु व्यायाम एवं भूमिका- निर्धारण जैसी तकनीकें सिखाई गईं।

साथ ही व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जीवन के संतुलन पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम का समापन प्रतिबिंब एवं प्रतिक्रिया सत्र से हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए। प्रमाण पत्र वितरित किए गए, सामूहिक फोटो सत्र हुआ, और अंत में निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय कुमार ने प्रेरणादायक समापन संबोधन दिया।

# किशोरी ने कमरे में आत्मदाह किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रनहौला इलाके में एक किशोरी ने मानसिक रूप से परेशान होकर खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाकर आत्मदाह कर दिया। पुलिस को मौके पर से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मृतक किशोरी के परिजनों आदि से पूछताछ कर कारणों के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि १७ साल की किशारी परिवार के साथ विकास नगर,रनहौला इलाके में रहती थी। वह विकास विहार स्थित सरकारी स्कूल में ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा थी। बीते मंगलवार सुबह राठी अस्पताल से रनहौला पुलिस को जानकारी मिली थी कि विकास नगर की रहने वाली एक किशोरी को जली हालत में लाया गया है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। डॉक्टरों ने किशोरी की हालत देखकर उसको एम्स रेफर कर दिया था। प्रारंभिक जांच से पता चला कि वह रात में अपने घर की तीसरी मंजिल पर अकेली सो रही थी और सुबह उसकी बहन ने उसे जली हुई हालत में पाया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना वाली जगह से पुलिस ने क्राइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। मौके पर से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है और अभी तक किसी गड़बड़ी की बात सामने नहीं आई है। स्कूल के शिक्षकों और स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

# कमला नेहरू व गार्गी कॉलेज में तीन दिवसीय युवा सम्मेलन 7 से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत के संविधान की आत्मा और उसकी वर्तमान प्रासंगिकता पर युवाओं, बुद्धिजीवियों तथा परिवर्तनकर्ताओं के बीच सार्थक संवाद स्थापित करने के लिए युवा सम्मेलन विमर्श २०२५ 'संविधान : द सोल ऑफ भारत' का तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है।

यह सम्मेलन दिल्ली विवि के कमला नेहरू कॉलेज एवं गार्गी कॉलेज में ७ से ९ नवंबर तक आयोजित होगा। तीन दिनों के इस आयोजन में विचार-सत्र, कार्यशालाएं, प्रदर्शनी, पुस्तक चर्चा, पैनल इंटरैक्शन, थीमैटिक स्टॉल, ओपन माइक, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, डॉक्यूमेंट्री स्क्रीनिंग और कलाकार संध्या जैसी विविध गतिविधियां शामिल होंगी। डॉ. मीनू रानी ने बुधवार को पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि विमर्श कार्यक्रम की शुरुआत २०१६ में भारतीय मूल्यों पर विद्यार्थियों के संवाद के रूप में हुई थी। शुरू में १०० लोगों के साथ प्रारंभ हुआ यह आयोजन आज हजारों युवाओं से जुड़ चुका है।

उन्होंने कहा मीडिया और विधि (लॉ) के माध्यम से युवाओं से जुड़ते हैं। यूनिट का कार्यक्रम श्भारत पूर्वश के नाम से मनाया जाता है, जबकि एनसीडब्ल्यूईबी का शरितमश के माध्यम से।

डॉ. मीनू रानी ने कहा कि युवाओं का कार्य केवल विमर्श तक सीमित नहीं, बल्कि समाज में परिवर्तन लाना है। निरंतर उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए युवाओं को प्रेरित करना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि यह सम्मेलन जियो-पॉलिटिक्स, जेंडर, कल्चर और आर्थिक स्थिति जैसे मुद्दों पर बड़े-बड़े विशेषज्ञों के साथ जुड़ने का सुनहरा अवसर है। सभी को इसमें भाग लेना चाहिए ताकि भारतीय युवा अपनी दिशा मजबूत कर सकें।

वहीं, डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी ने सम्मेलन की आवश्यकता पर कहा कि जब युवा सब कुछ कर रहे हैं, तब भी विमर्श क्यों? क्योंकि मिलकर काम करने के बाद भी एक मंच की जरूरत है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में युवा अपनी सही दिशा पहचान सकें, इसके लिए यह अनिवार्य है।

## हवा में मामूली सुधार, आंकड़ों में गुणवत्ता खराब

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में सर्दी के मौसम में प्रदूषण का स्तर बढ़ने लगा है, लेकिन मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) ज्यादातर इलाकों में श्मॉडरेटश श्रेणी (१००-२००) में रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के ताजा आंकड़ों के अनुसार, शहर का औसत AQI १७२ के आसपास दर्ज किया गया, जो श्अनहेल्दी फॉर सेंसिटिव ग्रुप्सश की सीमा को दर्शाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि कम हवा की गति और पड़ोसी राज्यों से आने वाले धुंध के कारण प्रदूषण जमा हो रहा है, लेकिन अभी तक श्पुअरश या श्सीवियरश स्तर नहीं पहुंचा।चांदनी चौक में AQI १७० दर्ज किया गया, जो सबसे ऊंचा रहा और सांस संबंधी समस्याओं वाले लोगों के लिए जोखिम भरा साबित हो सकता है। इसी तरह, शादीपुर में १६९ का स्तर देखा गया, जहां PM२.५ कणों की मात्रा सामान्य से अधिक थी।

# ई-रिक्शा की चपेट में आकर दो साल के मासूम की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बुराड़ी इलाके में मंगलवार शाम करीब दो साल के बच्चे की पानी की टंकी से भरे ई रिक्शा की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे के वक्त चालक ई रिक्शा खड़ा करके पानी देने चला गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर इलाके में पानी की व्यवस्था होती तो शायद बच्चा जिंदा होता। बुराड़ी और उसके आसपास के इलाके में पानी माफिया ई रिक्शा से घरों में पानी सालों से सप्लाई कर रहे हैं। ई रिक्शा से कई बार हादसे भी हो जाते हैं। बुराड़ी पुलिस को बीते मंगलवार शाम को उत्तराखंड कॉलोनी पार्ट-2 में दो साल के बच्चे की मौत होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस जब मौके पर पहुंची। पता चला कि अपने मायके में रहने वाली महिला का करीब दो साल का बच्चा ई रिक्शा की चपेट में आ गया था। ई रिक्शा मौके पर ही खड़ा था,जिसमे पानी से भरी कई टंकी रखी थी। पुलिस ने ई रिक्शा को कब्जें में ले लिया। पुलिस अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। शुरूआती जांच में पता चला कि ई रिक्शा चालक पानी की टंकी लेकर चाबी लगाकर ई रिक्शा को सडक किनारे खड़ा करके चला गया था। उसी वक्त मृतक बच्चे के परिवार का पांच साल का बच्चा खेलते हुए ई रिक्शा पर चढ़ गया। ड्राइविंग सीट पर हैंडल को ईधर उधर करके हुए अचानक से ई रिक्शा चलने लगा। सामने ही दो साल का बच्चा खेल रहा था।

# बाइक चालक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर रौंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आदर्श नगर इलाके में हिट एंड रन मामले में घर लौट रहे बाइक चालक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर रौंद दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। पुलिस ने घटना वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी खंगालने की कोशिश की है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक व्यक्ति की पहचान ५० साल के नौशाद अहमद के रूप में की। वह ई ब्लॉक,जहांगीरपुरी इलाके में परिवार के साथ रहता था। नौशाद डीजे बजाने का काम करता था। हादसे के वक्त वह घर लौट रहा था। बीते सोमवार रात ११ बजकर ५० मिनट पर आदर्श नगर पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि मुकुंदपुर से आजादपुर सर्विस रोड पर एक्सिडेंट हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची। क्षतिग्रस्त हालत में बाइक और हेलमेट पड़ा था। पता चला कि बाइक चालक को बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बाइक नंबर की सहायता से उसके परिवार को हादसे की जानकारी दी। जिन्होंने मोर्चरी में आकर शव की पहचान नौशाद अहमद के रूप में की।



राजधानी के बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सफाई अभियान का जायजा लेते हुए।

# संगत-पंगत परंपरा ने समाज को भाईचारे की डोर से जोड़ाः रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को श्री गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व पर पटना साहिब स्थित तख्त श्री हरमंदिर जी में अरदास की। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर इसके चित्र साझा करते हुए कहा कि संगत और पंगत की परंपरा ने समाज को समानता, विनम्रता और भाईचारे की डोर से जोड़ा है।

श्री गुरु नानक देव जी महाराज की शिक्षाएं हमें सिखाती हैं कि धर्म का सार सेवा में है और मानवता का सत्य प्रेम में। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर पटना साहिब स्थित तख्त श्री हरमंदिर जी में गुरु महाराज की वाणी का स्मरण करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक और दिव्य धरती पर कदम रखते ही हृदय श्रद्धा, शांति और आत्मिक आनंद से भर उठा। सिख गुरुओं की दिव्य शिक्षाएं सम्पूर्ण मानवता के लिए अमर प्रेरणा हैं। यह पावन स्थान श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज की स्मृतियों से जुड़ा है जिनका साहस, त्याग और धर्म के प्रति समर्पण युगों-युगों तक प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

## दो संगीन मामलों में घोषित आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की नॉर्दर्न रेंजख्र् टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे कुख्यात अपराधी नितेश दहिया उर्फ निटे को गिरफ्तार किया है। आरोपित दो संगीन मामलों अपहरण व हत्या (थाना बवाना) और दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट (थाना कंझावला) में घोषित अपराधी था। इसके अलावा गुरुग्राम पुलिस ने उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट भी जारी किया था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने बताया कि साल २०१८ में बवाना थाना क्षेत्र में एक युवक साहिल उर्फ गैब्सू के अपहरण व हत्या का मामला दर्ज हुआ था।

## रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री पर रोक

**नई दिल्ली।** अत्यधिक भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों के सुगम आवागमन को सुनिश्चित करने के लिएदिल्ली क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशनों नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन, आनंद विहार टर्मिनल और आनंद विहार हॉल्ट स्टेशनों पर ११ नवंबर २०२५ तक प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री को तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है। यह निर्णय रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के मद्देनजर लिया गया है। यह निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि इन प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों की संख्या में भारी वृद्धि देखी जा रही है। इस बढ़ती भीड़ के कारण न केवल यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता, बल्कि सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी बढ़ रही हैं।

# सफाई का महा अभियान, प्रदूषण नियंत्रण को नई गति मिली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी के बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए रेखा सरकार लगातार गंभीर व प्रभावी प्रयास कर रही है। इसी कड़ी ने पीडब्ल्यूडी के अधीन सभी सड़कों की २०० मेंटेनेंस वैन से गहराई से सफाई शुरू कर दी गई है। इस प्रभावी कार्य में सड़क क्षेत्र से मलबा हटाना, गड्ढों को प्राथमिकता से भरना, सड़क संकेतों की मरम्मत व सुधार व अन्य कार्य शामिल है। मुख्यमंत्री के अनुसार इस अभियान के लिए कड़े नियम बनाए गए हैं, साथ ही संबंधित अफसरों को व्यक्तिगत जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। उनका यह भी कहना है कि दिल्ली सरकार प्रदूषण नियंत्रण को लेकर बेहद गंभीर है और इस मसले में कोई भी कोताही बरती नहीं जाएगी। इस कार्य के अलावा पीडब्ल्यूडी की सड़कों पर लगे पेड़ों की छंटाई के लिए भी अलग से मेंटेनेंस वैन लगाई गई हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जानकारी दी कि दिल्ली के प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सरकार की ओर से लगातार प्रयास चल रहे हैं और इसके लिए सभी विभागों के बीच व्यावहारिक समन्वय चल रहा है।

इस अभियान में प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों, प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के लिए कई टीमों का गठन कर दिया गया है, साथ ही प्रदूषण के 'हॉट स्पॉट' को सामान्य बनाने के लिए लगातार कार्य चल रहा है। इसी कड़ी में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने अपनी सड़कों की गहन सफाई और धूल नियंत्रण के लिए एक विशेष अभियान शुरू कर दिया है। सभी सड़कों की राइट ऑफ वे (Right of Way) क्षेत्र में गहराई से सफाई की जा रही है। इसके लिए २०० मेंटेनेंस वैनों को और भी गहन कार्य करने की जिम्मेदारी दी गई है। प्रत्येक वैन प्रतिदिन कम से कम २०० मीटर सड़क की गहन सफाई कर रही है। इस प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए सभी जूनियर इंजीनियर और असिस्टेंट इंजीनियर को इन वैनों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राजधानी की १४०० किलोमीटर पीडब्ल्यूडी सड़कों पर यह कार्य तेज गति से चल रहा है। मेंटेनेंस वैन से सफाई के साथ-साथ जो कार्य किए जा रहे हैं, उनमें सड़कों के राइट ऑफ वे क्षेत्र में धूल हटाना तथा कर्ब चौनल और बेल माउथ आदि की सफाई, सड़क क्षेत्र से मलबा हटाना और नियमित मलबा या कचरा डंपिंग की स्थिति में एमसीडी को सूचित करना, फुटपाथ की सफाई, गड्ढों की भराई को प्राथमिकता देना, फुटपाथ और सेंट्रल वर्ज की सामान्य मरम्मत, सड़क संकेतों की मरम्मत व सुधार, टूटे या गायब लाइट फिटिंग्स, खुली वायरिंग में सुधार शमिल है।

प्रत्येक मेंटेनेंस वैन एक जेई/एई के अधीन कार्य करेगी और उनके कार्य की साप्ताहिक निगरानी वरिष्ठ अधिकारी द्वारा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने आदेश दिया है कि यह सारा मार्य ४५ दिनों के भीतर पूरा किया जाना अनिवार्य है। निर्देशों का पालन न करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह भी जानकारी दी कि पीडब्ल्यूडी सड़कों के किनारे लगे पेड़ों के भी रखरखाव को प्राथमिकता दी जा रही है।

# एमबीए छात्रा ने फंदा लगाकर खुदकुशी की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रनहौला इलाके में एमबीए के छात्र ने पंखे से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस को मौके पर से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। पुलिस परिवार वालों से पूछताछ करके खुदकुशी के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार के दिन रनहौला पुलिस को आशीर्वाद अस्पताल से जानकारी मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। पता चला कि विकास नगर के रहने वाले बीस साल के सौरभ को लाया गया था। जिसको बाद में परिजन दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले गए थे। जांच में पता चला कि सौरभ ने अपने कमरे में पंखे से चुन्नी के सहारे फंदा लगाकर खुदकुशी की है। पुलिस ने शव को कब्जे को कब्जे में लेकर संजय गांधी अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। सौरभ आईआईटीएम, सागरपुर में एमबीए का छात्र था। उसने खुदकुशी क्यों की है। परिजन भी हैरान हैं। जबकि वह पढ़ाई में भी काफी तेज था और उसने कभी भी कोई परेशानी वाली बात किसी से शेयर तक नहीं की थी। परिजनों को सौरभ द्वारा इतना बढ़ा कदम उठाने की बात भी हजम नहीं हो रही है।

## झुग्गीबस्ती में भीषण आग लाखों का सामान जला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहबाद डेयरी इलाके में बीती रात बंगाली कॉलोनी झुग्गीबस्ती में भीषण आग लग गई। लोगों ने किसी तरह से अपनी जान बचाई। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ,मगर लाखों का सामान पूरी तरह से जल गया। दमकलकर्मियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस मामला दर्ज करके आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शाहबाद डेयरी पुलिस को बीती रात करीब तीन बजे बंगाली कॉलोनी झुग्गीबस्ती में आग लगने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। सभी को किसी तरह से बाहर निकाला। दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। सर्च ऑपरेशन में जला हुआ सामान ही पड़ा मिला।



सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह जाकिर बाग, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी से ह्यूमैनिटी फर्स्ट एम्बुलेंस सेवा के शुभारम्भ करते हुए।

# दिल्ली निर्माण में सहकारिता क्षेत्र की होगी अग्रणी भूमिका : रविन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सहकारिता बैंकिंग व अन्य सहकारिता से जुड़े क्षेत्रों को सशक्त बनाया जाएगा ताकि वो विकसित दिल्ली निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। विभागीय कार्यशैली में पारदर्शिता, बैंकों की नई शाखाएं, आसान वित्तीय सहायता एवं आत्मनिर्भर बनाने की योजनाओं पर जोर देकर हम दिल्ली के सहकारिता क्षेत्रों को देश में अग्रणी व मॉडल बनाएंगे। दिल्ली सरकार के सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने यह बात जाकिर बाग, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी से ह्यूमैनिटी फर्स्ट एम्बुलेंस सेवा के शुभारम्भ कार्यक्रम में कहीं। यह एम्बुलेंस सेवा गंभीर रोगियों को आसपास के अस्पतालों तक पहुँचाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस एम्बुलेंस सेवा को जामिया कोऑपरेटिव बैंक की ओर से आमजन को समर्पित किया गया। गंभीर रोगियों को अस्पतालों तक पहुँचाने के अलावा, ह्यूमैनिटी फर्स्ट एम्बुलेंस सेवा मृतकों को अस्पताल से घर तथा कब्रिस्तान/श्मशान तक ले जाने की व्यवस्था भी करेगी, ताकि उनके अंतिम संस्कार की प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी की जा सके।

कार्यक्रम का आयोजन अंतर राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष २०२५ के तहत दिल्ली में लगातार हो रहे आयोजनों के तहत किया गया। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जी के 'सहकार से समृद्धि' के संकल्प ने भारत के सहकारिता आंदोलन को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया है।

# कांग्रेस ने 'फूल वालों की सैर' आयोजित न होने पर मुख्यमंत्री को घेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने 'फूल वालों की सैर' आयोजित न होने पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को घेरा है। दिल्ली में 'फूल वालों की सैर' का आयोजन दो नंवबर को किया जाता है, इस बार दिल्ली विकास प्राधिकरण ने इसके आयोजन कि इजाजज नहीं दी।

देवेंद्र यादव ने बुधवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि २०० वर्ष से भी ज्यादा समय से हर वर्ष आयोजित होने वाले 'फूल वालों की सैर' त्यौहार इस वर्ष राजधानी में आयोजित नहीं हुआ। यह आयोजन डीडीए और वन विभाग के प्रशास. निक पेच के बीच फंस कर रह गया और आयोजकों को इसे रद्द करना पड़ा। 'फूल वालों की सैर' का आयोजन रद्द होने पर भाजपा नेता अथवा मुख्यमंत्री या कोई मंत्री तक कुछ कहने से बच रहे हैं।

देवेंद्र यादव ने भाजपा सरकार पर सदियों पुराने त्योहार 'फूल वालों की सैर' पर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब सरकार के सामने प्रदूषण और बिजली और पानी की कमी जैसी कई समस्याएं हैं, भाजपा अपनी बुनियादी जिम्मेदारी निभाने में असफल तो रही है लेकिन उनका सांस्कृतिक कार्यक्रम बंद करना बेहद निराशाजनक है। देवेंद्र यादव ने कहा कि हिन्दु-मुसलमानों के बीच एकता की मिसाल रहे 'फूल वालों की सैर' त्योहार को बंद करने के पीछे कहीं इसका मुगलों से जुड़ा इतिहास तो नहीं, क्योंकि भाजपा शैक्षणिक पाठ्क्रम से मुगल काल के इतिहास और जानकारी को खत्म करने की कवायद कर रही है।

उन्होंने कहा कि १८११ से शुरू हुई 'फूल वालों की सैर' को इससे पहले भी अंग्रेजों ने इसे १९४२ बंद कर दिया था, जिसे प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु ने १९६२ में इसे फिर से शुरु किया। इसका आयोजन महरौली के जहाज महल आम बाग में मनाया जाता है और ख्वाजा बख्तियार काकी की दरगाह पर फूलों की चादर और योगमाया मंदिर में फूलों का पंखा और छत्र चढ़ाया जाता है।

# सभी राजमार्गों पर सुविधाओं की होगी मॉनिटरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्गों पर अब सफर करने वाले यात्रियों को रास्ते में ढाबे, शौचालय, पार्किंग और ट्रॉमा सेंटर जैसी सुविधाओं के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। केंद्र सरकार ने हमसफर नीति के तहत ऐसी व्यापक व्यवस्था लागू की है, जिसके तहत पूरे देश में हर 50 किलोमीटर पर आराम और विराम केंद्र बनाए जा रहे हैं। इन केंद्रों की गुणवत्ता और सेवा का स्तर तय मानकों पर परखा जाएगा। इस दिशा में नेशनल हाईवेज लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) ने एक नई पहल शुरू की है। इसके तहत अब सभी ढाबों, पेट्रोल पंप, रेस्टोरेंट, वाशरूम, ट्रॉमा सेंटर और पार्किंग स्थलों की वार्षिक रेटिंग और मॉनिटरिंग होगी। सरकार का लक्ष्य है कि 2027 तक सभी राष्ट्रीय राजमार्गों को सुविधा मानक कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाए। देश में हर साल लाखों लोग राजमार्गों पर यात्रा करते हैं, लेकिन अब तक यात्रियों के ठहरने, भोजन या स्वच्छता की कोई एकीकृत प्रणाली नहीं थी। हमसफर नीति इसी कमी को पूरा करने के लिए तैयार की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने हालिया बयान में कहा था कि राजमार्गों पर सुविधाएं केवल ढांचे नहीं, बल्कि यात्रियों की गरिमा और सुरक्षा से जुड़ा दायित्व हैं। बीते साल अक्तूबर में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस हमसफर नीति लांच की थी।

# बिहार अब जातीय राजनीति से दूर हो रहाः सीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का बिहार विधानसभा में प्रचार अभियान जारी है। अपने तूफानी प्रचार अभियान में मुख्यमंत्री ने गुरुवार को सबसे पहले तख्त श्री हरमंदिर जी, पटना साहिब में माथा टेका और बिहार व देश की शांति, प्रगति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि गुरुपर्व के इस पावन दिन पर पवित्र पटना साहिब में आशीर्वाद प्राप्त कर स्वयं को धन्य महसूस कर रही हूं। बिहार की यह सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत पूरे देश को प्रेरित करती है। अपने प्रचार अभियान में मुख्यमंत्री ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुला गांधी पर तीखा हमला बोला ओर कहा कि वह अपने चुनावी प्रचार अभियान में अब सेना को भी कीचड़ में घसीटने की कोशिश कर रहे हैं, यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।पवित्र पटना साहिब में शीश नवाने के बाद मुख्यमंत्री ने अरवल, गया शहर और औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्रों में रोड शो और जनसभाओं को संबोधित किया। इन कार्यक्रमों के दौरान जनता में उत्साह देखने को मिला, वहां लोग नारे लगाते मिले कि "बिहार पकड़ चुका है रफ्तार, जनता मांगे फिर से एनडीए सरकार।" इस प्रचार अभियान में मुख्यमंत्री के साथ वरिष्ठ नेताओं और स्थानीय कार्यकर्ताओं की भी दमदार उपस्थिति थी।

विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हालिया वक्तव्यों पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कह कि ये वही दल हैं जो वर्षों तक जातीय राजनीति में लिप्त रहे हैं और अब सेना को भी इस कीचड़ में घसीटने की कोशिश कर रहे हैं, यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। जो लोग विदेशों में देश की छवि खराब कर सकते हैं, अब देश की सेना पर पर सवाल उठा सकते हैं, राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता कर सकते हैं और भगवान राम के अस्तित्व तक को नकार सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे लोगों के लिए कहने को बस इतना ही काफी है कि उन्हें डूबने के लिए पूरे तालाब की नहीं, एक मुट्ठी पानी ही काफी है।

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि राजद वालों के बारे में सब कहते हैं कि ऐसा कोई 'सगा' नहीं, जिसे इन लोगों ने 'ठगा' नहीं। उन्होंने कहा कि जो लोग कभी पशुओं के चारे तक को खाने से पीछे नहीं हटे, वे आज जनता को झूठ और भ्रम का चारा खिलाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन बिहार की जनता अब समझदार है और इनकी चालों में आने वाली नहीं। मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि बिहार ने एक समय 'जंगलराज' का दौर देखा था, साथ ही अंधकार, अपराध और भ्रष्टाचार का युग। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने बिहार को उस दौर से निकालकर कानून-व्यवस्था और विकास की नई राह पर आगे बढ़ाया है।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आज बिहार की जनता जातिवाद, परिवारवाद और भ्रष्टाचार की राजनीति को नकारकर विकास और सुशासन को अपना रही है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी बिहार में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी ढांचे पर केंद्रित राजनी. ति की नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# अवैध रूप से रह रहा बांग्लादेशी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम जिले की विदेशी सेल ने अवैध रूप से भारत में रह रहे एक बांग्लादेशी ट्रांसजेंडर को महेन्द्रा पार्क थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से दो बांग्लादेशी राष्ट्रीय पहचान पत्र बरामद किए गए हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ विदेशी अधिनियम १९४६ के तहत कार्रवाई करते हुए निर्वासन (डिपोर्टेशन) की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पकड़े गए आरोपित की पहचा मो. सुमन मियां उर्फ पिंकी के रूप में हुई है। उत्तर पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बुधवार को बताया कि जिले की विदेशी सेल को हाल ही में सूचना मिली थी कि महेन्द्रा पार्क क्षेत्र के पास गेट नंबर-2, एनएस मंडी के निकट एक संदिग्ध व्यक्ति घूम रहा है, जो संभवत: बांग्लादेशी नागरिक है। सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर विपिन कुमार की देखरेख में एक टीम गठित की गई।

टीम ने इलाके में निगरानी और तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने पहले खुद को भारतीय बताया, लेकिन जवाबों में विरोधाभास और हावभाव से पुलिस को शक हुआ। जब उसके दस्तावेजों और डिजिटल प्रमाणों की जांच की गई तो यह साबित हुआ कि वह बांग्लादेश का रहने वाला है। लगातार पूछताछ के बाद आरोपित ने अपनी वास्तविक पहचान उजागर करते हुए बताया कि वह बांग्लादेश के जनपद सिलहट का निवासी है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डूबकी

## प्रशासन ने हेलीकॉप्टर से गंगा स्नान कर रहे श्रद्धालुओं पर की पुष्प वर्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ऐतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालुओं ने हर-हर गंगे के जयकारों के बीच गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और पुण्य अर्जित किया। इस दौरान एसडीएम इला प्रकाश द्वारा हेलीकॉप्टर के माध्यम से श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। स्नान पर्व के दौरान पुष्पवर्षा से साधु संत और श्रद्धालु गदगद नजर आए। जैसे ही आसमान में हेलीकॉप्टर की गड़गड़ाहट सुनाई दी, सभी को आभास हो गया कि योगी सरकार द्वारा उन पर पुष्पवर्षा होने वाली है। जैसे ही गुलाब की पंखुड़ियां श्रद्धालुओं पर पड़ीं, पूरा वातावरण गंगा मइया की जय के नारों से गुंजायमान हो गया। कार्तिक



पूर्णिमा के पावन अवसर पर गढ़ के खादर क्षेत्र और बृजघाट में लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान एसडीएम इला प्रकाश ने हेलिकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया और उन्हें मेले की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों और ज़िलों से आए करीब 40 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डूबकी लगाई।



श्रद्धालुओं ने इस दौरान पितृरों का तर्पण करने के बाद गरीबों को खिचड़ी व भोजन, वस्त्र आदि दान किया।

इस दौरान पुलिस प्रशासन की पूरी तरह अलर्ट रहा। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी कार्तिक पूर्णिमा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर लगातार गढ़ मेले और घाटों का निरीक्षण करते रहे। मेले के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्था की गई थी।

# किसान के खेत में निकला 8 फीट लम्बा विशालकाय अजगर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में बुधवार को किसान के खेत में एक विशालकाय अजगर निकलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। विशालकाय अजगर को देखने के लिए लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। अजगर निकालने की सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को दी। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद करीब 8 फीट लम्बे विशालकाय अजगर का सफल रेसक्यू कर उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

जानकारी के अनुसार गांव आलमगीरपुर में किसान ने ज़ब अपने ईख के खेत में विशालकाय अजगर को रेंगते हुए देखा तो उनके होश उड़ गए। अजगर निकलने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ अजगर को देखने के लिए जमा हो गई। अजगर निकालने की सूचना



ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को दी। सूचना मिलती ही वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई और कड़ी मशक्कत के बाद विशाल. काय अजगर का सफल रेस्क्यू किया। वन विभाग की टीम ने अजगर का रेसक्यू करने के बाद उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के 3 शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जिनकी निशानदेही पर एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न जनपदों से चोरी की गई 7 मोटर साइकिल, 3 फर्जी नम्बर प्लेट और अवैध हथियार बरामद किया है।

थाना देहात प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के गौंदी सलाई कट के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को तीन लोग आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने ज़ब उन्हें रोककर जाँच की तो पता चला कि वह अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह के सदस्य है। पुलिस ने उन्हें तुरंत हिरासत में लें लिया और थाने लें आई। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न जनपदों से चोरी की गई 2 बुलेट मोटर साईकिल, 4 हीरो स्पलेन्डर मोटर साईकिल, एक हीरो सीडी डीलक्स मोटर साईकिल, 3 फर्जी नम्बर प्लेट व फर्जी मोहर, एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर और एक अवैध चाकू बरामद किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किए गए वाहन चोरों द्वारा एनसीआर क्षेत्र व अन्य जनपदों से वाहनों को चोरी करके उनके चेसिस व इंजन नम्बर से छेड़छाड़ कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोगों को बेचकर आर्थिक लाभ कमाते थे। उन्होंने बताया कि यह शातिर किस्म के वाहन चोर हैं, जिनके खिलाफ जनपद हापुड़,



गाजियाबाद, बुलन्दशहर, गौतमबुद्धनगर व मेरठ में चोरी व आर्म्स एक्ट आदि अपराधों के करीब 5 दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज है। वाहन चोरों की पहचान दानिश उर्फ समीर पुत्र इरशाद निवासी मवाना रोड नई बस्ती कस्बा व थाना किठौर जनपद मेरठ, अजय उर्फ बब्बू पुत्र संतराम निवासी ग्राम भटैल थाना हाफिजपुर जनपद हापुड़ और सद्दाम पुत्र यूसुफ निवासी बिलाल मस्जिद के पास मौहल्ला वगडान थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस ने अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह के 3 सदस्यों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

# सरस्वती इंस्टिट्यूट में हार्ट अटैक विषय पर स्वास्थ्य जागरूकता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सामुदायिक स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम के तहत, सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस एंड हॉस्पिटल, पिलखुवा ने यंगस्टर्स में हार्ट अटैक विषय पर एक जागरूकता व्याख्यान का आयोजन जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स हापुड़ के कॉन्फेंस हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, जोखिम कारकों को समझना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व को बताना था।

कार्यक्रम में डा. राहुल रामटेके, सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट, सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस ने यंगस्टर्स में बढ़ते हार्ट अटैक पर एक अत्यंत जानकारी सत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने तनाव, धूम्रपान, खराब खान-पान, शारीरिक निष्क्रियता और अत्यधिक कार्य-दबाव जैसे प्रमुख कारणों पर विस्तार से चर्चा की, जो युवाओं में हृदय रोगों की बढ़ती घटनाओं के लिए जिम्मेदार हैं। डा. राहुल ने शुरुआती लक्षणों जैसे छाती में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, थकान और हाथ या जबड़े में दर्द की पहचान और समय पर चिकित्सकीय परामर्श की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, तनाव प्रबंधन और वार्षिक स्वास्थ्य जांच जैसी रोकथाम संबंधी आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और साझा की गई



उपयोगी स्वास्थ्य जानकारी के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन एन वर्दाराजन, जनरल मैनेजर, सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के मार्गदर्शन और समन्वय में किया गया। जिन्होंने पूरे आयोजन की रूपरेखा को प्रभावी ढंग से संचा. लित किया। जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स की ओर से प्रोफेसर डा. सुभाष गौतम, डायरेक्टर जनरल डा. आयुष सिंघल, मैनेजिंग डायरेक्टर डा. रोहन सिंघल, सेक्रेटरी डा. साक्षी, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रहे। सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस एंड हॉस्पिटल, पिलखुवा हापुड़ अपने मिशन उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सामुदायिक कल्याण को सशक्त रूप से आगे बढ़ा रहा है। संस्थान स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों और आउटरीच प्रोग्राम्स के माध्यम से समाज को अधिक स्वस्थ, जागरूक और सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्यरत है।

# अरमान हत्याकांड का एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने गांव असौड़ा निवासी अरमान पर चाकू से वार कर मौत के घाट उतारने के मामले में पुलिस ने एक हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से आलाकत्ल चाकू बरामद किया गया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए हत्यारोपी अमन पुत्र तौहीद ने पैसों के लेनदेन को लेकर अपने छोटे भाई के साथ मिलकर पैसे के लेनदेन को लेकर अरमान की चाकू से वार कर हत्या कर दी थी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। सम्बंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरो. पियों की तलाश में जुट गई थी। बुधवार को पुलिस ने गांव असौड़ा निवासी अरमान पर चाकू से वार



कर मौत के घाट उतारने की घटना में संलिप्त हत्यारोपी अमन पुत्र तौहीद निवासी ग्राम असौडा थाना हापुड देहात जनपद हापुड को गौशाला चौराहा के पास ग्राम असौड़ा से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल चाकू बरामद हुआ है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# अवैध हथियार के साथ फोटो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अवैध हथियार के साथ सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने के मामले में तत्काल संज्ञान लेते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। युवक के कब्जे से अवैध हथियार भी बरामद कर लिया गया है।

बहादुरगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक धीरज मलिक ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक युवक का अवैध तमंचे के साथ फोटो वायरल हुआ था। जिसका थाना बहादुरगढ़ पुलिस द्वारा संज्ञान लेकर फोटो में दिखाई दे रहे युवक की पहचान कराई तो उसकी पहचान मोहित पुत्र विजेंद्र उर्फ विरेन्द्र निवासी ग्राम सलारपुर थाना बहाद.



ुरगढ़ जनपद हापुड के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि थाना बहादुरगढ़ पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अवैध तमंचे के साथ सोशल मीडिया पर फोटो अपलोड करने वाले युवक को ग्राम सलारपुर से नानई जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारत. ूस 315 बोर बरामद हुआ है। आरोपी की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बहादुरगढ़ पर मुक. दमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### एक नजर

## एंटी रोमियो टीम ने मनचलों के खिलाफ चलाया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** महिलाओं और छात्राओं से छेड़छाड़ या फब्तियां कसने वाले मनचलों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से जिला में एंटी रोमियो स्क्वाड टीम सक्रिय दिखी। ज़िलें की एंटी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा स्कूल,पार्क और मंदिरों के बाहर एसपी के निर्देशन में तैनात दिखी। टीम ने ज़िलें में स्थित स्कूलों में छात्राओं से बात कर उन्हें हेल्प लाइन नंबरों और अपराध से लड़ने के संबंध में जागरूक किया। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह द्वारा पार्क, सार्वजनिक स्थान, स्कूल, कालेज के साथ ही मिश्रित आबादी वाले इलाकों में एन्टी रोमियों टीम को भ्रमण कर मनचलों पर शिकंजा कसने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत स्कूलों के आसपास मंडराने वाले संदिग्ध युवकों को डांट फटकार लगाई गई। पार्क और बाग-बगीचों में टहलने जाने वाली महिलाओं या युवतियों पर फब्तियां करने वाले बिगड़ैल युवक गायब दिखे। मनचलों में टीम की दहशत देखते ही बन रही थी। ज़िलें के थानों की एंटी रोमियों टीमों, महिला सुरक्षा दल द्वारा प्रमुख बाजारों, गांव, कस्बों, पार्कों व भीड़-भाड़ वाले इलाकों के आस-पास मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग कर अनावश्यक रूप से घूमने वाले संदिग्ध युवकों से पूछताछ कर उन्हें सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया।

## अवैध चाकूओं के साथ दो संदिग्ध युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड नगर पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्ज़े से दो अवैध चाकू बरामद किए है।

थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि थाना हापुड नगर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में चेकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान पुलिस ने किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे दो संदिग्ध युवकों को शिवगढ़ी नाले के पास व चौकी सिकन्दर गेट नाले के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से दो अवैध चाकू बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि संदिग्ध युवकों की पहचान सलीम उर्फ पठान पुत्र इकरामुद्दीन निवासी मौहल्ला मजीदपुरा गली नं 11 थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ और अमन पुत्र अख्तर निवासी मौहल्ला मदरसा सादात थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड नगर पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## बीच-बचाव करने गए युवक से मारपीट, दी जान से मारने की धमकी

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रमपुरा में मंगलवार रात झगड़ा रोकने गए युवक पर दो भाइयों ने डंडे से हमला कर दिया। डंडे में लोहे का छल्ला लगा होने से युवक घायल हो गया। अचानक हुई इस घटना से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई।

पुलिस के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के नवरंगपुरी निवासी सहज चौधरी ने बताया कि रात करीब साढ़े नौ बजे आरिफ और उसका भाई दानिश उर्फ मेढक मोहल्ला रमपुरा में किरायेदार मानव से विवाद कर रहे थे। जब उन्होंने बीच-बचाव करने का प्रयास किया, तो दोनों भाइयों ने उन पर डंडे से हमला कर दिया और धमकी दी।

शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब दोनों आरा. ोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक का मेडिकल कराया और आरोपित आरिफ व दानिश के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मौके से मिले साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी अफसर बनकर दी जान से मारने की धमकी, जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डूहरी में बुधवार को एक परिवार को फोन पर जान से मारने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। अज्ञात कॉलर ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए परिवार से गाली-गलौज की और डराने-धमकाने का प्रयास किया। अचानक हुई इस घटना से परिवार में दहशत फैल गई।

ग्राम डूहरी निवासी संदीप तोमर ने बताया कि बुधवार सुबह उनकी पत्नी के मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति ने कॉल कर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी दी। आरोपी ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया और जान से मारने की धमकी दी। भयभीत परिवार ने तुरंत कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस से सुरक्षा की मांग की। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कॉल डिटेल की जांच शुरू कर दी है। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया गया है। जांच जारी है और पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी। आरोपी की पहचान होने पर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कार्तिक पूर्णिमा मेले में हाइवे पर जाम, श्रद्धालुओं व यात्रियों को भारी परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कार्तिक पूर्णिमा मेले के चलते बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर वाहनों की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही श्रद्धालुओं से भरी बसें, निजी कारें और अन्य वाहन मेले की ओर बढ़ने लगे, जिससे छिजारसी टोल प्लाजा पर लंबा जाम लग गया। पुलिस और टोल कर्मियों ने लगातार प्रयास कर जाम में फंसे वाहनों को निकालने की कोशिश की, लेकिन दोपहर तक जाम और गंभीर रूप ले चुका था।

शाम होते-होते हाइवे पर जगह-जगह वाहनों की कतारें लग गईं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोग थकान के चलते सड़क किनारे आराम करते नजर आए। महिलाओं



और बच्चों को शौचालय और पेयजल की कमी से जूझना पड़ा। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए कोतवाली पुलिस ने अतिरिक्त फोर्स तैनात की। टोल कर्मियों ने भी वाहनों को तेजी से निकालने के लिए जी-जान से प्रयास किया। टोल मैनेजर संदीप यादव ने बताया कि कार्तिक मेले के कारण वाहनों की संख्या असामान्य रूप से बढ़ गई थी, फिर भी टोल पर रुकावट न्यूनतम रखने का प्रयास किया गया। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि पुलिस लगातार निगरानी रखे हुए है। गुरुवार को भी मेले की भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी ताकि यातायात सामान्य बना रहे।

# श्रद्धा और भक्ति में डूबा पिलखुवा, गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर निकली शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** रेलवे रोड गुरुद्वारा में बुधवार को गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा और हर्षोल्लास से मनाया गया। हर वर्ष की भांति इस बार भी नगर की सभी सिख संगतों ने मिलकर कार्यक्रम में भाग लिया। सुबह से ही गुरुद्वारा परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के उपरांत रागी जत्थे ने मधुर गुरबाणी कीर्तन कर संगत को निहाल किया। इसके बाद शोभायात्रा निकाली गई, जो रेलवे रोड से प्रारंभ होकर जवाहर बाजार, गांधी रोड सहित नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई वापस रेलवे रोड गुरुद्वारा पर पहुंचकर संपन्न हुई।



रास्ते भर श्रद्धालुओं ने कीर्तन करते हुए गुरु नानक देव के उपदेशों का प्रचार किया।

गुरुद्वारा परिसर में गुरु का लंगर वितरित किया गया, जिसमें भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे नगर में दिनभर श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के सफल संचालन में सुनीता खुराना, नेहा खुराना, अजय सिंह सेवादार, राजा खुराना, मोंटू खुराना, परमजीत सलूजा, परमजीत अरोड़ा और हरभजन सिंह का विशेष योगदान रहा।

# संस्कृति के विद्यार्थियों ने किया आगरा के होटल में शैक्षिक भ्रमण

**मथुरा।** संस्कृति स्कूल आफ टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट के विद्यार्थियों का एक दल ने ग्रांड मरक्योर(एकोर होटल्स) आगरा का शैक्षिक भ्रमण किया। इस औद्योगिक भ्रमण का उद्देश्य आतिथ्य क्षेत्र के छात्रों को पाँच सितारा होटलों में अपनाई जाने वाले संचालन, सेवाओं और प्रबंधन पद्धतियों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। इस भ्रमण के दौरान संस्कृति के विद्यार्थियों ने होटल विभागों, अतिथि प्रबंधन प्रक्रियाओं और आतिथ्य उद्योग में अपनाए जाने वाले पेशेवर मानकों के बारे में व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त किया।

इस दल में संस्कृति स्कूल आफ टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट के 66 छात्र, तीन संकाय सदस्य गगन शर्मा, शुभांगी सक्सेना, और कपिल शर्मा शामिल थे। बीएचएम प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए ग्रैंड मर्क्योर (एकोर होटल्स) का एक औद्योगिक दौरा आयोजित किया गया, जिसमें कुल 34 छात्रों ने भाग लिया। इस दौरे का समन्वय और संचालन श्री गगन शर्मा, सहायक प्रोफेसर द्वारा, विभागाध्यक्ष श्री रतीश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। ग्रैंड मर्क्योर (एकोर होटल्स) पहुँचने पर विद्यार्थियों के इस दल का होटल के एचआर मैनेजर सचिन द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। सत्र की शुरुआत ग्रैंड मर्क्योर (एकोर होटल्स) के इतिहास, ब्रांड विरासत और सुविधाओं पर एक ज्ञानवर्धक प्रस्तुति के साथ हुई। प्रस्तुति के बाद, सुश्री लवीना जैन (एल एंड डी प्रबंधक) और विशाल सिंह ने छात्रों को होटल के विभिन्न विभागों के बारे में बारीकी से जानकारियां दीं। छात्रों ने एक संवादात्मक सत्र में भी भाग लिया जिसमें होटल के अधिकारियों, कर्मचारियों ने अपने पेशेवर अनुभव और परिचालन संबंधी जानकारी विद्यार्थियों से साझा की। छात्रों ने उत्साह के साथ इस शैक्षणिक भ्रमण में में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे उन्हें होटल संचालन और उद्योग मानकों के बारे में बहुमूल्य व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। इस यात्रा का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें एकॉर होटल्स के प्रबंधन और कर्मचारियों के प्रति उनके उत्साही आतिथ्य और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

संस्कृति स्कूल आफ टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट के डीन डा. रतिश शर्मा ने बताया कि इस यात्रा ने छात्रों की वास्तविक दुनिया के होटल संचालन और प्रबंधन प्रथाओं की समझ को समृद्ध किया। इसने उन्हें सैद्धांतिक अवधारणाओं को व्यावहारिक अनुप्रयोगों से जोड़ने में भी मदद की, जिससे पेशेवर विकास और भविष्य के उद्योग अनुभव के लिए तत्परता को बढ़ावा मिला। होटल के सचिन, मानव संसाधन प्रबंधक, सुश्री लवीना जैन (प्रबंधन एवं विकास प्रबंधक) और विशाल सिंह को संस्कृति विवि के दल की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया। संस्कृति विवि के होटल मैनेजमेंट के विद्यार्थियों का दल शैक्षणिक भ्रमण पर आगरा स्थित ग्रांड मरक्योर(एकोर होटल) में।

# वाहन चुराने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा और सेंट्रल नोएडा पुलिस ने रेकी कर बाइक और स्कूटी चुराने वाले तीन बदमाशों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों के पास से चोरी की बाइक, मोबाइल और चाकू समेत अन्य सामान बरामद हुआ। बदमाशों के खिलाफ पहले से कई केस दर्ज हैं। एसीपी स्वतंत्र सिंह ने बताया कि फेज-1 थाने की पुलिस बुधवार को क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि सेक्टर-14 नाले की पटरी के पास दो बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में एकत्र हुए हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों से पूछताछ करनी शुरू कर दी।

उनके पास से चोरी की फर्जी नंबर प्लेट लगी बाइक बरामद हुई। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी कुख्यात वाहन चोर गिरोह के सदस्य हैं। आरोपियों की पहचान जौनपुर के उमरी निवासी संकल्प उर्फ गोलू और बिहार के सिवान निवासी विनीत के रूप में हुई। दोनों वर्तमान में दिल्ली के न्यू अशोक नगर में किराये का कमरा लेकर रह रहे हैं। आरोपियों के पास से चाकू और मोबाइल भी बरामद हुआ है। संकल्प के खिलाफ दिल्ली और नोएडा के अलग-अलग थानों में 23 केस दर्ज होने की जानकारी मिली। वह पूर्व में भी कई बार जेल जा चुका है। वह गिरोह का सरगना है। सरगना के साथी विनीत के खिलाफ भी सात केस दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वारदात का विरोध करने पर लोगों को डराने के लिए वह अपने पास चाकू रखते थे। फेज-3 थाने की पुलिस ने गढ़ी गोलचक्कर के पास से वाहन चोर को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान संभल निवासी 25 वर्षीय शाहरुख अहमद के रूप में हुई। शाहरुख वर्तमान में गाजियाबाद के खोड़ा में रह रहा है। उसके पास से जो मोटरसाइकिल मिली है, उसे आरोपी ने दिल्ली के कल्याणपुरी थानाक्षेत्र से चुराया था। आरोपी का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है।

# गांव की गलियां होंगी रोशन एलईडी लाइट लगाने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** अब ग्रेटर नोएडा के गांवों की अंधेरी गलियां भी जल्द रोशन नजर आएंगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के 15 से अधिक गांवों में एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। इस योजना पर लगभग 2.20 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

गांवों के विस्तार के साथ कई नई गलियां ऐसी हैं, जहां अब तक स्ट्रीट लाइट नहीं लग सकी थी। इन स्थानों को चिन्हित कर बिजली विभाग ने टेंडर जारी कर दिया है। प्राधिकरण के मुताबिक, फर्म का चयन पूरा होते ही अगले एक से दो माह में काम शुरू होने की उम्मीद है। ग्रेटर नोएडा ईस्ट क्षेत्र के जुनपत, घोड़ी बछेड़ा, साकीपुर, जैतपुर-वैशपुर, तुगलपुर, नवादा, एच्छर, कासना समेत आसपास के कई गांवों में नए इलाकों में बसावट तेजी से बढ़ रही है। लेकिन स्ट्रीट लाइट न होने से लोगों को शाम होते ही अंधेरे और असुरक्षा का सामना करना पड़ता है।

**अंधेरे वाले स्थानों का सर्वे कराया:** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने कुछ माह पहले अंधेरे वाले स्थानों का सर्वे कराया था। अब पहले चरण में इन गांवों की अंधेरी गलियों को एलईडी लाइटों से जगमगाने की योजना पर काम शुरू किया जा रहा है।

**साल 2021 से चल रही है एलईडी लाइट परियोजना:** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने वर्ष 2021 में सोडियम लाइट की जगह एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाने की योजना शुरू की थी। अब तक डेढ़ लाख से अधिक एलईडी लाइटें लगाई जा चुकी हैं। एलईडी लाइट से रोशनी बेहतर होती है और बिजली की बचत भी होती है।

**पार्कों में लगेंगी हाईमास्ट लाइटें:** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-36, 37, पाई-1 और 2, बिल्डर्स एरिया, पी-3, ओमीक्रॉन-1ए और स्वर्णनगरी के पार्कों में भी एलईडी हाईमास्ट लाइट लगाने की योजना बनाई है। टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इससे पार्कों में रात के समय लोगों को घूमने-फिरने में सहूलियत मिलेगी और सुरक्षा भी बढ़ेगी।

**हर कोना होगा रोशन:** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने बताया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। सभी अंधेरे स्थानों पर स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही औद्योगिक सेक्टरों में भी बिजली बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

## जिम्स में कैंसर और मस्तिष्क की बीमारियों का भी होगा इलाज, एसजीपीजीआई जैसा बनेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) को एसजीपीजीआई लखनऊ की तर्ज पर सुपरस्पेशलिटी संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां कैंसर, मस्तिष्क, नस और गुर्दे समेत बच्चों की जटिल सर्जरी समेत कई गंभीर बीमारियों के इलाज की सुविधा मिल सकेगी। मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में मंगलवार को लखनऊ में हुई संस्थान की दसवीं शासी निकाय की बैठक में यह फैसला लिया गया। संस्थान में कैंसर समेत गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए नए सुपरस्पेशलिटी पाठ्क्रमों को मंजूरी दी गई।

अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा अमित कुमार घोष ने जिम्स में रोबोटिक सर्जरी, उच्चस्तरीय निदान और सटीक चिकित्सा जैसी उन्नत सुविधाएं शुरू करने का सुझाव दिया। इसमें कहा गया है कि एसजीपीजीआई के समान पश्चिमी यूपी में चिकित्सा केंद्र को आगे बढ़ाने की जरूरत है। नए पाठ्यक्रम और गंभीर बीमारियों का इलाज शुरू होने के बाद गौतमबुद्ध नगर के साथ बुलंदशहर, अलीगढ़, हापुड़, गाजियाबाद समेत आसपास के अन्य जिलों और शहरों के लाखों लोगों को लाभ मिलेगा।

राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) में मेडिकल आन्कोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, पीडियाट्रिक सर्जरी, कार्डियोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और क्रिटिकल केयर मेडिसिन में पाठ्यक्रम शुरू होंगे। अगले वर्ष तक इन पाठ्यक्रमों को शुरू करने की तैयारी है। इसके साथ ही नियोनेटोलॉजी (नवजात शिशु), पेन मेडिसिन, एनेस्थीसिया, डेंटल सर्जरी और क्रिटिकल केयर में फेलोशिप कार्यक्रम भी शुरू होंगे।

**जिले का पहला अस्पताल होगा:** दावा है कि गंभीर बीमारियों से जुड़े ये कोर्स शुरू करने वाला जिम्स गौतमबुद्ध नगर का पहला संस्थान होगा। फिलहाल मेरठ, आगरा और लखनऊ के मेडिकल कॉलेजों में यह पाठ्यक्रम जारी हैं। जीबीयू परिसर में 56 एकड़ में विकसित हो रहे मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए 30 करोड़ रुपये भी मंजूर किए गए। बैठक में अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष, जिम्स की उपाध्यक्ष अपर्णा यू, विशेष सचिव समीर कुमार, पीजीआइसीएच के निदेशक डॉ. एके सिंह, केजीएमयू के पूर्व कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. बिपिन पुरी, जिम्स सीएमएस डॉ. सौरभ श्रीवास्तव, जिम्स डीन अकादमिक डॉ. रंभा पाठक आदि मौजूद रहे।

**कई जिलों के लाखों लोगों को लाभ मिलेगा:** जीवन रक्षक प्रशिक्षण केंद्र होगा स्थापित

आपात स्थिति से निपटने के लिए संस्थान में राष्ट्रीय आपातकालीन जीवन रक्षक (एनईएलएस) प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा। शासी निकाय की बैठक में इसकी सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई। कौशल विकास पाठ्यक्रमों के लिए जीआईएमएस विद्या सेतु (कौशल शिक्षा प्रशिक्षण इकाई) शुरू करने के प्रस्ताव को भी हरी झंडी मिली। इससे मरीजों की देखभाल एवं मैकेनिकल वेंटिलेशन के जरिए देखभाल प्रशिक्षण और नर्सिंग मॉड्यूल शामिल होगा।

# मोदी मॉल प्रबंधन पर 25 लाख का जुर्माना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा विकास प्राधिकरण की टीम ने बुधवार को सेक्टर-25ए स्थित मोदी मॉल का निरीक्षण किया। प्राधिकरण ने वहां गंदगी मिलने और नियमों का उल्लंघन करने पर प्रबंधन पर 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। प्राधिकरण के महाप्रबंधक एसपी सिंह ने बताया कि मोदी मॉल प्रबंधन के निरीक्षण में सामने आया कि यहां पर बल्क वेस्ट जनरेटर अपशिष्ट पृथक्करण, भंडारण एवं अपशिष्ट प्रसंस्करण के संदर्भ में सॉलिड वेसट मैनेजमेंट के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। मॉल में कचरे का पृथक्कीकरण नहीं किया जा रहा था। यहां कचरा अनाधिकृत कबाड़ियों को दिया जा रहा था, जो कचरे को सड़क पर फेंक रहे थे।

महाप्रबंधक ने कहा कि निरीक्षण के दौरान मॉल प्रबंधन और कर्मचारियों ने कोई सहयोग नहीं किया। कई कमियां मिलने पर मोदी मॉल प्रबंधन पर 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। एक सप्ताह के अंदर जुर्माना जमा नहीं कराने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। आने वाले समय में और भी मॉल की जांच की जाएगी।

जो मॉल प्रबंधन सफाई के मामले में लापरवाही बरतेगा, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण करने गई टीम में जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इंदु प्रकाश व गौरव बंसल भी मौजूद थे।

## एक नजर

### इधर नौकरी गई, उधर मोबाइल फोन छीन ले गए बदमाश

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर-63 स्थित प्राइवेट कंपनी में नौकरी करने वाले युवक को अचानक नौकरी से निकाल दिया गया। वह कंपनी से निकलकर परिचित से बात कर रहा था, तभी बाइक सवार दो बदमाश उसका मोबाइल फोन छीनकर ले गए। पुलिस जांच में जुटी है। सेक्टर-93 स्थित गेझा गांव में रहने वाले मृत्युंजय राय ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-63 स्थित एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते थे। इसी माह एक नवंबर को उन्हें कंपनी से निकाल दिया गया। वह कंपनी से बाहर निकलकर करीब 20 कदम चले तो परिचित की कॉल आ गई। वह उससे बात करते हुए पैदल सड़क किनारे चल रहे थे, तभी बाइक सवार दो बदमाश आए और उनका मोबाइल फोन छीनकर ले गए।

पीड़ित का कहना है कि शुरुआत में जब वह पुलिस चौकी पर गए थे, उनसे मोबाइल छिनैती के बजाय गुम होने की शिकायत करने के लिए कहा गया। पीड़ित का कहना है कि बदमाश कंपनी के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रास्ते में अकेली खड़ी महिला के साथ छेड़छाड़

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** जेवर क्षेत्र के दयानतपुर गांव के समीप मंगलवार की रात एक युवक ने रास्ते में अकेली खड़ी महिला से छेड़छाड़ की। महिला के पति की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक फलैदा गांव निवासी युवक मंगलवार की देर शाम अपनी पत्नी को बाइक पर लेकर जेवर के बाजार जा रहा था। वह दयानतपुर गांव के समीप पहुंचे तो उनकी बाइक में पेट्रोल खत्म हो गया। वह रास्ते में अपनी पत्नी को बाइक के पास अकेली छोड़कर गांव में पेट्रोल लेने चला गया। दयानतपुर गांव निवासी युवक ने रात के अंधेरे में महिला को अकेली खड़ी देखकर छेड़छाड़ की।

इसके बाद आरोपी जंगल की तरफ भाग गया। कुछ देर बाद युवक पहुंचा तो महिला ने आरोपी की हरकत के बारे में बताया। युवक अपनी पत्नी को लेकर जंगल की तरफ गया। यहां एक खेत में ट्यूबवेल पर कई लोग बैठे थे, जिनमें से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को महिला ने पहचान लिया। महिला के पति ने आरोपी की हरकत का विरोध किया तो उसने गाली-गलौज की और धमकी देकर वहां से चला गया। इस मामले की शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि एक आरोपी दीपक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### अस्पताल संचालक के भाई का शव मिला, हत्या की आशंका

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में एक अस्पताल संचालक के भाई की मौत के मामले में नया मोड़ आया है। अस्पताल संचालक ने अपने भाई की हत्या की आशंका जताते हुए दनकौर कोतवाली में बुधवार को मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

अस्पताल संचालक डॉ. अजय शर्मा के बड़े भाई संजय शर्मा (49) का शव 24 अक्टूबर को यमुना एक्सप्रेसवे पर मिला था। पुलिस ने शव बरामद कर पीड़ित की शिकायत पर पोस्टमार्टम कराया था। डॉ. शर्मा को सोशल मीडिया के माध्यम से अपने भाई की मौत की खबर मिली थी।

मृतक संजय शर्मा 23 अक्टूबर की शाम जेवर कोतवाली क्षेत्र के मंगरौली गांव से दनकौर कस्बे लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार, यमुना एक्सप्रेसवे पर सलारपुर अंडरपास के पास सड़क पार करते समय किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी थी, जिससे उनकी मौत हो गई।

डॉ. अजय शर्मा ने बताया कि उनके भाई के पास मोबाइल था, जो घटना के समय गायब मिला। उन्होंने अपनी भाई की मौत को हत्या बताया है। डॉ. शर्मा ने यह भी जानकारी दी कि उनका गांव के कुछ लोगों से जमीन का विवाद चल रहा था।

पुलिस अभी तक की जांच में इस मामले को एक सड़क हादसा मान रही है। दनकौर कोतवाल मुनेंद्र सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

## केजीपी पर ट्रक से टकराया कैंटर चालक की मौत

**नोएडा।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर आगे चल रहे ट्रक से कैंटर गाड़ी टकरा गई। इसमें कैंटर चालक की मौत हो गई। परिजनों ने ट्रक चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बुधवार को केस दर्ज कराया है। हरियाणा के पलवल निवासी सोमदत्त उर्फ सोनू ने शिकायत की है कि उनके पिता गोपाल (49) कैंटर किराए पर चलाते थे। एक नवंबर वह पलवल से एक कंपनी का सामान लेकर बुलंदशहर जा रहे थे। उसी दौरान आगे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया जिसके चलते कैंटर पीछे से ट्रक में जा घुसी। कैंटर आगे से क्षतिग्रस्त हो गया। पिता कैंटर के केबिन में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गए। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# नोएडा साइबर पुलिस की सतर्कता रंग लाई, सात पीड़ितों को करोड़ों के नुकसान से बचाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट की साइबर क्राइम यूनिट ने एक बेहद सटीक, तेज और इंटेलिजेंस-आधारित कार्रवाई को अंजाम देते हुए ऑनलाइन निवेश ठगी में फंसे देशभर के 7 'लाइव पीड़ितों' को लाखों नहीं, बल्कि संभावित करोड़ों के आर्थिक नुकसान से बचा लिया। पुलिस ने इन पीड़ितों को समय रहते खोजा, संपर्क किया और उन्हें चल रहे फ्रॉड के बारे में अवगत कराया, जिसके बाद इन लोगों ने आगे की रकम भेजना रोक दिया। यह कार्रवाई पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर की गई, जिसमें साइबर कमांडो सचिन धामा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर और नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया से प्राप्त साइबर एवं वित्तीय इंटेलिजेंस का उपयोग कर संदिग्ध लेनदेन के नेटवर्क और पैटर्न का गहराई से विश्लेषण किया। इसी विश्लेषण के आधार पर पुलिस को पता चला कि कुछ लोग लगातार ऑनलाइन निवेश योजनाओं में बड़ी रकम जमा करा रहे हैं और इनके खाते एक सक्रिय फ्रॉड नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं। टीम ने रिपोर्टेड मामलों की वित्तीय प्रवाह से जुड़ी जानकारी का अध्ययन किया और डेटा एनालिटिक्स की सहायता से देश के विभिन्न राज्यों, तमिलनाडु, गुजरात, तेलंगाना, ओडिशा और राजस्थान, में रह रहे 7 ऐसे नागरिकों की पहचान की, जो महीनों से निवेश धोखाधड़ी का शिकार हो रहे थे।

ठग सोशल मीडिया, स्टॉक मार्केट सलाह और "उच्च रिटर्न" के झांसे देकर पैसे निवेश कराने में सफल हो गए थे। कई पीड़ितों को यह पता तक नहीं था कि उनका पैसा गलत हाथों में जा रहा है। ऐसे में पुलिस ने इंतजार नहीं किया कि वे खुद शिकायत दर्ज कराएं, बल्कि सीधे उनसे संपर्क कर उन्हें पूरी सच्चाई बताई। चेतावनी मिलते ही सभी पीड़ितों ने आगे की ट्रांजैक्शन रोक दी, जिससे लाखों-करोड़ों की रकम सुरक्षित बचाई जा सकी और एक सक्रिय फ्रॉड चेन बीच में ही टूट गई।

साइबर यूनिट अब पीड़ितों से मिले इनपुट के आधार पर बैंक खातों को फ्रीज करा रही है और फ्रॉड रैकेट से जुड़े आरोपियों पर विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है। गौतमबुद्धनगर पुलिस की यह पहल बताती है कि साइबर इंटेलिजेंस, फाइनेंशियल ट्रैकिंग और डेटा एनालिटिक्स के माध्यम से ठगी को केवल पकड़ा ही नहीं, बल्कि समय रहते रोका भी जा सकता है।

# नोएडा एयरपोर्ट के एयरोड्रोम लाइसेंस का रास्ता साफ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट अपने संचालन से एक कदम दूर है। मंगलवार को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के विमान ने रनवे 28 पर सफल लैंडिंग की। इसके साथ ही एयरपोर्ट की कैलिब्रेशन प्रक्रिया पूरी हो गई, जिससे एयरोड्रोम लाइसेंस जारी होने का रास्ता साफ हो गया है।

सुबह 10 बजकर 26 मिनट पर एएआई का विमान दिल्ली से उड़ान भरकर नोएडा एयरपोर्ट पहुंचा और रनवे 28 पर सफल लैंडिंग की। इस दौरान इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम, लोकलाइजर, ग्लाइड पाथ, नेविगेशन और कम्युनिकेशन सिस्टम्स की जांच की गई। सभी सिस्टम्स सही पाए गए। एयरपोर्ट पर पिछले सप्ताह शुक्रवार को रनवे 10 की दिशा में कैलिब्रेशन प्रक्रिया की गई थी। मौसम खराब होने के कारण बृहस्पतिवार को टेस्ट रद्द कर दिया गया था। अब मंगलवार को रनवे 28 की ओर से भी परीक्षण सफल रहा। इससे एयरपोर्ट की दोनों दिशाओं की जांच पूरी हो चुकी है।

**डीजीसीए को भेजी जाएगी रिपोर्ट:** कैलिब्रेशन प्रक्रिया के दौरान इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑर्गनाइजेशन (आईसीएओ) के मानकों के अनुसार एयर ट्रैफिक मूवमेंट ऑटोमेशन सिस्टम, कम्युनिकेशन सिस्टम, नेविगेशन उपकरणों और सर्विलांस सिस्टम का परीक्षण किया गया। सभी डेटा एकत्र कर महानिदेशालय नागर विमानन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। डीजीसीए द्वारा रिपोर्ट की समीक्षा के बाद एयरपोर्ट को एयरोड्रोम लाइसेंस जारी किया जाएगा।

**दिसंबर से शुरू हो सकती है विमान सेवा:** एयरपोर्ट प्रबंधन को उम्मीद है कि डीजीसीए से लाइसेंस इसी माह जारी हो जाएगा। इसके बाद दिसंबर में घरेलू और कार्गो विमान सेवा शुरू हो सकती है। शुरुआत में दिन के समय उड़ानें संचालित होंगी। सभी उपकरणों की कार्यक्षमता सामान्य होने के बाद रात्रि कालीन उड़ानें भी शुरू की जाएंगी।

**कैलिब्रेशन पूरी तरह सफल:** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के नोडल अधिकारी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि रनवे 28 के आईएलएस सिस्टम की सफल कैलिब्रेशन के साथ यह प्रक्रिया पूरी हो गई है। डीजीसीए से जल्द ही एयरोड्रोम लाइसेंस मिलने की उम्मीद है। टेस्ट फ्लाइट पूरी तरह सफल रही।

## 300 से अधिक भूखंडों के निरस्त होने पर लटकी तलवार

■ **इंडस्ट्री के लिए प्लाट आवंटित कराने के बाद नहीं शुरू किया निर्माण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में सरकार की मंशा के अनुरूप तेजी से विकास कार्य चल रहे हैं। वहां पर इंडस्ट्री लगाने के लिए पांच औद्योगिक पार्कों का निर्माण किया गया था। जहां पर इंडस्ट्री के लिए 1000 से अधिक प्लाट आवंटित किए गए थे। प्राधिकरण ने 336 पर आवंटियों को कब्ज्जा भी दे दिया बावजूद मात्र 25 भूखंड पर ही निर्माण कार्य चल रहा है। शेष भूखंड खाली पड़े हैं। निर्माण शुरू न करने वाले आवंटियों पर प्राधिकरण ने कार्रवाई की तैयारी की है। रिपोर्ट तैयार करने के लिए एक टीम का गठन किया गया है। टीम की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

**यह है स्थिति:** यमुना प्राधिकरण ने अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक इंडस्ट्री लगाने के लिए पांच औद्योगिक पार्क तैयार कराए थे। जिनका नाम एमएसएमई पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, हैंडीक्राफ्ट पार्क, टॉय पार्क और अपैरल पार्क हैं। इन पांचों औद्योगिक पार्कों में 1049 प्प्लाट आवंटित किए गए थे। प्राधिकरण ने जांच कराई तो चौकाने वाले तथ्थ्य सामने आए हैं। जांच में पता चला है कि मात्र 25 प्प्लाट पर ही निर्माण कार्य चल रहा है और 2 का काम पूरा हो गया है। शेष प्लाट खाली पड़े हैं। आवंटियों से वार्ता कर प्राधिकरण की टीम रिपोर्ट तैयार करेगी। आवंटी यदि जल्द निर्माण शुरू नहीं करेंगे तो उनका आवंटन निरस्ष्त हो सकता है।

## बिजली समस्याओं के लिए नोएडा दफ्तर के चक्कर काटने होंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में विद्युत निगम नई व्यवस्था के तहत 15 नवंबर से कार्य शुरू कर देगा। हालांकि, इस व्यवस्था से देहात क्षेत्र के उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ सकती है। दादरी, जेवर, दनकौर और रबूपुरा के लोगों को समस्याओं के समाधान के लिए नोएडा दफ्तर के चक्कर लगाने पड़ेंगे। विद्युत निगम की नई व्यवस्था के तहत बिलिंग के अधिशासी अभियंता शिवम त्रिपाठी का सेक्टर-16 पुराना बिजली उपकेंद्र परिसर में दफ्तर है। बिलिंग समस्याओं के समाधान के लिए देहात क्षेत्र के लोगों को सेक्टर-16 बिजली दफ्तर के चक्कर लगाने पड़ेंगे।

वहीं, बिजली कनेक्शन जारी करने वाले अधिशासी अभियंता मोहित गोयल का सेक्टर-18 डीएलएफ बिजली उपकेंद्र में दफ्तर है। मीटरों से संबंधित समस्या के निस्तारण के लिए अधीशासी अभियंता का दफ्तर भी सेक्टर-18 में मेट्रो स्टेशन के पास है। इस व्यवस्था से देहात क्षेत्रों के उपभोक्ताओं की दिक्कतें बढ़ेंगी। साथ ही विद्युत निगम की चुनौतियां भी बढ़ेंगी। शत-प्रतिशत समस्याओं को हेल्प डेस्क से समाधान होना संभव नहीं है। ऐसे में उपभोक्ताओं को बिजली दफ्तर के चक्कर लगाने पड़ेंगे। वहीं, विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता विवेक कुमार पटेल ने बताया कि उपभोक्ताओं की सभी समस्याओं का हर संभव समाधान किया जाएगा। देहात क्षेत्रों में भी हेल्प डेस्क शुरू हो चुकी है।

## प्रदूषण बढ़ने पर एयर प्यूरीफायर का सहारा

**नोएडा।** शहर में प्रदूषण की वजह से लोगों सांस की दिक्कत और एलर्जी सहित अन्य परेशानियां हो रही हैं। इससे बचाव के लिए घरों में एयर प्यूरीफायर लगाया जा रहा है। ग्रेनो वेस्ट निवासी आशीष दुबे ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण के कारण एयर प्यूरीफायर का सहारा लेना पड़ रहा है। प्रदूषण से बचाव के पौधे भी लोग घरों में लगा रहे हैं। सोसाइटी के पास लगातार धूल उड़ती है। इससे लोग बीमार भी हो रहे हैं। वहीं, ऐस डिवीनो सोसाइटी के निवासी अतुल श्रीवास्तव ने कहा कि आरएमसी प्लांट से निकलने वाले धुएं के कारण लोगों को परेशानी हो रही है।

प्रदूषण विभाग से सभी शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा। प्रदूषण की रोकथाम के लिए सड़कों पर पानी का छिड़काव भी नहीं हो रहा है।

# यमुना सिटी में 2026 तक शुरू होंगे पांच इंडस्ट्रियल पार्क

■ **एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त, 1049 प्लाट का आवंटन, एक ट्रिलियन इकोनॉमी है टारगेट**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** प्रदेश सरकार का लक्ष्य इकोनॉमी को एक ट्रिलियन करना है। इसके लिए जरुरी है योजनाओं को समय रहते ग्राउंड पर उतारना। इसके लिए यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने एक टारगेट सेट किया।

प्राधिकरण ने सीईओ राकेश सिंह ने कहा कि वो मेडिकल डिवाइस पार्क, हैंडीक्राफ्ट पार्क, टॉय पार्क, अपैरल पार्क और एमएसएमई पार्क का संचालन 2026 तक कर देंगे। देरी नहीं हो इसके लिए प्रत्येक पार्क के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

ये पार्क 1,000 एकड़ से अधिक लैंड पर विकसित किए जा रहे हैं। यहां कुल 1,049 प्लॉटों का आवंटन किया गया है, जिनमें से 336 अलॉटियों ने कब्जा ले लिया है, लेकिन अधिकतर इंडस्ट्री अब भी फंक्शनल नहीं हो सके है।

कई प्लॉटों पर अभी तक एक भी फैक्ट्री चालू नहीं हुई है। इसी स्थिति को बदलने के लिए यीडा ने नोडल अधिकारियों को हर 15 दिन में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

**नोडल अधिकारी देंगे रिपोर्ट:** नोडल अधिकारी भूमि अधिग्रहण, सड़क कनेक्टिविटी, बिजली और पानी की उपलब्धता जैसे प्रमुख मुद्दों पर फोकस करेंगे। साथ ही प्रत्येक प्लॉट की फील्ड रिपोर्ट तैयार करेंगे और उन मामलों की पहचान करेंगे जहां प्लॉट तो आवंटित हो गए लेकिन निर्माण शुरू नहीं हुआ है। अथॉरिटी ने चेतावनी दी है कि कब्जा लेने के बाद भी निर्माण नहीं शुरू करने वाले प्लॉट्स का आवंटन रद्द किया जा सकता है।

**इन अधिकारियों को मिली जिम्मेदारी:** नियुक्त नोडल अधिकारियों में एसडीएम कृष्ण गोपाल त्रिपाठी (मेडिकल डिवाइस पार्क), डिप्टी कलेक्टर अजय कुमार शर्मा (एमएसएमई पार्क), ओएसडी शिव अवतार सिंह (हैंडीक्राफ्ट पार्क), ओएसडी शैलेंद्र कुमार सिंह (अपैरल पार्क) और एसडीएम अभिषेक शाही (टॉय पार्क) शामिल हैं। ये अधिकारी विभागों के साथ समन्वय कर रजिस्ट्री, लीज डीड और मैप अप्रूवल जैसे कार्यों में तेजी लाएंगे।

यीडा सीईओआरके सिंह ने कहा, "औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इससे देरी दूर होगी, निर्माण गति पकड़ेगा और क्षेत्र में औद्योगिक निवेश बढ़ेगा।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# महिला की सांप के काटने से उपचार के दौरान मौत

## परिजनों ने लगायां डॉक्टरों पर इलाज के दौरान लापरवाही और ओवरडोज देने का आरोप, डॉक्टर पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू)के दिल्ली एनसीआर महासचिव प्रदीप धामा की पत्नी सुंदर देवी की सांप काटने से उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने जिला अस्पताल के डॉक्टर पर इलाज के दौरान लापरवाही और ओवरडोज देने का आरोप लगाया है। यह घटना देर रात हुई।

परिजनों के अनुसार, सुंदर देवी को रात में सांप ने डस लिया था। उन्हें पहले सीएचसी बागपत ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। करीब एक घंटे के उपचार के बाद उनकी तबीयत में सुधार हो गया था। पीड़ित परिजनों का आरोप है कि जब सुंदर देवी को घर ले जाने की तैयारी थी, तब इमरजेंसी में मौजूद एक डॉक्टर ने उन्हें एक इंजेक्शन दिया। परिजनों का दावा है कि यह डोज निर्धारित मात्रा से अधिक थी, जिसके कारण सुंदर देवी की 10



मृतका फाइल फोटो

सेकंड के भीतर ही मौत हो गई। सुंदर देवी के परिजन संजय डीलर ने बताया कि अस्पताल पहुंचने पर उपचार के बाद उनकी तबीयत ठीक थी, लेकिन चलते समय डॉक्टर द्वारा दी गई अधिक डोज से उनकी मौत हुई। संजय डीलर ने यह भी आरोप लगाया कि डॉक्टर नशे की हालत में थे। भाकियू के जिला अध्यक्ष प्रताप गुर्जर ने जिला



अस्पताल के डॉक्टरों के लापरवाह रवैये पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अस्पताल लोगों की सुविधा के लिए है, लेकिन डॉक्टरों की लापरवाही से जानें जा रही हैं। उन्होंने इस मामले में दोषी डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। भाकियू नेता हरेंद्र दांगी ने भी डॉक्टरों की लापरवाही पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि पहले भी कई बार लापरवाह डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है और धरने प्रदर्शन भी हुए हैं, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ। उन्होंने इस घटना के लिए जिम्मेदार डॉक्टरों पर तत्काल कार्रवाई की मांग दोहराई। प्रदीप धामा और सुंदर देवी का विवाह 21 वर्ष पहले हुआ था। उनके दो बच्चे हैं, जिनमें बड़ा बेटा मानवेंद्र और छोटी बेटी मानवी शामिल हैं। स्थानीय लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना दे रहे हैं और सभी दोषी डॉक्टरों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।









# गांव में पशुओं के मरने का सिलसिला जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव मे पशुओं मे फैली बिमारी के चलते पशु पालक है। सैकड़ों पशुओं की एक माह में मौत हो चुकी है जिसके बाद डाक्टरो की टीम लगातार गांव मे आकर पशुओं की जांच करने मे लगी हुई है।

ढिकोली गांव में पशुओं में फैली अज्ञात बीमारी के चलते सैकड़ों पशुओं की मौत हो चुकी है जिसके चलते पशुपालक परेशान है और परेशान है। किसान देवेन्द्र ने बताया कि गांव मे पशुओं के मरने का सिलसिला जारी है अब भी गांव मे बहुत पशु बीमार है। डाक्टरो की टीम गांव मे आती है और खानापूर्ति कर चली जाती है अभी डाक्टरो पर दवाईयां उपलब्ध नही होती है। डाक्टर बाहर से दवाईया लिखते है जिसमे



वह असमर्थ है लगातार ग्रामीणों की मांग के बाद स्वास्थ्य विभाग पिछले तीन दिनो से लगातार गांव मे पशुओं की जांच करने मे लगे है जिसके बाद गांव मे पशुओं मे अब सुधार है। पशु चिकित्सक अधिकारी डाक्टर सुभम, राजकुमार ने बताया कि पशुओं की लगातार जांच कर दवाईयां वितरित की जा रही है जिससे पशुओ को अब लाभ है।

# हार्ट अटैक से एमसीडी कर्मचारी की मौत, तीन घंटे तक नहीं आई एंबुलेंस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कमाला गांव के रहने वाले एमसीडी कर्मचारी को बुधवार की सुबह हार्ट अटैक पड़ गया। जिसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए बिनौली सीएचसी पर ले गए। जहां चिकित्सकों ने कर्मचारी को मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने तभी एंबुलेंस को कॉल की थी, लेकिन तीन घंटे तक भी एंबुलेंस नहीं आई, जिसके चलते तीन घंटे तक शव बिनौली सीएचसी पर ही रखा रहा।

कमाला गांव का रहने वाला 57 वर्षीय अनिल दिल्ली एमसीडी का कर्मचारी था। परि. जनों ने बताया कि बुधवार की सुबह अनिल डयूटी पर जाने के लिए तैयार हो रहा था। इसी बीच उसे हार्ट अटैक पड़ा और वह जमीन पर गिर गया। आनन-फानन में परिजन अनिल को उपचार के लिए बिनौली सीएचसी पर ले गए। जहां चिकित्सकों ने अनिल को मृत घोषित कर दिया। अनिल के परि. जनों का आरोप है कि उन्होंने तभी शव को बागपत पोस्टमार्टम हाउस भिजवाने के लिए एंबुलेंस को कॉल कर दी थी, लेकिन तीन घंटे तक एंबुलेंस नहीं आई। तीन घंटे बाद जब वे शव लेकर चलने लगे, तो एंबुलेंस गेट पर मिली। जिस पर परिजनों ने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों से शिकायत की। वहीं, ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के दो पुत्र है। बड़ा पुत्र पीएसी का जवान है। फिलहाल उसकी डयूटी बिहार चुनाव में लगी है। वहीं, अनिल की मौत के बाद से परि. जनों में कोहराम मचा हुआ है।

# एडिशनल एसपी ने किया रमाला थाने की सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने रमाला थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एडिशनल एसपी ने थाने पहुंचे फरियादियों से बातचीत की और पुलिसकर्मियों के व्यवहार के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मौके पर ही कई फरियादियों की समस्याओं का समाधान भी कराया। प्रवीण सिंह चौहान ने पुलिसकर्मियों को डयूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त चेतावनी दी। उन्होंने क्षेत्रीय लोगों के साथ बेहतर सामंजस्य स्थापित करने पर जोर दिया। एडिशनल एसपी ने अपरा. धियों की धरपकड़ के लिए निरंतर चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बॉर्डर चौकियों पर पुलिसकर्मी नियमित रूप से बैरिकेड लगाकर संदिग्ध वाहनों की तलाशी लें और बिना जांच के किसी को भी जनपद में प्रवेश न दें। उन्होंने लंबित विवेचनाओं का तत्काल निस्तारण करने और अपराधियों की गिरफ्तारी व अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। एडिशनल एसपी ने थाने में साफ-सफाई, महिला हेल्प डेस्क, बैरक, अभिलेखों के रखरखाव और जनसुनवाई डेस्क सहित विभिन्न स्थानों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नियमित रूप से थाने में मीटिंग आयोजित करने को भी कहा। एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने स्पष्ट किया कि यदि कोई भी पुलिसकमी अपनी डयूटी में लापरवाही करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पॉलिटेक्निक के छात्रों से छात्रावास के नाम पर की गई अवैध वसूली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** दिगंबर जैन पॉलिटेक्निक के छात्रों से छात्रावास के नाम पर की गई अवैध वसूली पर वार्डन पर गाज गिर गई है।

उन्हें संस्था के चेयरमैन ने पद से हटाते हुए जांच भी शुरू कराई है। दरअसल, डीजे पॉलीटेक्निक के छात्रों से छात्रावास में रहने की एवज में वार्डन द्वारा अवैध वसूली का आरोप था। छात्रों का आरोप था कि प्रत्येक छात्र से सिक्योरिटी, मेंटिनेंस चार्ज के रूप में 6000 रुपये वसूल किए जा रहे थे। छात्रावास फीस के नाम पर उनसे अवैध वसूली को लेकर सितंबर माह में छात्रों ने जमकर हंगामा कर डीएम, एसडीएम को भी ज्ञापन सौंपे थे। छात्रों के आरोप थे कि छात्रावास की मरम्मत तक नहीं की जाती, बिजली, पंखे सब खराब पड़े हुए हैं। मैस तक की व्यवस्था छात्रावास में नहीं है। इस मामले को संस्था के चेयरमैन ने गम्भीरता से लिया। चेयरमैन वरुण जैन ने छात्रों से ली गई अतिरिक्त धनराशि को 24 घन्टे के भीतर वापस लौटाने के भी आद. ेश जारी किये।

अभी 95 फीसदी छात्रों का पैसा रिफंड किया जा चुका है। वहीं संस्था चेयरमैन द्वारा वार्डन शैलेन्द्र विमल को हटा दिया है। उनके स्थान पर मुकेश कुमार को वार्डन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही मामले में जांच भी शुरू की गई हैं। चेयरमैन वरुण जैन का कहना है कि शैलेन्द्र विमल को वार्डन पद से हटा दिया गया है।

# यमुना नदी में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जागौश गांव में यमुना नदी में श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने शिवालयों में जलाभिषेक भी किया। यमुना नदी के तट पर जाकर श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान करते हुए भंडारा भी किया जिसमें सैकड़ो की तादाद में लोगों ने प्रसाद वितरण किया। साधु संतों ने भी यमुना नदी में स्नान करते हुए कार्तिक पूर्णिमा पर यमुना नदी में डुबकी लगाकर स्नान किया। सुबह 4 बजे से यमुना नदी के किनारे पर जागौश गांव में श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया था जो पूरा दिन चला रहा आसपास क्षेत्र के लोगों ने यमुना नदी के जयकारे लगाते हुए यमुना मैया की आरती उतारी यमुना नदी के घाट पर



दीपदान करते हुए प्रमुख स्नान किया।

शिव मंदिर के पुजारी अनिल पांडे ने बताया कि यमुना नदी के तट पर सुविचार 5 बजे से भारी संख्या में श्रद्धालुओं का यमुना नदी में डुबकी लगाने के लिए जन सैलाब उमड़ रहा था मंदिरों में श्रद्धालुओं का आवागमन सुबह 5 शुरू हो गया था जो दिन भर चलता रहा कार्तिक पूर्णिमा का स्नान करने के लिए यमुना नदी पर भंडारे भी किए गए जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

# शिविर में नागरिकों से अभियान के तहत लिए सुझाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** आपका सुझाव लाएगा बदलाव समर्थ उत्तर प्रदेश के भी सुझाव दिए जा रहे हैं विकसित उत्तरप्रदेश/2047 जनता के सुझावों से भविष्य की दिशा तय होगी।

शिविर में नागरिकों से विकसित उत्तर प्रदेश /2047 अभियान के अंतर्गत सुझाव लिए गए। लोगों ने उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक विकसित प्रदेश बनाने के लिए अपने विचार साझा किए। अभियान का उद्देश्य शासन और जनता के बीच संवाद बढ़ाकर नागरिक सहभागिता आधारित विकास मॉडल को प्रोत्साहित करना है जिसके क्रम में नगर पालिका में आम जनमानस में अपने सुझाव दिए और जगह-जगह जनपद के पुलिस लाइन अन्य स्थलों पर भी कैंप



लगाए गए। जिले को सौर ऊर्जा की दिशा में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से बागपत में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार तेज हो गया है। जिला. धिकारी अस्मिता लाल के निर्देश पर जनपद की सभी नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में विशेष शिविर लगाए गए, जिनमें विभिन्न कार्यो से आए उपभोक्ताओं को योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और मौके पर ही पात्र इच्छुक लोगों का पंजीकरण किया गया। लोगों ने भी इस योजना में उत्साह दिखाया। डिप्टी कलेक्टर परियोजना अधिक. ारी मनीष यादव योजना के तहत जिनके पास घरेलू विद्युत कनेक्शन है, वे लाभ के पात्र हैं।

# बीडी पीते समय गंभीर रूप में झुलसी वृद्धा, अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शेरपुर लुहारा गांव की 65 वर्षीय वृद्ध महिला बीडी पीते समय आग में झुलस गई। बताया जा रहा है कि बीडी का पतंगा गिरने से वृद्धा के कपड़ों में आग लग गई। जब तक परिजनों ने आग बुझाई, तब तक वृद्धा गंभीर रूप में झुलस चुकी थी। वृद्धा को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शेरपुर लुहारा गांव की रहने वाली 65 वर्षीय वृद्धा सुनीता बीडी पीने की शौकीन है। बताया जाता है कि पिछले कुछ दिनों से सुनीता अपनी किसी रिश्तेदारी में बड़ौत आई हुई थी। जहां मंगलवार की देरशाम वह खाना खाने के बाद बीडी पीने लगी। इसी दौरान बीडी का पतंगा सुनीता के कपड़ों पर गिर गया। देखते ही देखते कपड़ों में आग लग गई। आग की लपटों में घिरी वृद्धा सुनीता ने शोर मचाया, तो परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने जैसे-तैसे आग बुझाई। इसके बाद वे वृद्धा को उपचार के लिए अस्पताल ले गए।

जहां से चिकित्सकों ने वृद्धा को हॉयर सेंटर रेुर कर दिया। परिजन तुरंत ही वृद्धा सुनीता को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने वृ)ा का उपचार शुरू कर दिया है। जिला अस्पताल के सीएमएस डा. अनुराग वार्षेय ने बताया कि वृद्धा की हालत अब खतरे से बाहर है।

# बागपत के यश यादव ने फेडरेशन कप में जीता स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गौना सहबानपुर के यश यादव ने हिमाचल प्रदेश के कागड़ा जिले मे हुई सीनियर सेकेंडरी स्कूल रैट फाउंडेशन कप प्रतियोगता मे पावरलिफ्टिंग में गोल्ड मेडल जीत गांव और जिले का नाम रोशन किया।

गौना सहबानपुर निवासी यश यादव ने 2 से 5 नवम्बर 2025 तक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रैट (हिमाचल प्रदेश) में आयोजित फेडरेशन कप इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप-2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 59 किलोग्राम ओपन एज कैटेगरी में स्वर्ण पदक हासिल कर गांव और जिले का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा किया गया था,यश





यादव ने कुल 475 किलोग्राम (स्क्वाट 172.5 किग्रा, बेंच प्रेस 112.5 किग्रा, डेडलिफ्ट 190 किग्रा) का शानदार प्रदर्शन कर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। प्रतियोगिता में देशभर से सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। यश यादव एक किसान परिवार से संबंध रखते हैं, उन्होंने अपनी इस जीत का श्रेय अपने माता-पिता और पूरे परिवार को दिया है, जिनके सहयोग और आशीर्वाद से उन्होंने यह सफलता हासिल की,यश यादव इससे पहले भी कई राष्ट्रीय स्तर की पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं, और लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, यश ने अपने राज्य उत्तर प्रदेश और जिले बागपत का नाम गर्व से रोशन किया है, वे अपने गांव में एक देसी जिम चलाते हैं,

जहां वे युवाओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण देकर ग्रामीण क्षेत्र में खेल को बढ़ावा दे रहे हैं। अब यश यादव आगामी मई 2026 में आयोजित होने वाली 'इक्विप्ड एशियनपावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। यश का कहना है कि उनका सपना है कि वह अपने देश के लिए स्वर्ण पदक जीतकर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत का तिरंगा लहराये।

## एक नजर

# गंगा स्नान पर्व के मद्देनजर एएसपी ने लिया पक्का घाट पर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान पर्व के मद्देनजर एएसपी प्रवीण कुमार चौहान ने कोतवाली क्षेत्र के पक्का घाट पर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पारंपरिक मेले और श्रद्धालुओं की सुरक्षा तैयारियों का बारीकी से अवलोकन किया। एएसपी चौहान ने घाट पर बैरिकेडिंग, यातायात प्रबंधन, पार्किंग स्थलों, प्रकाश व्यवस्था और गोताखोरों की तैनाती का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की भीड़ के दौरान सुरक्षा में कोई लापरवाही न हो। उन्होंने जल पुलिस और गोताखोरों को सतर्क रहने तथा नदी किनारे सुरक्षा घेरा सुनिश्चित करने के भी आदेश दिए। यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए एएसपी ने आने-जाने वाले मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए, ताकि जाम की स्थिति से बचा जा सके। उन्होंने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अस्थायी प्रकाश व्यवस्था और सार्वजनिक सूचना प्रणाली को बेहतर बनाने पर भी जोर दिया। एएसपी चौहान ने सभी अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ डयूटी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन और पुलिस का उद्देश्य श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना है, ताकि पर्व शांतिपूर्ण और श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। इस निरीक्षण के दौरान स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी, थाना प्रभारी और संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

# अधिशासी अधिकारी ने दी योजनाओं के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उपभोक्ताओं को अपनी छत पर सोलर रूफटॉप पैनल स्थापित करने पर सरकार आकर्षक सब्सिडी प्रदान कर रही है। यह संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन है और उपभोक्ता पर जाकर बिजली बिल एवं आधार कार्ड अपलोड कर आसानी से आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने ने बताया कि 2 किलोवाट पर 90 हजार की सब्सिडी योजना के अनुसार 2 किलोवाट का सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाने पर लगभग 1,30,000 की लागत आती है, जिसमें सरकार की ओर से 90,000 की सब्सिडी सीधे दी जाएगी। इस प्रकार उपभोक्ता को मात्र 40,000 का व्यय करना होगा। वहीं 3 किलोवाट से अधिक क्षमता वाले रूफटॉप सिस्टम पर 1,08,000 की सब्सिडी का प्रावधान है। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को बैंक द्वारा 7 प्रतिशत ब्याज दर पर 2 लाख तक का ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 फरवरी 2024 को इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य हर घर को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाना है। इससे न केवल बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आएगी, बल्कि अतिरिक्त विद्युत उत्पादन को ग्रिड में भेजकर उपभोक्ता आय भी अर्जित कर सकेंगे। पिछले माह जिलाधिकारी ने योजना की समीक्षा बैठक में प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगर निकाय को इस योजना के प्रति जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। उसी क्रम में नगर निकायों में लगे शिविरों में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी के के भड़ाना में योजनाओं के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी और योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए पंजीकरण कराए जाने के लिए सभी से आवाहन किया।

# मोबाइल फोन पर ठगों का जाल युवक से ठगे 40 हजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** एक युवक से साइबर ठगो ने हजारो की नगदी ठग ली मोबाइल फोन पर लगातार साइबर क्राइम बढता जा रहा है लोग झासे मे आकर साइबर ठगो का शिकार हो रहे है। रटौल निवासी इजराइल पुत्र शौकीन ने बताया कि साइबर ठगो ने उसे दोगुना पैसा करने और ईनाम निकलने के नाम पर थोड़े थोडे कर चालीस हजार रूपये अपने मोबाइल मे डलवा लिये। बाद मे युवक को पता चला की वह साइबर ठगो के झासे मे आ गया है। दरअसल आनलाईन कारोबार के नाम पर भी हाल बेचने के नाम पर भी ठगी चल रही है जिसमे साइबर ठग कपड़े बेचने से लेकर अन्य समान बेचने के नाम पर सस्ते दाम का लालच दे।

लोगो से पैसा डलवा लेते है बाद मे जब वह डिलवरी नही होता है तो साइबर ठगी का पता चलता है। 500 से लेकर हजार रूपये तक की ठगी को लोग नजर अंदाज कर देते है जिससे साइबर ठगो के हौसले बुलंद है। इसलिए मोबाइल फोन पर कोई आफर दे तो समझ जाये आप साइबर ठगी का शिकार हो सकते है।

# जन्मदिन की पार्टी बनी हिंसा का मैदान, युवक को बेरहमी से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र के गांव हसनपुर लुहारी से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जिसमें जन्मदिन की पार्टी के दौरान एक युवक को उसके ही परिचित साथियों ने डंडों, बेल्ट और लात-घूंसों से बेरहमी से पीट दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और कानून व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।जानकारी के अनुसार, पीड़ित युवक सचिन पुत्र सेवाराम निवासी मोहल्ला टंकी वाला, ग्राम हसनपुर लुहारी है, जो पिछले पांच वर्षों से गुड़गांव में रहकर कार्य करता है। सचिन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 अक्तूबर को वह अपने गांव आया हुआ था, तभी उसके दोस्त सूरज पुत्र प्रवीन ने बताया कि उसका जन्मदिन है और बेरी के बाग लुहारी में पार्टी रखी गई है।सचिन के मुताबिक, पार्टी में शराब और गानों का माहौल था। जब उसने शराब पीने से मना किया तो सूरज और उसके साथियों ने गाली-गलौज कर उसे वहां से भगा दिया। अगले दिन 27 अक्तूबर को सूरज ने दोबारा फोन कर बुलाया और कहा कि आज खानपान होगा।

सचिन अपने दोस्त लक्की पुत्र घसीटू के साथ पार्टी में पहुंचा, जहां पहले से ही सूरज और उसके साथी अंकुर पुत्र राजेश, लीलू पुत्र दिवेंद्र, हर्ष पुत्र सलीम और छोटा पुत्र धोला पुत्र नाथी मौजूद थे।सचिन का आरोप है कि पहले से रची साजिश के तहत इन लोगों ने उस पर बेल्ट, डंडों और लात-घूंसों से हमला कर दिया। लक्की जब बीच-बचाव के लिए आया तो उसे भी पीटा गया। इस दौरान गांव के ही चंदन पुत्र सुनील ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि हमलावरों ने सचिन को पेड़ से बांध रखा है और लगातार उसकी पिटाई कर रहे हैं। सचिन बार-बार हाथ जोड़कर माफी मांगता नजर आता है, लेकिन इसके बावजूद उसकी पिटाई जारी रहती है। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है।

पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद हमलावरों ने उसे धमकी दी थी



कि अगर पुलिस में शिकायत की तो जान से मार देंगे, जिसके डर से वह गुड़गांव चला गया था। अब वीडियो वायरल होने पर परिजनों ने उसे वापस बुलाया और उसने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र रावत ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच कराई जा रही है और उसमें दिख रहे युवकों की पहचान की जा रही है। सत्यता की पुष्टि होने के बाद सभी दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगा।

# सुरेश राणा ने किया ट्यूबवैल का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** नगर पंचायत द्वारा स्वच्छ जलापूर्ति की दिशा में एक और कदम उठाते हुए मोहल्ला हाफिज दोस्त में जगत सिंह पुलिया के पास नई टड्बवेल इस शिलन्यास पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने किया किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे और मंत्री का फूलमालाओं से स्वागत किया। शिलान्यास के पश्चात मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार विकास के कार्यों में नई ऊंचाइयां छू रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार हर कस्बे और गांव में पेयजल, सड़क, स्वच्छता और सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दे रही है।उन्होंने कहा कि थानाभवन में बने संत बूढ़ा बाबू देवस्थल ने क्षेत्र की पहचान को एक नई दिशा दी है। आज यह स्थल श्रद्धा, आध्यात्मिकता और सामाजिक



मेलजोल का केंद्र बन गया है, जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में माताएं, बहनें और बुजुर्ग लोग घूमने जाते हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि यह स्थल सिर्फ पूजा का नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और स्वास्थ्य जागरूकता का प्रतीक बन गया है।नारी सुरक्षा को लेकर बोलते हुए राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में महिलाएं पहले से अधिक सुरक्षित और सशक्त हुई हैं। मिशन शक्ति जैसी योजनाएं इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं।इस अवसर पर पहली बार मंच संभालते हुए सभासद पति महावीर सिंह ने कहा कि हमेरे वार्ड की जनता और मैं पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा का तहे दिल से आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने हमारे क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है।कार्यक्रम में नगर अध्यक्षा,राव मुश्यदा अधिकारी जितेंद्र राणा, नीरज गोयल, सभासद देवेंद्र, महबूब, विनोद, सुरेश सैनी, कन्हैया सैनी, अंशुल, बॉबी अरोड़ा सहित सभी सभासद, स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता, नगर पंचायत कर्मचारी और सैकड़ों नागरिक मौजूद रहे।

## संदिग्ध से तलाशी के दौरान अवैध तमंचा मिला

**ऊन।** पुलिस ने रात्रि गस्त के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा तलाशी के दौरान उसके पास से तमंचा का कारतूस बरामद हुआ पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गत रात्रि पुलिस ने गस्त के दौरान गांव हरसाना के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया तलाशी के दौरान उसके पास से एक तमंचा 315 बोर व कारतूस बरामद किया तथा अपना नाम सोनू पुत्र इकबाल निवासी गांव पटनी बताया ।चौकी प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति को तमंचा कारतूस के साथ पकड़ा है अभियोग पंजीकृत कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

## सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले व्यापारी से कार सवारों ने छीना मोबाइल की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** सुबह के समय घूमने निकले व्यापारी से कार सवार लोगों ने मारपीट कर मोबाइल छीन लिया। जिसके बाद कार सवार मौके से फरार हो गए। पीड़ित व्यापारी द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने कार सवारों की तलाश के लिए सीसीटीवी खंगाले। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बुधवार की सुबह कस्बे के व्यापारी संजय बिदंल सुबह सवेरे ऊन रोड पर घूमने के लिए जा रहे थे।जब वह ऊन रोड पर सपना सिनेमा के पास पहुंचे तो पीछे से काले रंग की रंग रुकी और उसमें से उतरे चार युवकों ने व्यापारी संजय बिदंल से मारपीट धक्का मुक्की कर जबरदस्ती मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। जिसके बाद व्यापारी द्वारा मामले की सूचना परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों की तलाश की लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया मामले की सूचना मिली थी तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।





# खेल और खिलाड़ियों को समर्पित हैं चौ. जयंत सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** विधानसभा के ग्राम कासमपुर में विधायक विकास निधि योजना के अंतर्गत नवनिर्मित ओपन जिम के उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर थानाभवन विधायक अशरफ अली खान ने कहा कि हमारे नेता केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह अपनी सांसद निधि की सारी धनराशि युवाओं को स्वास्थ के प्रति सजग करने हेतु खेल और खिलाडीयों को समर्पित कर रहे हैं। उनकी सोच को आगे बढ़ाते हुए ग्राम कासमपुर का यह ओपन जिम भी यहां के युवाओं को स्वास्थ के प्रति जागरूक करने का कार्य करेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामवासियों को शामली सदर विधायक प्रसन्न चौधरी राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र चेयरमैन साहब जिला पंचायत सदस्य उमेश पंवार ग्राम प्रधान नीरज चौधरी ने युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति सजगता के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, घायल



**शामली।** कैराना क्षेत्र के गांव कंडैला निवासी एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को शामली जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसको गंभीर चोटे आई है। कैराना क्षेत्र के गांव कंडैला निवासी इरशाद बुधवार को अपनी बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से बुढाना जा रहा था। बताया जाता है कि जब वह शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव बुटराडी के निकट पहुंचा तो इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन सवार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे इरशाद गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को राहगीरों की मदद से शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों ने बताया कि इरशाद को गंभीर चोटे आई है।

### अवैध 126 ग्राम चरस बरामद

**शामली।** शहर कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन सवेरा अभियान के क्रम में एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध 126 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के निर्देश पर देर रात्रि को शहर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक मादक पदार्थ तस्कर अभियुक्त छप्पी उर्फ सरफराज पुत्र इरशाद निवासी नौकुआ को अवैध 126 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त छप्पी उर्फ सरफराज उपरोक्त के मादक पदार्थो तस्करी के अवैध कारोबार के सम्बन्ध में इसके लिंक की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने तस्कर को जेल भेज दिया।

### किसान ने थाने पर की शिकायत, रुपए दिलवाने की मांग

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुगड्डा निवासी एक किसान ने अपने गांव के ही दूसरे किसान पर उसके रूपए नहीं देने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुगड्डा निवासी किसान कासिम पुत्र इस्लाम ने बताया कि उसने अपने गांव के ही एक किसान को अपनी कृषि भूमि ठेके पर दी थी। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने फसल उगाने के बाद काट ली और अब पीड़ित के ठेके के रूपए नहीं लौटा रहा है। पीड़ित जब अपने रूपयों की मांग करते हैं तो आरोपी उसके साथ गाली गलौज व मारपीट पर उतारू हो जाता है। बुधवार को पीड़ित किसान ने थाने पर पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित को जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इं. का. में कम्प्यूटर लैब का उद्घाटन



**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गुरु नानक जयंती व गंगा स्नान के अवसर पर नई कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल, विद्यालय के अध्यक्ष गुलशन राय व सदस्य चंद्र देव, चंचल गोयल, प्रभात भार्गव, पूर्व आईजी विजय कुमार ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि राजेश्वर बंसल ने रीबन काटकर कंप्यूटर लैब का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की प्रगति के लिए विद्यालय में दो डिजिटल बोर्ड और 17 कंप्यूटर उपहार स्वरूप दिए हैं ताकि बालिकाएं समय से तकनीकी का ज्ञान प्राप्त करें और आगे बढे। उन्होंने अंग्रेजी भाषा सीखने पर भी बालिकाओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा बेटियां तीन घरों को शिक्षित करती हैं। विजय गर्ग ने कहा एक अच्छे राष्ट्र के निर्माण के लिए उसके समाज का शिक्षित होना बहुत जरूरी है। जिसमें बेटियां अहम भूमिका निभाती है। प्रबंध समिति के सम्मानित सदस्यों ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संजीव कुमार, संदीप कुमार, गीता रानी, कविता, उपासना, वंदना, अनीता, सुरभि रानी, आकांक्षा, रवि कुमार, मोहित कुमार, अश्विनी कुमार, विकास कुमार, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# हरियाणा सरकार की रोक से यूपी के किसान परेशान, बॉर्डर पर अटकी धान की गाड़ियां, बढ़ी आर्थिक मुश्किलें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** हरियाणा सरकार और यूपी के बीच धान खरीद को लेकर चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को भी हरियाणा सरकार की ओर से यूपी से आने वाली धान से भरी ट्रॉलियों और ट्रकों की एंट्री पर रोक जारी रही। हरियाणा-यूपी बॉर्डर स्थित मंगलौर पुलिस चौकी पर पुलिस ने सख्ती बरकरार रखते हुए यूपी के किसानों को राज्य में प्रवेश नहीं करने दिया, जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



यूपी के किसानों का कहना है कि वे हरियाणा की मंडियों में वर्षों से अपनी फसल बेचते आ रहे हैं। वहां के अढ़तियों ‍(कमिशन एजेंटों‍) से किसान पहले ही एडवांस पैसा लेकर अपनी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करते हैं, यहां तक कि कई किसान अपने बच्चों की शादियों तक के खर्च इन्हीं अढ़तियों से उठाए गए पैसों से करते हैं। किसान बताते हैं कि यूपी में पर्याप्त मंडियां न होने के कारण उन्हें हरियाणा की मंडियों पर निर्भर रहना पड़ता है।

**किसानों की पीड़ा**

बोगी माजरा निवासी किसान जगदीश ने बताया, हमैंने अपनी पांच बीघा जमीन में धान की खेती की थी, जिसे काटकर बेचने के लिए हरियाणा जा रहा था। लेकिन पुलिस ने बॉर्डर पर रोक लगा दी। मैंने हरियाणा के अढ़तियों से एडवांस पैसा ले रखा है, इसलिए मुझे वहीं फसल बेचनी है। अब एंट्री न मिलने से भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है।

वहीं, प्रेम कुमार, एक अन्य किसान ने बताया, हमैं दो दिन से बॉर्डर पर फंसा हुआ हूं। पुलिस हमें हरियाणा में घुसने नहीं दे रही है। हमारी ट्रॉली में रखा धान खराब होने लगा है। किसान यूनियन के नेता, जो खुद को किसानों का मसीहा बताते हैं, आज घरों में आराम से बैठे हैं। हमारी आवाज कोई नहीं उठा रहा। किसानों का कहना है कि अगर जल्द ही रोक नहीं हटाई गई, तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

हरियाणा सरकार की ओर से रोक के पीछे अभी तक कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। हालांकि स्थानीय प्रशासन का कहना है कि यह आदेश राज्यस्तर से आया है और जब तक उच्चाधिकारियों से निर्देश नहीं मिलते, तब तक यूपी से आने वाले धान को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस बीच, बॉर्डर पर सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और ट्रक फंसे हुए हैं। किसानों के चेहरों पर चिंता साफ झलक रही है, जबकि प्रशासनिक अधिकारियों ने हालात पर कड़ी निगरानी रखी हुई है।

## ग्रामीणों ने खुद संभाली सफाई की कमान, गलियों से कूड़ा स्वयं उठवाया



**बिडौली।** जनपद शामली के गांव बिड़ौली सादात में कूड़ा और कीचड़ ज्यादा होने से ग्रामीण परेशान हो गए थे। रास्तों पर चलना दुश्वार हो गया था और नालियों में भरे कीचड़ से दुर्गंध फैल रही थी। गांव में लंबे समय से सफाई न होने के कारण मोहल्लेवासी परेशान थे। मोहल्लेवासियों ने बताया कि यह रास्ता सोनू के आवास से होकर ईदगाह बांध तक जाता है। मोहल्ले की गली में सफाई न होने का आरोप लगाते हुए साजिद मंसूरी ने बताया कि न तो कोई सफाईकर्मी आता है और न ही कोई सफाई होती है। बुधवार को अपने खर्चे पर साजिद मंसूरी ने मोहल्ले की पूरी गली की सफाई ट्रैक्टर-ट्रॉली से कराई। मोहल्लेवासियों ने साजिद मंसूरी का आभार जताते हुए जिला प्रशासन से गांव में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने और सफाईकर्मी तैनात करने की मांग की है। सफाई अभियान में साजिद, साबिर, अशरफ सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## हवा में हथियार लहराते युवाओं की बढ़ती हीरोपंती, फोटो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो वायरल करने का ट्रेंड इन दिनों युवाओं में खतरनाक तरीके से तेजी पकड़ता जा रहा है। हालात यह हो गए हैं कि मानों कुछ युवा हथियार से जुड़े फोटो और रील बना कर खुद को 'हीरो' साबित करना चाहते हैं। बीते दिनों एक युवक का तमंचे के साथ फोटो वायरल हुआ था। उस वायरल प्रकरण में युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था, मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि फिर से एक युवक का हवा में हथियार लहराते हुए फोटो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर धड़ल्ले से वायरल हो गया है।



वायरल होती इस नई फोटो में युवक एक रिवॉल्वर को हवा में लहराकर भारी भीड़ के बीच जश्न मनाता हुआ दिखाई दे रहा है। तस्वीरों में हथियार दिखाने की यह शैली ना केवल कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बनती जा रही है, बल्कि समाज में गलत और खतरनाक माहौल तैयार कर रही है। युवाओं में यह गलत सोच विकसित होती जा रही है कि हथियार दिखाने से उनका रौब बढ़ता है और लोग उन्हें चुनौती नहीं दे पाएंगे। जबकि हकीकत बिल्कुल इसके उलट है,ऐसी हीरोपंती कुछ ही मिनटों में पुलिस केस, जेल, बदनामी और भविष्य के पतन में बदल जाती है।फिलहाल पुलिस इस वायरल फोटो को गंभीरता से लेते हुए तथ्य खंगालने में जुट गई है कि फोटो किस जगह लिया गया, किस कार्यक्रम में बनाया गया, हथियार वैध लाइसेंसी हथियार है या अवैध माध्यम से हासिल किया गया है।गौरतलब है कि सोशल मीडिया की चमक-दमक और बाहरी दिखावे की इस 'हीरोपंती' का परिणाम अंत में युवाओं के भविष्य को ही नुकसान पहुंचाता है। कुछ सेकेंड का स्टेटस, कुछ घंटों की वायरलिटी और लाइक्स की संख्या के लालच में युवक अपने कैरियर, प्रतिष्ठा और जिंदगी की दिशा को दांव पर लगा देते हैं। ऐसे खतरनाक चलन रोकने के लिए अभिभावकों, समाज के बुद्धिजीवियों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आगे आकर अपील करनी चाहिए कि इस बढ़ती प्रवृत्ति पर रोक लगाने में सहयोग करें और युवाओं को सही दिशा दिखाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। हथियारों की झूठी चमक, फर्जी हीरोपंती और गुमराह दिखावे का यह रास्ता कहीं नहीं ले जाता, सिर्फ बर्बादी तक ले जाता है। फिलहाल तो पुलिस वायरल फोटो की छानबीन में जुटी हुई है।



## दिल्ली-सहारनपुर हाइवे पर बंद और टिमटिमाती स्ट्रीट लाइटें बनी परेशानी का सबब

**थाना भवन।** दिल्ली- सहारनपुर हाइवे पर कस्बे के भीतर लगी स्ट्रीट लाइटें पिछले काफी दिनों से बंद पड़ी हैं जबकि कुछ लाइटें लगातार टिमटिमा रही हैं। इससे रात के समय हाइवे से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।रात में जब टिमटिमाती लाइटों की तेज चौंध वाहनों के चालकों की आंखों पर पड़ती है तो कुछ क्षणों के लिए आंखे चौंधिया जाती है जिससे दुर्घटना होने की संभावना बढ़ जाती है। वहीं कई खंभों पर लगी लाइटें पूरी तरह बंद हैं जिससे सड़क के अंधेरे हिस्सों में पैदल यात्रियों और दोपहिया चालकों को भी दिक्कत हो रही है।स्थानीय लोगों का कहना है ए लाइटें पिछले काफी दिनों से ऐसे ही खराब पड़ी हुई है और कुछ लाइटें टिमटिमा रही है।इतने दिन बीत जाने के बावजूद इन लाइटों की मरम्मत नहीं कराई गई। रामवीर फैय्याज तनवीर संजय कुमार ने बताया हाइवे पर लगी इन स्ट्रीट लाइटों की जिम्मेदारी नेरानल हाईवे की है उन्होने टोल तो प्रारम्भ कर दिया सुविधाऐ पूरी नही की। देर सायं साफ देखा जा सकता है कि कई स्ट्रीट लाइटें बुझी पड़ी हैं और कुछ टिमटिमा रही हैं, जिससे सड़क का एक बड़ा हिस्सा अंधेरे में डूबा रहता है।नेशनल हाईवे के ठेकेदार तुरंत कार्रवाई कर इनकी मरम्मत कराए ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और राहगीरों को राहत मिल सके।

# डंपिंग ग्राउंड के बाहर पड़ा कूड़ा ही कूड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र के गंगेरू मार्ग पर पालिका प्रशासन के द्वारा बनाया गया डंपिंग ग्राउंड राहगीरों ओर ग्रामीणों के लिए मुसीबत का सबक बना हुआ है। शिकायत के बाद भी पालिका के कर्मचारी कूड़े को डंपिंग ग्राउंड में न डालकर सड़क के किनारे डाल रहे हैं।पालिका प्रशासन के द्वारा कस्बे के गंगेरू मार्ग पर कूड़ा डाला जाता था, जिसके चलते आने जाने वाले राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कस्बे के लोगों की मांग पर पूर्व पालिका अध्यक्ष हाजी वाजिद हसन के द्वारा लाखों रूपए की कीमत से डंपिंग ग्राउंड का निर्माण कराया गया था। डंपिंग ग्राउंड का निर्माण होने के बाद राहगीरों और कस्बे के लोगों ने राहत की सांस ली थी। आरोप है कि पालिका में तैनात सफाई कर्मचारी कस्बे से कूड़ा उठाकर



डंपिंग ग्राउंड में न डालकर डंपिंग ग्राउंड के बाहर कूड़े को डाल रहे हैं। डंपिंग ग्राउंड के बाहर पड़े कूड़े के ढेर से निकलने वाली बदबू ने कस्बे के लोगों और गंगेरू मार्ग पर चलने वाले राहगीरों का जीना मुहाल कर रखा है। क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी संजीव ने जिला अधिकारी को शिकायत करते हुए डंपिंग ग्राउंड के बाहर पड़े बदबूदार कूड़े को डंपिंग ग्राउंड में डाले जाने की मांग की थी, लेकिन पालिका प्रशासन इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है। वर्तमान पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने भी चुनाव में कस्बे के लोगों से वादा किया था कि वह कस्बे को पेरिस बना देंगे। कस्बे में जगह-जगह पड़े कूड़े के ढेर और डंपिंग ग्राउंड के बाहर पड़ा बदबूदार कूड़ा लोगों में बीमारियां बांटने का काम कर रहा है। कस्बे के लोगों का कहना है कि कस्बे को पेरिस बनाने वाले पालिका अध्यक्ष अब ज्यादातर समय दिल्ली में बिताते हैं। क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी संजीव, इंतजार अली सहित कस्बे के कई लोगों ने प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ सहित उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर डंपिंग ग्राउंड के बाहर पड़े बदबूदार कूड़े से निजात दिलाए जाने की मांग की है। मामले में पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में आया हैं। डंपिंग ग्राउंड के बाहर पड़े कूड़े को उठवाकर डंपिंग ग्राउंड में डलवाया जाएगा।

# भारत की नजरें सीरीज में बढ़त बनाने पर

● टीम इंडिया सीरीज के चौथे टी-20 मैच में प्रमुख ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की अनुपस्थिति का फायदा उठाने को आत्मविश्वास से भरी हुई है

**क्वींसलैंड, वार्ता।** भारत गुरुवार को कैरारा ओवल में सीरीज के चौथे टी-20 मैच में प्रमुख ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की अनुपस्थिति का फायदा उठाने के इरादे से आत्मविश्वास से भरा हुआ है। ट्रैविस हेड के एशेज सीरीज के लिए स्वदेश लौटने के साथ, ऑस्ट्रेलिया को बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल का सामना करना पड़ेगा, जिससे भारत को अपनी बढ़त का फायदा उठाने और कड़े मुकाबले वाली सीरीज में 2-1 की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करने का सुनहरा मौका मिलेगा। शुभमन गिल और निडर अभिषेक शर्मा की अगुवाई में भारत का शीर्ष क्रम लगातार लय बना रहा है। सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा बीच के ओवरों में अपनी आक्रामकता और आक्रामकता दिखाते हैं, जो मुश्किल परिस्थितियों को भारत के पक्ष में मोड़ने में सक्षम हैं। भारत की बल्लेबाजी में गहराई - जिसमें जितेश शर्मा, वाशिगटन सुंदर और शिवम दुबे या रिकू सिंह शामिल हैं - यह सुनिश्चित करती है कि पूरी पारी में दबाव बनाए रखा जा सके, एक ऐसा कारक जो थोड़े अस्थिर ऑस्ट्रेलियाई लाइनअप के खिलाफ निर्णायक साबित हो सकता है। गेंदबाजी आक्रमण भी उतना ही संतुलित है। जसप्रीत बुमराह भारत के अगुआ बने हुए हैं, जबकि अर्शदीप सिंह दूसरे छोर पर गति और नियंत्रण प्रदान करते हैं। वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल की स्पिन जोड़ी मैच आगे बढ़ने के साथ कैरारा की सूक्ष्म स्पिन का पूरा फायदा उठाने के लिए उपयुक्त है, और बीच के ओवरों में विकेट लेने की उनकी क्षमता खेल का रुख बदल सकती है। हेड की अनुपस्थिति के बावजूद, ऑस्ट्रेलिया मिशेल मार्श, टिम डेविड, मार्कस स्टोइनिस और चंचल ग्लेन मैक्सवेल की आक्रामक बल्लेबाजी पर काफी हद तक निर्भर करेगा। नाथन एलिस और मैथ्यू कुहनेमैन भारत की रन गति पर अंकुश लगाने में अहम भूमिका निभाएंगे, जबकि बेन ड्वारशुइस और जेवियर बार्टलेट तेज गेंदबाजी में गहराई लाएंगे। मेजबान टीम को नियंत्रण हासिल करने के लिए सामूहिक प्रदर्शन की आवश्यकता होगी, खासकर उस सतह पर जो ऐतिहासिक रूप से लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों के अनुकूल रही है, जहां लगभग 180-190 रनों का प्रतिस्पर्धी स्कोर है। टॉस निर्णायक भूमिका निभा सकता है, क्योंकि टीमें पहले गेंदबाजी करने की संभावना रखती हैं, जिससे कैरारा ओवल की शुरुआती सीम मूवमेंट और बाद के चरणों में स्पिनरों की क्षमता का फायदा उठाया जा सकता है। एक रोमांचक मुकाबले के लिए मंच तैयार है, जहां गति में बदलाव, तेज पारी और रणनीतिक गेंदबाजी बदलाव परिणाम तय कर सकते हैं। श्रृंखला 1-1 से बराबर होने के साथ, भारत को बढ़त हासिल करने का एक अच्छा मौका दिख रहा है, जबकि ऑस्ट्रेलिया को अपनी उम्मीदों को बनाए रखने के लिए फिर से संगठित होकर पलटवार करना होगा। चौथा टी-20 मैच गुरुवार को भारतीय समयानुसार दोपहर 1:45 बजे शुरू होगा, जिससे प्रशंसकों को तीव्रता, नाटकीयता और क्रिकेट की चमक से भरपूर एक रोमांचक मुकाबले का वादा किया जा सकता है।

टीमें : ऑस्ट्रेलिया: टिम डेविड, मैथ्यू शॉर्ट, मिशेल मार्श (कप्तान), मिशेल ओवेन, मार्कस स्टोइनिस, जोश इंगलिस (विकेटकीपर), जोश फिलिप (विकेटकीपर), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, मैथ्यू कुहनमैन, ग्लेन मैक्सवेल, एडम जम्पा, तनवीर संघा, महली बियर्डमैन

भारत: सूर्या (कप्तान), गिल, तिलक, रिकू, अभिषेक शर्मा, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिगटन सुंदर, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी

# द. अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान

● पंत की टीम में वापसी हुई है जबकि तेज गेंदबाज आकाश दीप भी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं

**मुंबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया है। ऋषभ पंत की टीम में वापसी हुई है, जबकि तेज गेंदबाज आकाश दीप भी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। पंत को उपकप्तान की भूमिका मिली है, जबकि शुभमन गिल टीम की अगुआई करेंगे। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत 14 नवम्बर से होगी। टीम में ज्यादातर खिलाड़ी वही हैं, जो वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में टीम का हिस्सा रहे थे। करुण नायर की एक बार फिर अनदेखी हुई है। वह हाल ही में रणजी ट्रॉफी में शानदार फॉर्म में दिखे हैं। वहीं, टीम की ओपनिंग की जिम्मेदारी एक बार फिर यशस्वी और राहुल पर ही होगी। सुदर्शन नंबर तीन की भूमिका निभाएंगे। वहीं, नंबर तीन पर सुदर्शन और नंबर चार पर देवदत्त पडिक्कल या ध्रुव जुरेल में से किसी एक को मौका मिल सकता है। अक्षर, कुलदीप, सुदंर और जडेजा के रूप में टीम में चार स्पिनर हैं, जबकि बुमराह, सिराज और आकाश के रूप में तीन पेसर हैं। नीतीश पेस बॉलिंग ऑलराउंडर के तौर पर टीम में हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट मैच 14 नवम्बर से कोलकाता के ईडन गार्डेन्स में खेला जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट 22 नवम्बर से गुवाहाटी में खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमें 30 नवम्बर से छह दिसंबर तक तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी, फिर नौ दिसंबर से 19 दिसंबर तक दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। भारत की टेस्ट टीमरू शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर, उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, नीतीश कुमार रेढी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, आकाश दीप।

भारत-ए टीम भी घोषित-इसके अलावा चयन समिति ने दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भी भारत-ए टीम घोषित की। टीम की कप्तानी तिलक वर्मा करेंगे, जबकि ऋतुराज गायकवाड़ उपकप्तान हैं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## भारतीय खिलाड़ियों ने किया बैटिंग और बॉलिंग का अभ्यास

**करारा, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के साथ चल रही पांच टी-20 मैचों की सीरीज के चौथे मुकाबले से एक दिन पहले बुधवार को भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने जमकर बल्लेबाजी और गेंदबाजी अभ्यास किया। यहां मैच से एक दिन पहले भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर और सहयोगी सदस्यों के संरक्षण में अभ्यास सत्र के दौरान तेज गेंदबाज, जसप्रीत बुमराह और स्पिन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती ने अभ्यास किया। इसके साथ ही पिछले दो मुकाबलों बड़ा स्कोर करने में विफल रहे शुभमन गिल और तिलक वर्मा ने बल्लेबाजी का जमकर अभ्यास करते देखे गए। भारतीय टीम पिछले मैच में मिली जीत से उत्साहित है और वह कल होने वाले मैच में जीत हासिल कर सीरीज में बढ़त के इरादे से मैदान में उतरेगी।

## एशेज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में लाबुशेन की वापसी

मेलबर्न, वार्ता। जेक वेदरल्ड को पर्थ में खेले जाने वाले पहले एशेज टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है, जबकि मार्नस लाबुशेन को टेस्ट टीम में वापस बुलाया गया है। वेदरल्ड के अलावा, मेजबान टीम ने दो अन्य अनकैप्ड खिलाड़ियों - सीन एबॉट और ब्रेंडन डॉगेट - को भी टीम में शामिल किया है। 31 वर्षीय वेदरल्ड को पिछले सीजन में शेफ़ील्ड शील्ड में शानदार प्रदर्शन के बाद टीम में शामिल किया गया है, जहां उन्होंने तस्मानिया के लिए 18 पारियों में 50-33 की औसत से 906 रन बनाए थे। सैम कोंस्टास के टीम से बाहर होने के बाद, वह उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत करने की दौड़ में हैं। ऑस्ट्रेलिया की पहली टेस्ट टीम: स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, बोलैंड, कैरी, ब्रेंडन डॉगेट, ग्रीन, हेजलवुड, ट्रैविस हेड, इंगलिस, उस्मान,लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल स्टार्क

# रोहित-कोहली का द. अफ्रीका 'ए' के खिलाफ खेलना लगभग असंभव



● चयनकर्ताओं के पास इन तीन मैचों के लिए कुछ योजनाएं है और इन मैचों के लिए दोनों अनुभवी खिलाड़ियों को टीम में जगह मिलना मुश्किल है

**नई दिल्ली, वार्ता।** रोहित शर्मा और विराट कोहली के दक्षिण अफ्रीका ए टीम के भारत दौरे पर आने वाली तीन मैचों की सीमित ओवरों की श्रृंखला में खेलने की संभावना नहीं है।

भारत ए टीम 13, 16 और 19 नवम्बर को राजकोट में तीन एकदिवसीय मैच खेलेगी - सभी दिन/रात के मैच-लेकिन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में केवल एकदिवसीय प्रारूप में खेलने वाले इन दो वरिष्ठ क्रिकेटरों के टीम में शामिल होने की संभावना नहीं है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) एक-दो दिन में भारत ए टीम की घोषणा कर सकता है, लेकिन पता चला है कि चयनकर्ताओं के पास इन तीन मैचों के लिए कुछ योजनाएं हैं और इन मैचों के लिए इन दोनों अनुभवी खिलाड़ियों को टीम में शामिल करने की संभावना नहीं है। रोहित और विराट, जिन्होंने सभी प्रारूपों में भारत का नेतृत्व किया, ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में तीन एकदिवसीय मैच खेले और दोनों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। रोहित, वास्तव में, मैन ऑफ द सीरीज रहे, लेकिन उन्हें लय में आने के लिए दो या तीन मैचों की आवश्यकता थी। पहले मैच में असफल रहने के बाद, रोहित ने 73 और नाबाद 121 रनों की पारी खेलकर मैन ऑफ द सीरीज पुरस्कार अपने नाम किया, जबकि विराट ने पहले दो मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद तीसरे मैच में अच्छा प्रदर्शन किया (नाबाद 74)। अगर दोनों ऑस्ट्रेलिया में इतने प्रभावशाली नहीं होते तो स्थिति अलग हो सकती थी। वर्तमान में भारत ए की एक टीम बेंगलुरु के सीओई में दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ दो मैचों की लाल गेंद की श्रृंखला खेल रही है। ऋषभ पंत की अगुवाई वाली भारत ए ने 2 नवम्बर को समाप्त हुए पहले चार दिवसीय मैच में जीत हासिल की। दूसरा मैच गुरुवार (6 नवम्बर) से शुरू होगा। भारतीय चयनकर्ता जल्द ही टेम्बा बावुमा की टीम के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा करने के लिए बैठक करेंगे और इसी बैठक में भारत ए टीम का भी चयन हो सकता है। टेस्ट टीम की बात करें तो हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलने वाली टीम में कोई बदलाव होने की संभावना नहीं है।

## रोमांचक मुकाबले में एटलेटिको मैड्रिड ने यूनियन एसजी को हराया

**मैड्रिड, वार्ता।** एटलेटिको मैड्रिड ने चैंपियंस लीग के रोमांचक मुकाबले में बेल्जियम की टीम यूनियन सेंट-गिलोइस को 3-1 से हराया।

एटलेटिको के लिए जूलियन अल्वारेज ने मंगलवार रात खेले गए मुकाबले में 39वें मिनट में अपनी टीम के लिए पहला गोल किया। पहले हाफ के इंजरी टाइम में एंटोनी ग्रिजमैन का एक गोल रद्द कर दिया गया, जब नहुएल मोलिना ने क्रॉसबार पर शॉट मारा था और ग्रिजमैन ने स्लाइड करके गोल करने का प्रयास किया।

लेकिन कॉनर गैलाघर ने 78वें मिनट में एटलेटिको की बढ़त को दोगुना कर दिया। एटलेटिको आरामदायक बढ़त पर था, लेकिन यूनियन एसजी के खिलाड़ियों ने कभी हार नहीं मानी और रॉस साइक्स ने एक जोरदार हेडर से उन्हें मैच में वापस ला दिया। यूनियन एसजी के गोलकीपर केजेल शेर्पेन ने शानदार शानदार बचाव करते हुए अल्वारेज को दूसरा गोल करने से रोक दिया। मार्कोस लोरेंटे ने इंजरी टाइम के आखिरी मिनट में एक आसान फिनिश के साथ एटलेटिको का तीसरा गोल किया।

# सबालेंका ने दूसरी जीत दर्ज की



● सबालेंका ने जेसिका पेगुला को रोमांचक मुकाबले में 6-4, 3-6 वह 6-3 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की

**रियाद, वार्ता।** बेलारूस की शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने महिला टेनिस एसोसिएशन (डब्ल्यूटीए) फाइनल्स के ग्रुप स्तर पर अमेरिका की पांचवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को रोमांचक मुकाबले में 6-4, 2-6, 6-3 से हराकर टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। दोनों खिलाड़ियों ने मैच की शुरुआत में जोरदार ग्राउंडस्ट्रोक खेले, पहले तीन गेम ड्यूस तक ले गए और दोनों ने अपनी सर्विस बचाई। सबालेंका ने 5-2 की बढ़त के लिए पहला ब्रेक हासिल किया। पेगुला ने एक सेट पॉइंट बचाया और अंतर को 4-5 कर दिया, लेकिन सबालेंका ने फिर से ब्रेक लेकर सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया। पेगुला ने दूसरे सेट में अपना लेवल बढ़ाया, दो बार ब्रेक किया और अपने सामने आए सभी चार ब्रेक पॉइंट बचाकर सेट 6-2 से जीत लिया। अमेरिकी खिलाड़ी ने निर्णायक सेट में पहले ब्रेक लेकर 2-1 की बढ़त बनाई, लेकिन दुनिया की नंबर वन खिलाड़ी ने लगातार चार गेम जीतकर 6-3 से जीत हासिल कर ली।

दिन के एक अन्य एकल मुकाबले में डिफेंडिग चैंपियन अमेरिका की कोको गॉफ ने इटली की जैस्मीन पाओलिनी को 6-3, 6-2 से हराया।

## मेरा इंडियन हेवन प्रीमियर लीग से कोई लेना-देना नहीं : खन्ना

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेंद्र खन्ना ने स्पष्ट किया है कि उनका इंडियन हेवन प्रीमियर लीग से कोई लेना-देना नहीं है। खन्ना ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि मीडिया में यह खबर आई है कि इंडियन हेवन प्रीमियर लीग को उसके मालिकों और आयोजकों ने उन कारणों से रद्द कर दिया है जो उन्हें ही पता हैं।

इस संदर्भ में, यह स्पष्ट करना जरूरी है कि मेरा इस लीग से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां तक हमारी जानकारी और विश्वास है, लीग का स्वामित्व और संचालन पूरी तरह से युवा सोसाइटी के पास है। मैं न तो इसका सदस्य हूं, न ही कार्यवाहक या पदाधिकारी, और न ही मैं किसी भी तरह से उक्त सोसाइटी से जुघ हूं। सुरेन्द्र खन्ना का लीग से कोई भी संबंध नहीं है - भूतकाल, वर्तमान या भविष्यकाल में - और उन्हें एक अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। वे किसी भी तरह से लीग की योजना, वित्तीय व्यवस्था, प्रशासन, व्यवस्था, संगठन या निरंतरता से जुड़े नहीं हैं और न ही कभी रहे हैं। साथ ही, खन्ना का इस लीग से कोई वित्तीय हित नहीं था और वे किसी भी लाभ के हकदार नहीं थे, वे केवल एक अतिथि थे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि लीग के निर्माण, संचालन और समाप्ति से संबंधित सभी निर्णय विशेष रूप से युवा सोसाइटी और उसके आयोजकों के पास हैं।

# ओलंपिक भारोत्तोलन वर्ग में बदलाव के बाद मीराबाई अपना वर्ग बदलने को तैयार

● लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक में भारोत्तोलन के लिए महिलाओं की न्यूनतम श्रेणी अब 53 किग्रा होगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) द्वारा सोमवार को घोषित लॉस एंजेलिस 2028 के लिए ओलंपिक भार वर्गों के पुनर्गठन के बाद भारतीय स्टार मीराबाई चानू को एक वर्ग ऊपर जाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। टोक्यो 2020 में महिलाओं के 49 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतने वाली और पेरिस 2024 में इसी वर्ग में चौथे स्थान पर रहने वाली मीराबाई चानू अब लॉस एंजेलिस में इस वर्ग में भाग नहीं ले पाएंगी। लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक में भारोत्तोलन के लिए महिलाओं की न्यूनतम श्रेणी अब 53 किग्रा होगी। आईडब्ल्यूएफ ने लॉस एंजेलिस 2028 में 12 नए वर्गों की पुष्टि की है। पुरुषों और महिलाओं के लिए छह-छह। पेरिस 2024 में प्रत्येक लिग के लिए पांच वर्ग थे।

लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक भारोत्तोलन भार वर्ग

पुरुष: 65 किग्रा, 75 किग्रा, 85 किग्रा, 95 किग्रा, 110 किग्रा, 110 किग्रा

महिला: 53 किग्रा, 61 किग्रा, 69 किग्रा, 77 किग्रा, 86 किग्रा, 86 किग्रा

पेरिस 2024 में, पुरुषों के लिए 61 किग्रा, 73 किग्रा, 89 किग्रा, 102 किग्रा और 102 किग्रा और महिलाओं के लिए 49 किग्रा, 59 किग्रा, 71 किग्रा, 81 किग्रा और 81 किग्रा थे। आईडब्ल्यूएफ ने अब एक साल से भी कम समय में दो बार भार वर्ग बदले हैं। इस साल की शुरुआत में, आईडब्ल्यूएफ द्वारा ओलंपिक कार्यक्रम से 49 किग्रा वर्ग को हटाने के बाद, चानू 48 किग्रा वर्ग में आ गईं। 49 किग्रा वर्ग को तब से आईडब्ल्यूएफ के विश्व चैंपियनशिप जैसे आयोजनों में बहाल कर दिया गया है, लेकिन इसे ओलंपिक में शामिल नहीं किया जाएगा। मीराबाई चानू की सभी प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धियां - जिनमें तीन विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप पदक और तीन राष्ट्रमंडल खेल पदक शामिल हैं - 50 किग्रा से कम भार वर्ग में ही आई हैं। हालांकि, भारत के मुख्य राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा का मानना है कि यह बदलाव मीराबाई के पक्ष में काम कर सकता है। शर्मा ने कहा कि यह (49 किग्रा हटाना) मीराबाई के लिए अच्छी बात है ।

# पाकिस्तान ने द. अफ्रीका को हराया



● नसीम शाह और अबरार ने 3-3 विकेट हासिल किए, आगा सलमान ने 62 और रिजवान ने 55 रनों की पारी खेली

**फैसलाबाद, वार्ता।** नसीम शाह और अबरार अहमद (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद आगा सलमान (62) और मोहम्मद रिजवान (55) की शानदार अर्द्धशतकीय पारियों के दम पर पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को पहले एकदिवसीय मुकाबले में दो गेंदे शेष रहते दो विकेट से हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। पाकिस्तान ने मंगलवार को टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को लुआन-द्रे प्रेटोरियस और क्विटन डी कॉक की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत दिलाते हुए पहले विकेट के लिए 98 रन जोड़े। 16वें ओवर में सैम अयूब ने लुआन-द्रे प्रेटोरियस (57) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद 25वें ओवर में नसीम शाह ने क्विटन डी कॉक (63) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण के आगे दक्षिण अफ्रीका के विकेट गिरते रहे। पाकिस्तनी गेंदबाजों ने दक्षिण अफ्रीका को 49-1 ओवर में 263 के स्कोर पर रोक दिया। टोनी डीजॉर्जी (18), सिनेतेम्बा केशिले (22), कप्तान मैथ्यू ब्रीत्जके (42) और कॉर्बिन बॉश ने 41 रनों का योगदान दिया। पाकिस्तान के लिए नसीम शाह और अबरार अहमद ने तीन-तीन विकेट लिए। सैम अयूब को दो विकेट मिले। शाहीन शाह अफरीदी और मोहम्मद नवाज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान के लिए फखर जमान और सैम अयूब की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 87 रन जोड़कर मजबूत शुरुआत की। डॉनोवन फरेरा ने सैम अयूब (39) को आउटकर पाकिस्तान को पहला झटका दिया। इसके बाद उन्होंने फखर (45) को भी अपना शिकार बना लिया। तीसरे विकेट के रूप में बाबर (सात) को ब्योर्न फ़ोर्टेन ने पगबाधा आउट किया। अफ्रीकी गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में मेजबान टीम को रोकने के लिए कड़ी मेहनत की, लेकिन रिजवान ने 55 रन बनाकर बीच के ओवरों में अपनी टीम को शांत रखा।

# स्टालिन ने पुरुष जूनियर विश्व कप ट्रॉफी का अनावरण किया

● हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 28 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक चेन्नई और मदुरै में आयोजित किया जाएगा



**चेन्नई, वार्ता।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम-के- स्टालिन ने आज एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की ट्रॉफी का अनावरण किया। हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 28 नवम्बर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में आयोजित किया जाएगा। स्टालिन ने राज्य सचिवालय में आयोजित एक कार्यक्रम में चमचमाती ट्रॉफी और टूर्नामेंट के लोगो का अनावरण किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन भी उपस्थित थे, जिनके पास खेल विकास एवं युवा कल्याण विभाग का प्रभार भी है और तमिलनाडु खेल विकास प्राधिकरण (एसडीएटी) और हॉकी इंडिया के अधिकारी भी मौजूद थे।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह और हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष एवं तमिलनाडु हॉकी इकाई के अध्यक्ष शेखर जे- मनोहरन भी उपस्थित थे। एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025, 28 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक चेन्नई और मदुरै में आयोजित किया जाएगा। यह पहली बार होगा जब इस टूर्नामेंट में 24 टीमें हिस्सा लेंगी। मेजबान देश भारत ने 2001 और 2016 में दो बार यह टूर्नामेंट जीता है और वह तीसरी बार अपनी धरती पर ट्रॉफी जीतने की उम्मीद करेगा। भारत को ओमान, चिली और स्विट्जरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है।


## आयरलैंड सीरीज के बाद सलाहुद्दीन सहायक कोच का पद छोड़ेंगे

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश के सहायक कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन आयरलैंड के खिलाफ आगामी घरेलू सीरीज के बाद अपने पद से हटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 5 नवम्बर को बीसीबी में शामिल हुए सलाहुद्दीन का 2027 विश्व कप तक का अनुबंध था, लेकिन राष्ट्रीय टीम के साथ एक साल पूरा करने के बाद उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से पद छोड़ने का फैसला किया है। क्रिकबज को पता चला है कि उन्होंने बोर्ड को अपना इस्तीफा भेज दिया है क्योंकि उन्हें अपनी भूमिका पसंद नहीं आ रही है, और देश के प्रमुख स्थानीय कोच ने इस बात को स्वीकार किया है। सलाहुद्दीन ने मंगलवार को क्रिकबज से कहा कि हां, मैं इस्तीफा दे रहा हूं। उन्होंने ज़्यादा जानकारी दिए बिना यह बात कही।

# धोखाधड़ी का पैमाना

डिजिटल धोखाधड़ी की वर्तमान लहर को पारंपरिक साइबर अपराध से जो बात अलग करती है, वह है इसका औद्योगिक पैमाना और सीमा-पार संरचना। डिजिटल घोटालों के बढ़ते खतरे की व्यापक जांच का सुप्रीम कोर्ट का आह्वान, भारतीय नागरिकों के साथ की जा रही धोखाधड़ी के खतरनाक पैमाने को दर्शाता है। पीठ का खास ध्यान डिजिटल अरेस्ट घोटालों पर था, जहां धोखेबाज पैसे ऐंठने के लिए कानून प्रवर्तन अधिका. रियों का रूप धारण करते हैं, जो इन करतूतों के परिष्कृत तौर-तरीकों और निर्लज्जता को रेखांकित करता है। घोटाला परिसरों का एक विशाल नेटवर्क दक्षिण-पूर्व एशिया के उन संघर्षग्रस्त क्षेत्रों और विशेष आर्थिक क्षेत्रों, खासतौर पर म्यांमार में स्थित, से संचालित होता है जहां राज्य का नियंत्रण न्यूनतम है और जहां, चिंताजनक रूप से, शासन की मिलीभगत स्पष्ट दिखाई देती है। गुलामी के इस आधुनिक रैकेट की कार्यप्रणाली बेहद ही भयावह है। पीड़ितों को वीजा-मुक्त व्यवस्था का फायदा उठाते हुए, अक्सर बैंकाक के रास्ते, आकर्षक वेतन और सुविधाओं का वादा करने वाले धोखाधड़ी भरे नौकरी के विज्ञापनों के जरिए लुभाया जाता है। वहां से, उन्हें सीमा पार, मुख्य रूप से म्यांमार के उन क्षेत्रों में तस्करी कर लाया जाता है, जो सैन्य जुंटा से संबद्ध सीमा रक्षक बलों द्वारा नियंत्रित होते हैं। ये परिसर डिजिटल स्वेटशाप के रूप में कार्य करते हैं, जहां तस्करी कर लाए गए व्यक्तियों को हिंसा, यातना और यौन उत्पीड़न के जरिये व्यापक घोटाले करने के लिए मजबूर किया जाता है, जिसमें पीग बुचरिंग, रोमांस और क्रिप्टोकरेंसी निवेश से जुड़े धोखाधड़ी का एक परिष्कृत संयोजन शामिल होता है। म्यांमार के गृहयुद्ध ने इन कारगुजारियों के फलने-फूलने के लिए आदर्श परिस्थितियां पैदा कर दी हैं। जुंटा के 2021 के तख्तापलट और उसके बाद के संघर्ष ने जातीय मिलिशिया को बढ़ावा दिया, जिन्हें सीमा रक्षक बलों के रूप में पुनः ब्रांडेड किया गया और जिन्होंने इन घोटाले केंद्रों के संचालन को राजस्व के एक ऐसे आकर्षक स्रोत के देखा, जिन पर सैन्य अभियानों को वित्तपोषित करने के लिए ह्करह्न लगाया जा सकता है। धोखाधड़ी के जरिये हासिल आय को ह्म्यूल्स और कंबोडिया के हुइओन पे जैसे संदिग्ध वित्तीय संस्थानों के जरिये लाकर क्रिप्टोकरेंसी में तब्दील किया जाता है, जिसके बाद उसके सिरे का पता लगाना और उसकी वसूली लगभग असंभव हो जाती है। वैश्विक पर्यवेक्षकों ने इन अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्कों के संचालकों के रूप में चीन के संगठित अपराध सिंडिकेटों की पहचान की है। भारत दोहरे संकट का सामना कर रहा है, इसके हजारों नागरिकों को क्रूर परिस्थितियों में जबरन श्रम के लिए तस्करी करके लाया जाता है, जबकि घर पर हजारों लोग उन्हीं धोखाधड़ी का शिकार होते हैं जिन्हें ये बंधक जबरन अंजाम देते हैं। इससे निपटने के लिए एक बहुआयामी जवाबी कार्रवाई की जरूरत है। भारतीय रिजर्व बैंक को केंद्र और राज्य सरकारों के साथ मिलकर इन घोटालों के बारे में व्यापक जन जागरूकता अभियान शुरू करना चाहिए तथा साइबर अपराध से निपटने के बुनियादी ढांचे और पुलिसिंग क्षमताओं को मजबूत करना चाहिए।

## ...ताकि लोकतंत्र को मारा जा सके



हरियाणा में 3.5 लाख वोटर्स का नाम लिस्ट से काट दिया गया था, बिहार में भी यही दोहराया जा रहा है, चुनाव से ठीक पहले वोटर लिस्ट दी जाती है, ताकि लो. कतंत्र को मारा जा सके, ब्राजील की एक मॉडल ने हरियाणा चुनाव के दौरान 10 बूथ पर 22 बार वोट डाला, इस तरह हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में 25 लाख वोटों की चोरी हुई, 2024 इलेक्शन रिजल्ट के दो दिन पहले सीएम ने एक बाइट दी, जिसमें उन्होंने व्यवस्था का जिक्र किया, अब ये व्यवस्था क्या है, हरियाणा में कांग्रेस चुनाव हार गई, 2024 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद नायाब सिंह सैनी की एक बाइट पर संदेह पैदा होता है, सैनी कहते हैं, मैंने शुरू से यह कहा है कि भाजपा एकतरफा सरकार बना रही है, हमारे पास सारी व्यवस्थाएं हैं, आप चिंता मत करिए।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व





**रजनीश कपूर**

विद्यार्थी जीवन को जीवन का स्वर्णकाल कहा जाता है। यही वह समय होता है जब व्यक्ति का चरित्र, सोच और भविष्य की दिशा तय होती है। इस अवस्था में यदि कोई एक गुण सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, तो वह है अनुशासन। अनुशासन केवल समय पर विद्यालय जाने, पढ़ाई करने या नियमों का पालन करने तक सीमित नहीं हैय यह जीवन की एक सोच और आदत है जो व्यक्ति को आत्मसंयम, जिम्मेदारी और सम्मान सिखाती है। अनुशासन वह मार्गदर्शक है जो विद्यार्थी को उसके लक्ष्यों तक पहुंचने में मदद करता है। यदि विद्यार्थी अपने समय, ऊर्जा और इच्छाओं पर नियंत्रण रखना सीख ले, तो वह किसी भी चुनौती का सामना साहस और विवेक से कर सकता है। परंतु आज के समय में, जब विद्यार्थी विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और मानसिक दबावों से गुजर रहे हैं, अनुशासन का पालन पहले से कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऐसे में माता-पिता और शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। अनुशासन विद्यार्थियों के चरित्र-निर्माण की नींव रखता है। यह उन्हें आलस्य, असंगठितता और गैर-जिम्मेदारी से बचाता है। नियमित अध्ययन, समय पर कार्य पूरा करना, नियमों का सम्मान करना और स्वयं के प्रति ईमानदार रहना, ए आदतें उसी अनुशासन का परिणाम हैं। एक अनुशासित विद्यार्थी न केवल अकादमिक सफलता प्राप्त करता है बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में संतुलित और आत्मविश्वासी व्यक्ति के रूप में उभरता है। जब विद्यार्थी अपने दैनिक जीवन में अनुशासन अपनाता है, तो वह जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझने की क्षमता भी विकसित करता है। वह समय की कीमत समझता है, दूसरों की भावनाओं का सम्मान करना सीखता है और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी पहचानता है। आज के दौर में विद्यार्थी अध्ययन के साथ-साथ प्रतियोगिता, सहपाठियों की तुलना, सोशल मीडिया और अन्य कई दबावों से गुजरते हैं। कई बार ए दबाव मानसिक थकान, असंतोष और असफलता की भावना जन्म देते हैं। ऐसे में माता-पिता की भूमिका केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित नहीं रहती, बल्कि भावनात्मक सहारा और मानसिक स्थिरता प्रदान करना भी आवश्यक हो जाता है। माता-पिता को अपने बच्चों की समस्याओं और भावनाओं को समझने की को. शिश करनी चाहिए। संवाद के द्वार खुले रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है ताकि बच्चा अपनी चिंताओं को बिना डर के व्यक्त कर सके। यदि माता-पिता केवल अंकों या रैंकों पर ध्यान देंगे, तो बच्चा अनुशासन को भय या दबाव के रूप में देखने लगेगा। लेकिन जब वही अनुशासन प्रेम, समझ और प्रेरणा से जोड़ा जाएगा, तो विद्यार्थी उसे जीवन का हिस्सा बना लेगा। साथ ही, बच्चों को यह भी समझना चाहिए कि माता-पिता की अपेक्षाएं केवल सफलता के लिए नहीं होतीं, बल्कि उनके उज्जवल भविष्य के लिए होती हैं। माता-पिता अपने जीवन के अनेक सुख-त्याग कर बच्चों के सपनों को पूरा करने का प्रयास करते हैं। इसलिए विद्यार्थियों के लिए यह समझना जरूरी है कि उनके माता-पिता द्वारा दिए गए अनुशासनात्मक सुझाव विरोध नहीं, बल्कि मार्गदर्शन हैं। हर विद्यार्थी का स्वभाव और क्षमताएं अलग होती हैं। अतः सभी पर समान दबाव डालना अनुचित है। माता-पिता को यह समझना चाहिए कि बच्चों की तुलना किसी और से नहीं की जानी चाहिए, बल्कि उन्हें अपने व्यक्तिगत विकास और रुचि के आधार पर बढ़ने देना चाहिए। दूसरी ओर, विद्यार्थियों को यह सिखाया जाना भी आवश्यक है कि असफलता जीवन का अंत नहीं, बल्कि नई शुरुआत का अवसर होती है।

अनुशासन का संबंध मानसिक संतुलन से भी है। उचित नींद, संतुलित भोजन, खेलकूद और योगाभ्यास विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त रखते हैं। जब मन शांत और संतुलित होगा, तभी अनुशासन का पालन भी सहज बनेगा। वहीं शिक्षक का दायित्व केवल पाठ पढ़ाना नहीं है। वे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और सोच का निर्माण करते हैं। शिक्षक वह आदर्श प्रस्तुत करते हैं जिसे विद्यार्थी अनजाने में अपनाते हैं। जब शिक्षक अपने व्यवहार और कार्यशैली में अनुशासन दिखाते हैं, तो विद्यार्थी भी उसे अपने जीवन में उतारने के लिएप्रेरित होते हैं।शिक्षकों को चाहिए कि वे अनुशासन को दंड के रूप में नहीं, बल्कि आत्म-विकास के साधन के रूप में प्रस्तुत करें। कठोर नियमों से भय नहीं, बल्कि स्नेह और संवाद से अनुशासन स्थापित किया जा सकता है। एक प्रेरणादायक शिक्षक विद्यार्थियों के भीतर आत्म-नियंत्रण, टीम भावना और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जगाता है। विद्यालय, परिवार और समाज मिलकर ही अनुशासन की सु. ढ़ नींव बना सकते हैं। यदि समाज में सफल व्यक्तियों को केवल धन या पद की दृष्टि से नहीं, बल्कि उनके चरित्र और अनुशासन के आधार पर सम्मान मिले, तो विद्यार्थी भी सही आदर्श अपनाने के लिए प्रेरित होंगे।शिक्षा व्यवस्था में भी अनुशासन को सिलेबस का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। केवल नियमों के रूप में नहीं, बल्कि व्यवहारिक अभ्यास के तौर पर। सामूहिक कार्य, सामाजिक सेवा और आत्म-अनुशासन संबंधी प्रायोगिक गतिविधियों से विद्यार्थी में जिम्मेदारी और आत्मसंयम की भावना विकसित की जा सकती है। अनुशासन विद्यार्थी जीवन का सबसे विश्वसनीय साथी है। यह वह मूल्य है जो व्यक्ति को सफलता, सम्मान और आत्मनिर्भरता प्रदान करता है। माता-पिता यदि प्रेमपूर्वक दिशा दें, शिक्षक अनुशासन का आदर्श प्रस्तुत करें, और विद्यार्थी उसे आत्मसात करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं रहेगा। अनुशासन वही पुल है जो शिक्षा को व्यक्तित्व से जोड़ता है और सपनों को वास्तविकता में बदलता है।समाज को प्रगतिशील और जिम्मेदार नागरिकों की आवश्यकता है, और यह तभी संभव है जब विद्यार्थी जीवन में अनुशासन को अपनाया जाए। अनुशासन जीवन में सफलता की नींव है, जो विद्यार्थियों को ज्ञान, कौशल और चरित्र प्रदान कर उन्हें विश्व का नेतृत्व करने योग्य बनाता है। प्रत्एक छात्र को चाहिए कि वह अनुशासन की महत्ता को समझे और अपने जीवन में इसे अपनाकर समाज, राष्ट्र और स्वयं के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बुढ़ापा रोकने में लगे वैज्ञानिक

**सिन्क्लेयर का मत है कि हमारी कोशिकाओं में डीएनए मरम्मत की व्यवस्था ही इसके लिए जिम्मेदार होती है। तो इस दल ने जेनेटिक इंजीनियरिंग की मदद से ऐसे चूहे विकसित किए जिनमें यह गुण था कि उन्हें एक विशिष्ट औषधि देने पर वे एक एंजाइम बनाते थे जो उनके जीनोम को २० जगह काट देता है। इन्हें फिर उक्त व्यवस्था द्वारा निष्ठापूर्वक दुरुस्त कर दिया जाता है। परिणाम यह होता है कि कोशिका के डीएनए मिथायलेशन और जीन अभिव्यक्ति में व्यापक परिवर्तन होते हैं। इन चूहों में जो एपिजेनेटिक पैटर्न था वह अपेक्षाकृत बुजुर्ग चूहों का था और उनकी सेहत भी बिगड़ गई - उनके बाल झड़ गए, रंग उड़ गया और उनमें दुर्बलता के कई लक्षण नजर आने लगे।**

एक दशक पूर्व जापान के क्योटो विश्वविद्यालय के शिन्या यामानाका को ऐसे प्रोटीन्स की खोज के लिए नोबेल पुरस्कार दिया गया था जिनकी मदद से वयस्क कोशिकाओं को वापिस उनकी प्रारंभिक स्थिति (स्टेम कोशिकाओं) में तबदील किया जा सकता है। अब दो शोधकर्ता दलों ने दावा किया है कि ये प्रोटीन्स सिर्फ कोशिकाओं को नहीं बल्कि पूरे जीव को उसकी प्रारंभिक स्थिति में ला सकते हैं। यानी बुढ़ापे को पलट सकते हैं। इनमें से एक दल एक बायोटेक कंपनी में कार्यरत है और उसने तथाकथित यामानाका फैक्टर को जीन-उपचार की तकनीक से बूढ़े चूहों में प्रविष्ट कराया और उनके जीवनकाल को थोड़ा लंबा करने में सफलता पाई।

दूसरे दल ने जेनेटिक इंजीनियरिंग की मदद से चूहे विकसित किए और बुढ़ापे के लक्षणों को पलटा। दोनों ही मामलों में लगता है कि यामानाका फैक्टर्स ने चूहों के एपिजीनोम को बदल दिया। एपिजीनोम डीएनए और प्रोटीन्स में होने वाले रासायनिक परिवर्तनों को कहते हैं जो जीन्स की अभिव्यक्ति को बदल देते हैं। उसे ज्यादा युवावस्था जैसा बना देते हैं। गौरतलब है कि इस प्रक्रिया में डीएनए के क्षारों में या उनके क्रम में परिवर्तन नहीं होता। इससे पहले भी कई समूहों ने जेनेटिक इंजीनियरिंग की मदद से ऐसे चूहे तैयार किए हैं जो वयस्क होने पर खुद यामानाका फैक्टर्स बनाने लगते हैं और बुढ़ापे के कुछ लक्षणों को पलटने में सक्षम होते हैं। अब जो प्रयोग किए गए हैं उनका मकसद मनुष्यों के लिए कुछ उपचार खोजना है। इसी संदर्भ में रीजुविनेट बायो नामक कंपनी के शोधकर्ताओं ने उक्त यामानाका फैक्टर्स के जीन्स से युक्त एक वायरस को चूहों में इंजेक्ट किया। देखा गया कि इसके बाद ये चूहे 18 सप्ताह तक जीवित रहे जबकि शेष चूहे मात्र 9 सप्ताह। शोधकर्ताओं ने बायोआर्काइव्स में बताया है कि इन चूहों में डीएनए मिथायलेशन का पैटर्न अपेक्षाकृत युवा चूहों जैसा हो गया था। डीएनए मिथायलेशन एपिजेनेटिक परिवर्तन का एक प्रकार है। वैसे कुछ अन्य अध्ययनों में पाया गया था कि यामानाका फैक्टर्स कैंसर को बढ़ावा देते हैं लेकिन इस अध्ययन में ऐसा कुछ नहीं देखा गया। दूसरा अध्ययन हारवर्ड मेडिकल स्कूल के डेविड सिन्क्लेयर के दल द्वारा सेल में प्रकाशित किया गया है। कहते हैं कि सिन्क्लेयर पिछले दो दशकों में कई वृद्धावस्था रोधी विवादास्पद हस्तक्षेपों के प्रणेता रहे हैं। सिन्क्लेयर का दल वृद्धावस्था के सूचना सिद्धांत के आधार पर काम कर रहा था। इस सिद्धांत में कहा जाता है कि हम बूढ़े इसलिए होते हैं क्योंकि समय के साथ एपिजेनेटिक चिंह खत्म होते जाते हैं। सिन्क्लेयर का मत है कि हमारी कोशिकाओं में डीएनए मरम्मत की व्यवस्था ही इसके लिए जिम्मेदार होती है। तो इस दल ने जेनेटिक इंजीनियरिंग की मदद से ऐसे चूहे विक. सित किए जिनमें यह गुण था कि उन्हें एक विशिष्ट औषधि देने पर वे एक एंजाइम बनाते थे जो उनके जीनोम को 20 जगह काट देता है। इन्हें फिर उक्त व्यवस्था द्वारा निष्ठापूर्वक दुरुस्त कर दिया जाता है। परिणाम यह होता है कि कोशिका के डीएनए मिथायलेशन और जीन अभिव्यक्ति में व्यापक परिवर्तन होते हैं। इन चूहों में जो एपिजेनेटिक पैटर्न था वह अपेक्षाकृत बुजुर्ग चूहों का था और उनकी सेहत भी बिगड़ गई - उनके बाल झड़ गए, रंग उड़ गया और उनमें दुर्बलता के कई लक्षण नजर आने लगे। अब शोधकर्ता देखना चाहते थे कि क्या एपिजेनेटिक बदहाली के इन लक्षणों को पलटाया जा सकता है। उन्होंने एक वायरस के



साथ यामानाका फैक्टर्स दिए और देखा कि बुढ़ाते चूहों की दृष्टि सुधर गई थी। कई अन्य मामलों में यामानाका फैक्टर्स ने एपिजेनेटिक सुधार किए थे। इसके आधार पर सिन्क्लेयर का मत है कि बुढ़ापे को आगे-पीछे कर सकते हैं और कुछ इलाज उभर सकता है। बहरहाल, जैसा कि हमेशा होता है, पूरे मामले में कई अगर-मगर हैं। एक तो यही कि जो एपिजेनेटिक परिवर्तन किए गए थे वे कुदरती नहीं थे। पता नहीं कुदरती परिवर्तन किस तरह होते हैं और उनका क्या असर होता है। दूसरा कि चूहे और मनुष्य बहुत अलग-अलग हैं। तीसरा कि बुढ़ाना एक पेचीदा प्रक्रिया है और ए प्रयोग उसका सरलीकरण करते हैं। इन सारे अगर-मगर के बावजूद शोधकर्ता आगे बढ़कर मनुष्यों पर प्रयोग करने को उत्सुक हैं। बंदरों पर जांच तो शुरू भी हो चुकी है।

**...स्रोत फीचर्स**

# ब्रज और आसपास के क्षेत्र का खानपान एवं व्यंजन

आजकल यूट्यूब,टीवी चैनल्स, मैगजीन्स, समाचार पत्र सारी जगहों पर रेसिपीज और खाने पर काफी चर्चा और शो देखने-पढ़ने को मिलते हैं। इनके माध्यम से हमको विभिन्न देशों और खुद अपने देश के विभिन्न इलाकों के खाने के इतिहास, खाने की संस्कृति और खाने की चीजों के विषय में जानकारी मिलती है जो काफी अच्छी और रोचक भी होती है।

अगर हम केवल अपने देश की बात करें तो कह सकते हैं कि जितना हमारे देश में विभिन्न इलाकों के मौसम, जलवायु और क्षेत्रीय संस्कृतियों में फर्क है उतना ही हर क्षेत्र के खाने में और जैसे इतनी विभिन्नताओं के बाद भी हम सब एक हैं यानी कि भारतीय वैसे ही इतनी विभिन्नताओं के बाद भी हमारे सभी खानों का मूल स्वाद और भाव एक ही है यानी कि हिंदुस्तानी-विशुद्ध भारतीय। आज अपने इस लेख के द्वारा मैं चर्चा करना चाहूंगा एक क्षेत्र विशेष यानी ब्रज क्षेत्र और उसके आगे भी आस-पास के परंपरागत खान-पान की। इनमें से अधिकतर व्यंजन इस इलाके में अधिकांश लोगों के खान-पान का हिस्सा सदियों से रहे हैं और कुछ चतुर्वेदी समुदाय के विशेष रूप से।

जब मीडिया या सोशल मीडिया में हम भारतीय खान-पान की चर्चा देखते-सुनते-पढ़ते हैं तो हमको दक्षिण भारतीय, उत्तर-पूर्व, राजस्थानी, गुजराती, मुगलई, बंगाली, कश्मीरी और न जाने कितने किस्म के खानों की चर्चा सुनने को मिलती है किंतु जिस इलाके का खान-पान बिल्कुल सादा होते हुए भी अद्भुत है, बिल्कुल सात्विक होते हुए भी तमाम राजसी भोजनों को मात देने वाला है, जहां से ही 56 भोग की शुरुआत हुई उस इलाके यानी ब्रज-क्षेत्र के खाने का जिक्र कुछ अपवादों को छोड़ कर अधिकतर चर्चाओं में दिखता-मिलता ही नहीं है।

सच यह है कि खाना तो हर जगह का अच्छा ही है किंतु सुबह जलेबी-बेड़ई/कचौड़ी साथ में शानदार रायता और आलू की सब्जी का नाश्ता हो या दोपहर में गेहूं के अलावा बेझर बेसन की रोटी साथ में उड़द की दाल हो या बाजरा की रोटी और गुड़ सर्दी के मौसम में। शाम की चाट-पकौड़ी हो, मूंग की दाल के मंगोड़े हों या चाय के संग भीमसेन या पंछी की दालमौठ। रात के भोजन की बात हो तो परांठे और सब्जी इन सभी का स्वाद अलग ही होता है और साथ में विविध किस्म के मिष्ठान और फिर बाद में भरपूर मेवा युक्त औटाया हुआ दूध वो भी कुल्हड़ में, पर इसमें से तो अधिकांश चीजें तो हम जानते ही हैं इसलिए अब बात कुछ उन खान-पान की चीजों की जो खाते तो हम रोज रहे हैं किंतु धीरे-धीरे उनका इलाका सिमटता जा रहा है और आजकल के ग्लैमर भरे चर्चा-प्लैटफॉर्म्स पर उनकी चर्चा लगभग न के बराबर होती है। सुबह बासी परांठे और मट्ठे के नाश्ते के बाद हमारे इलाके में दोपहर के भोजन में दाल-रोटी आदि के अलावा खीर, मीठा भात, धोई, भात, झोर, मीठी मूंग, पालक का रसे वाला बेसनयुक्त साग, आलू-बरी, भट (बैंगन) बरी, मीठी सिकिंद आदि का प्रचलन रहा है और यह व्यंजन कई बार किसी विशेष आयोजन का अंग भी होते हैं जैसे माथुर चतुर्वेदी समुदाय के लोगों में कतरों के झोर की जन्मदिन-वर्षगांठ पर बनाने की परंपरा रही है और मूंग-भात-झोर शादी में घुड़चढ़ी के दिन।

यहां जो झोर है यह है तो बेसन की ग्रेवी का ही किंतु इसके आयुर्वेदिक औषधियों के गुण युक्त मसाले, खास तौर पर गरम मसाले इसको अन्य इलाकों की कढ़ी से भिन्न बनाते हैं। झोर में बेसन के कतरों का झोर, मटर-बरी का झोर,आलू-बरी का झोर,पकौड़ी का झोर आदि। इसके अतिरिक्त विशेष अवसरों पर या मौका लगते ही पूरी-कचौड़ी, सब्जी, रायता, सौंठ आदि। रायता मौसम के अनुसार बून्दी, बथुआ, पुदीना, आलू, टमाटर, बैंगन या फलों का मीठा रायता भी हो सकता है। धोई धुली हुई पीली मूंग की दाल की सूखी (थोड़ी सेमी सॉलिड किस्म की) नमकीन चीज है जबकि मीठी मूंग छिलके सहित गुड़ से मीठी की गई मूंग की दाल का व्यंजन है। जब खीर की बात करें तो मथुरा में बहुत सी जगहों पर गाढ़ी या सेमी सॉलिड किस्म की फीकी चावल की खीर बनती है और पत्तल में परोस कर उसमें बूरा मिला कर उसको स्वादानुसार मीठा करके खाया जाता था। अच्छी खीर वो है जो सामने दीवाल पर फेंक कर मारें तो चिपक जानी चाहिए।मथुरा की इस खीर के अलावा घुटे चावल की खूब औटाई हुई किंतु सेमी-लीक्विड किस्म की खीर अन्य स्थानों पर प्रचलित है ही जिसमें से सौंधी महक आती हो। चावल की खीर के अतिरिक्त सिवइयों की खीर, गणेश चौथ के व्रत के दिन शकरकंदी की खीर, सिंघाड़े के आटे की लप्सी,कूटू की पकौड़ी और पूड़ी, अन्य व्रतों में मखाने-छुआरे की खीर का भी प्रचलन रहा है। सिकिंद दही को घोल कर पिसी हुई इलायची के फ्लेवर का एक रायता नुमा पेय है जिसमें चावल डाल कर भी खाते हैं।इसके अलावा शरद पूर्णिमा की रात को बनने वाली बासौन्धी। वृंदावन के पवित्र-पावन स्थल तटीय स्थान पर राधा-अष्टमी को बनने वाली सूखी अरवी की सब्जी का दिव्य स्वाद जिसने चखा है वही जानता है। मथुरा की गरम मसाले युक्त तेज मसालेदार स्वाद की आयुर्वेदिक गुणों से युक्त आलू की चटपटी रसे की सब्जी और सर्राटे का रायता जिन्होंने खाया है वो ही उसका स्वाद जानते हैं।ऐसे ही डुबकी वाले आलू की सब्जी बहुत प्रसिद्द है। सर्दी के मौसम में इस इलाके में मलीदा यानी कि बाजरे की रोटी और गुड़ को घी में मीज कर-पका कर बनाया जाता है। इसके अतिरिक्त अन्नकूट के दिन और नव-दुर्गा के दिनों में सभी सब्जियों-फलों के गड्ड की सब्जी और पूरी के प्रसाद का प्रचलन है। अन्नकूट के दिन गड्ड का साग, सूखे तले जिमीकन्द की सब्जी,लौंग की छौंक की रतालू की मठे वाली रसेदार सब्जी, उबले सिंघाड़े आदि व्यंजनों की तो बात ही अलग है। जहां तक शाम के खाने का सवाल है तो अभी कुछ दशक पहले तक इन इलाकों में शाम को कटौरिया जिसको आप बोलचाल की भाषा में परांठे कहते हैं और साथ में मट्ठे दही के आलू, अरवी घुइयां, रतालू, कच्चे केले, कच्चे पपीते के रसे और साथ में सूखी हरी सब्जी के खाने का प्रचलन रहा है। उल्लेखनीय बात यह है कि ये परांठे तले हुए पंजाबी परांठे न होकर तवे पर घी में सिके हुए परतों वाले परांठे होते हैं। यहां एक और उल्लेखनीय बात यह है कि इस इलाके का ए सारा भोजन परंपरागत तरीके से पूर्णतः शाकाहारी और प्याज-लहसुन रहित होता है। गर्मी में आम का पना, नींबू-मिर्च की चौर्च, मूली का हत्था आदि भी हैं गर्मी के ताजे पड़े अचारों के अतिरिक्त। जहां तक मिठाइयों की बात है तो सादी खड़पुरी और गिन्दोरा तो अब लुप्तप्राय हैं लेकिन खोए के पेड़े जिनकी मथुरा में ही एक से अधिक किस्म हैं,जो आपको बृजवासी की दुकान से लेकर मथुरा-वृंदावन-गोवर्धन में हर जगह मिल जाएंगेयएक ओर भुने खोए के पेड़े तो दूसरी ओर बूरे में लिपटे सूखे स्वादिष्ट पेड़े।मथुरा से निकलें तो फिर फिरोजाबाद के रतन लाल या प्यारे लाल के पेड़े, इटावा के कुंज बिहारी के पेड़े, बाह की खोए की गुझिया,कानपुर का सफेद मुंडा पेड़ा और यही पेड़ा मलवां जाकर कच्चे खोए का और इलाहाबाद के फाफामऊ में लाल भुने खोए का पेड़ा हो जाता है। पेड़े के अतिरिक्त खुरचन, रबड़ी, आगरा का पेठा, हाथरस, मैनपुरी और इटावा की बलदेव (अब अलका स्वीट्स), फिरोजाबाद की जलेसर वाले, प्यारेलाल, हाथरस वाले और



गोपाल स्वीट हाउस की सोन पपड़ी,फिरोजाबाद का सोन-हलुवा (दिल्ली का सोहन हलुवा नहीं बल्कि उससे भिन्न), इटावा की पतंगा लाल की हेशमी, सादाबाद और हाथरस की बालूशाही, फिरोजाबाद-इटावा के दनदाने, कपूरकन्द, मक्खन के समोसे, मक्खन की पान की गिलौरी, इमरती, मलाई पूड़ी, सिंघाड़े के सेव, कई किस्म के लड्डू, अलग-अलग किस्म की गजक जिसमें फिरोजाबाद की जैन की चमकनी गजक बहुत अनोखी और प्रसिद्ध है। वैसे है तो बंगाली मिठाई किंतु वृंदावन के गाय के दूध के रसगुल्ले और फिरोजाबाद का सूखा खीरमोहन, राया के आसपास के रसगुल्ले और बंगाली मिठाइयों के वैरिएंट्स और न जाने कितनी मिठाईयां हैं जो इस इलाके में आज भी बहुत प्रचलित हैं और उनकी क्वालिटी भी अच्छी है। शुद्ध देसी मिठाई में बलदेव की माखन मि के क्या कहने हैं। सर्दी के मौसम में घरों में बनने वाली सौंठ वाली घीयुक्त बर्फी,मकर संक्रांति पर बनने वाले लाई, चने, ज्वार के लड्डू, निशास्ता के लड्डू, तिल के गुड़ वाले तिलवा,गुड़ और खोए के तिलकुटा लड्डू,मूंग के लड्डू आदि।

**-साभार अतुल चतुर्वेदी**

# न्यूयॉर्क के मेयर बने जोहरान ममदानी

## राष्ट्रपति ट्रम्प के विरोध के बाद भी डेमोक्रेट उम्मीदवार ने प्रतिष्ठित चुनाव जीता




**मानसून वेडिंग और सलाम बाम्बे जैसी फिल्में करने वाली मां मीरा नायर ने मंच पर गले लगाया**

**पिछले 100 सालों में न्यूयॉर्क के सबसे युवा, पहले भारतवंशी और पहले मुस्लिम मेयर होंगे**

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के डेमोक्रेट उम्मीदवार जोहरान ममदानी ने न्यूयार्क मेयर का चुनाव जीत लिया है। उन्हें 50.4 प्रतिशत वोट मिले। वे मानसून वेडिंग और सलाम बाम्बे जैसी फिल्में डायरेक्ट करने वाली मीरा नायर के बेटे हैं। ममदानी पिछले 100 सालों में न्यूयार्क के सबसे युवा, पहले भारतवंशी और पहले मुस्लिम मेयर होंगे। भाषण के बाद वे अपनी पत्नी के साथ 'धूम मचा ले' गाने पर झूमते नजर आए।

मां मीरा नायर ने मंच पर आकर उन्हें गले लगा लिया। पिता महमूद ममदानी भी मौजूद रहे। न्यूयॉर्क मेयर चुनाव में जीत के ममदानी ने ब्रूकलिन पैरामाउंट थिएटर में समर्थकों को संबोधित किया। ममदानी ने अपनी जीत को न्यूयार्क के हर नागरिक की जीत बताया। ममदानी के सामने 3 बड़ी चुनौतियां हैं, अपने वादे पूरे करना ममदानी ने वादा किया है कि वे न्यूयार्क में सभी बच्चों के लिए फ्री केयर शुरू करेंगे, सब्सिडी वाले घरों का किराया फ्रीज करेंगे, पब्लिक बसों में मुफ्त यात्राा देंगे और सिटी की अपनी किराने की दुकानें खोलेंगे। उनका कहना है कि इसके लिए अमीरों और बड़ी कंपनियों पर नए टैक्स लगाकर 9 अरब डॉलर जुटाए जाएंगे। लेकिन अर्थशास्त्रियों का मानना है कि इन वादों को पूरा करना बहुत मुश्किल है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि वे न्यूयार्क की फेडरल फंडिंग रोक सकते हैं। अगर वे ऐसा कदम उठाते हैं तो ममदानी की परेशानी बढ़ सकती है। ममदानी डेमोक्रेटिक पार्टी के वामपंथी धड़े से आते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि पार्टी के मध्यम मार्गी धड़े को खुश करना उनके लिए मुश्किल हो सकता है।

कुल मिलाकर, ममदानी के लिए असली परीक्षा अब शुरू हुई है। अपने वादों को सच करना, विरोधियों के हमले झेलना और अपनी ही पार्टी में भरोसा बनाना। ममदानी ने पूरे कैंपेन में सिर्फ एक बात पर फोकस किया कि न्यूयार्क बहुत महंगा हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का काम है लोगों की जिंदगी आसान बनाना। उनके रैलियों में लगे बैनर पर नारे लिखे थे कि एक शहर जो हम अफोर्ड कर सकें और सस्ता घर बनाओ। राजनीति में ज्यादातर वक्त बातें घुमा-फिराकर कही जाती हैं, लेकिन ममदानी ने बिल्कुल साफ बात की। उन्होंने खुलकर कहा कि अमीरों पर टैक्स लगाओ, बच्चों की देखभाल बढ़ाओ और घर को हक बनाओ। ममदानी को पार्टी के बड़े नेताओं का सपोर्ट नहीं मिला, लेकिन उन्होंने जनता और इंटरनेट का सहारा लिया। उन्होंने स्कैवेंजर हंट, फुटबाल टूर्नामेंट और स्ळठज्फ बार में देर रात पाप-अप इवेंट किए। न्यूयार्क टाइम्स के मुताबिक, उन्होंने सभी पुराने नियम तोड़ दिए और सीधे लोगों से रिश्ता बनाया। ममदानी ने स्वयंसेवकों की संख्या में इजाफा किया। उनकी प्रचार टीम में शामिल युवा उनसे भी कम उम्र के हैं।

ज्यादातर को इतने बड़े पैमाने पर काम करने का बहुत कम अनुभव था। लेकिन वे सामान्य सलाहकारों और रणनीतिकारों की तुलना में अधिक सक्षम और प्रभावी साबित हुए। फोर्ब्स के मुताबिक, जोहरान ममदानी की कुल संपत्ति लगभग 200,000 डॉलर (करीब 1.71 करोड़) है। ममदानी ने 2020 में न्यूयार्क स्टेट असेंबली का चुनाव जीता था। तब उन्हें सालाना 142000 डॉलर की सैलरी मिलती थी। वे फिलहाल न्यूयार्क के एस्टोरिया इलाके में किराए के घर में रहते हैं। उसका किराया 2250 डॉलर प्रति माह है। उनके पास खुद की कार भी नहीं है। वे रोजाना सबवे (मेट्रो ट्रेन) से सफर करते हैं। ममदानी के पास युगांडा के जिन्जा इलाके में करीब चार एकड़ जमीन है। इसकी कीमत 150000 डॉलर से 250000 डॉलर (1.2 से 2 करोड़) के बीच है। मेयर बनने के बाद उनकी सालाना सैलरी 260000 डॉलर (करीब 2.2 करोड़) हो जाएगी।

### ममदानी ने किया पडिंत नेहरू का जिक्र

**न्यूयार्क।** अमेरिका के सबसे अहम मेट्रो शहरों में से एक न्यूयार्क में डेमोक्रेटिक पार्टी के जोहरान ममदानी ने मेयर पद का चुनाव जीत लिया है। इसके बाद उन्होंने बुधवार को ही जनता को संबोधित किया। इस दौरान ममदानी ने न सिर्फ भारत के पहले पीएम जवाहरलाल नेहरू और भारत की आजादी के बाद उनके पहले भाषण-ट्रिस्ट विद डेस्टिनी का जिक्र किया, बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को आव्रजन के मुद्दे पर चुनौती भी दी। ममदानी ने अपनी ऐतिहासिक जीत को राजनीतिक वंश का अंत बताया और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का भी जिक्र किया। उन्होंने पंडित नेहरू के

**आव्रजन पर ट्रम्प को चुनौती दी**

ट्रिस्ट विद डेस्टिनी भाषण के शब्दों का हवाला देते हुए कहा कि आज मैं आपके सामने खड़ा हूं और मुझे जवाहरलाल नेहरू के शब्द याद आ रहे हैं। एक क्षण आता है, जो इतिहास में बहुत कम आता है, जब हम पुराने से नए में प्रवेश करते हैं। आज रात, हमने पुराने से नए में कदम रखा है। उनके इस बयान के बाद समारोह स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। ममदानी ने ट्रम्प को चुनौती देते हुए कहा कि न्यूयार्क प्रवासी समुदाय की मेहनत से बनाया गया, उन्हीं से संचालित और अब एक प्रवासी के नेतृत्व में चलने वाला शहर रहेगा।

## टोरंटो में कैफे के अंदर भारतीय पर हमला



**वीडियो ऑनलाइन वायरल होने से जनता में आक्रोश**

**टोरंटो।** टोरंटो में कैफे के भीतर एक भारतवंशी पर कथित तौर पर नशे में एक व्यक्ति ने हमला किया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसने जनता में आक्रोश है। वीडियो में देखा जा सकता है कि नीला जैकेट पहने एक शख्स और भारतीय मूल के व्यक्ति के बीच मोबाइल ऑर्डर पिक अप काउटंर के पास बहस होती है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कनाडाई व्यक्ति बिना वजह गुस्से में अपनी कोहनी से भारतवंशी के हाथ पर टक्कर मारता है, जिससे उसका फोन गिर जाता है।

इसके बाद भारतीय व्यक्ति अपना फोन उठाता है। लेकिन कथित तौर पर नशे में व्यक्ति उस पर झपट पड़ता है और उसका कॉलर पकड़ देता है और अपने से बड़ा दिखाना का आरोप लगाता है। इस दौरान पीड़ित शांत रहते हुए उसे चेतावनी देता है कि तुम खुद परेशानी में पड़ सकते हो। इस दौरान भारतवंशी ने कोई प्रतिरोध नहीं किया, लेकिन आक्रामक व्यक्ति बार-बार उसे धक्का देता रहा और उसके लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करता रहा। अंत में कैफे के कर्मचारियों ने दखल दिया और दोनों को बाहर जाने के लिए कहा। घटना तभी शांत हुई, जब आक्रामक व्यक्ति को बाहर ले जाया गया। घटना का वीडियो तेजी से ऑनलाइन वायरल हो रहा है और सोशल मीडिया पर लोग कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मामले ने कनाडा में प्रवासियों की सुरक्षा और बढ़ती नस्लीय हिंसा पर चिंता बढ़ा दी है। हाल ही में एडमंटन में भारतीय मूल के व्यवसाई अरवी सिंह सगू पर हमले के बाद यह मामला सामने आया है। 19 अक्टूबर को सगू पर हमला हुआ था, जिसमें वह घायल हो गए और पांच दिन बाद अस्पताल में उनकी मौत हो गई। आरोपी काइल पापिन को गिरफ्तार किया गया और उस पर गंभीर हमले का आरोप लगाया गया। सगू के दोस्तों ने उनके बच्चों और अंतिम संस्कार के खर्च के लिए फंड जुटाया। दोनों घटनाओं ने कनाडा में आप्रवासियों की सुरक्षा और नस्लीय हिंसा की बढ़ती घटनाओं पर बहस को फिर से तेज कर दिया है।

## मोदी सुधार रहे कमजोरियां

**2047 तक भारत बनेगा शीर्ष अर्थव्यवस्था: चंद्रबाबू नायडू**

**लंदन।** लंदन में आयोजित लंदन ग्लोबल कन्वेंशन में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं और देश को 2047 तक विश्व की नंबर वन अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में अग्रसर हैं। इंस्टिटड्ूट ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा आयोजित इस वार्षिक कार्यक्रम में नायडू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा भारत के पास कई बड़ी ताकतें हैं आर्थिक सुधार, आईटी क्षेत्रा में अग्रणी भूमिका और सबसे बड़ी बात, एक मजबूत नेता नरेंद्र मोदी। नायडू ने आगे कहा कि मोदी सरकार देश की सभी संरचनात्मक कमियों को दूर कर रही है। उन्होंने जीएसटी सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत आज चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और आने वाले वर्षों में यह शीर्ष पर पहुंचेगा। कार्यक्रम के दौरान हेरिटेज फूड्स लिमिटेड की वाइस-प्रेसिडेंट और मैनेजिंग डायरेक्टर नारा भुवनेश्वरी (नायडू की पत्नी) को कार्पोरेट प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए एलओडी विशिष्ट फैलोशिप और गोल्डन पीकाक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नायडू ने अपनी पत्नी की सराहना करते हुए कहा भुवनेश्वरी न केवल एक सफल उद्यमी हैं बल्कि समाजसेवा और भारतीय संस्कृति की सच्ची प्रतिनिधि भी हैं। भुवनेश्वरी ने अपने संबोधन में कहा कि व्यापार का असली उद्देश्य तभी पूरा होता है जब वह समाज को सशक्त बनाए।

## अमेरिकी कार्गो विमान दुर्घटना में तीन लोगों की मौत, 11 घायल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राज्य केंटकी के गवर्नर एंडी बेशियर ने बुधवार को कहा कि लुइसविले अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद कार्गो विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 11 अन्य लोग घायल हो गए। बेशियर ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि हमारा मानना है कि कम से कम तीन लोगों की मौत हुई है लेकिन यह संख्या और भी बढ़ सकती है। संघीय विमानन प्रशासन ने कहा कि होनोलूलू जा रहा यूपीएस का एक कार्गो विमान मंगलवार को शाम करीब 5:15 बजे (2215 जीएमटी) यूपीएस के विश्वव्यापी हवाई केंद्र, लुइसविले अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## ट्रम्प और मोदी में लगातार संवाद जारी

### अमेरिका-भारत की व्यापार वार्ता के बीच व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट का बड़ा बयान



**राष्ट्रपति ट्रम्प प्रधानमंत्री मोदी का बहुत सम्मान करते हैं और वे अक्सर बात करते हैं: लीविट**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और भारत की व्यापार वार्ता के बीच व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बड़ा बयान दिया। कैरोलिन लीविट ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच लगातार बातचीत होती रहती है और दोनों देशों के बीच व्यापार को लेकर गंभीर चर्चाएं जारी हैं। उन्होंने बताया कि ट्रम्प की ट्रेड टीम भारत के साथ लगातार संपर्क में है।

लीविट ने कहा राष्ट्रपति ट्रम्प प्रधानमंत्री मोदी का बहुत सम्मान करते हैं और वे अक्सर बात करते हैं। दोनों देशों की टीमें व्यापार पर बहुत गंभीर चर्चा कर रही हैं। लीविट ने बताया कि हाल ही में दिवाली समारोह के दौरान व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में ट्रम्प और मोदी के बीच अहम बातचीत हुई थी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोरे भारत में देश का प्रतिनिधित्व बेहतरीन ढंग से करेंगे। ट्रम्प ने 28 अक्टूबर को पीएम मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें सबसे अच्छे दिखने वाले व्यक्ति कहा था और मजाकिया अंदाज में उन्हें 'किलर' बताया था। यह बयान उन्होंने एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग सम्मेलन से पहले दिया था। ट्रम्प ने हाल ही में भारत-रूस तेल व्यापार को लेकर भी बयान दिया था। उनका कहना था कि भारत अब रूस के साथ तेल व्यापार को सीमित करेगा। पिछले महीने से ट्रम्प इस मुद्दे पर कई दावे कर चुके हैं। इससे पहले भी ट्रम्प ने अपने भाषण के दौरान भारत से जल्द व्यापार समझौता पूरा होने के संकेत दिए थे। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका जल्द ही व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। हालांकि, इस बीच उन्होंने आयात शुल्क को अमेरिका की ताकत के तौर पर भी दर्शाया। ट्रम्प ने एक बार फिर पुराना राग अलापते हुए कहा कि अगर आप भारत-पाकिस्तान को देखें तो मैं भारत के साथ व्यापार समझौता करने वाला हूं और मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बेहद सम्मान करता हूं। प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कैरोलिन लीविट ने न्यूयॉर्क के मेयर चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जोहरन ममदानी द्वारा लगाए गए मतदाता धमकाने के आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया। उन्होंने कहा ये आरोप बिना सबूत के लगाए गए हैं और यह दिखाता है कि डेमोक्रेटिक पार्टी अब किसी ठोस नीति के लिए नहीं खड़ी है।

## तूफान मेलिसा के कारण 30 की मौत, 15 लाख प्रभावित: संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि जमैका और आसपास के इलाकों में आए भीषण चक्रवाती तूफान मेलिसा ने भारी तबाही मचाई है और इसके कारण 30 लोगों की मौत हो गई और 15 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के उप प्रवक्ता फरहान हक ने बताया कि जमैका में सड़कें, बिजली और संचार व्यवस्था बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं। लगभग एक सौ तीस सड़कें अवरुद्ध हैं और कई क्षेत्रों में बिजली तथा मोबाइल नेटवर्क ठप पड़े हैं। स्वास्थ्य सेवाओं पर भी इसका गंभीर असर पड़ा है क्योंकि कई अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह नष्ट या क्षतिग्रस्त हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम का अनुमान है कि जमैका में लगभग साढ़े तीन लाख लोगों को खाद्य पदार्थों की सहायता की आवश्यकता पड़ सकती है।

## अमेरिका में 4 करोड़ लोगों की फूड सप्लाई बंद

### लाखों बेरोजगार, कर्ज लेकर घर चला रहे, राष्ट्रपति ट्रम्प की जिद से लगा सबसे लंबा शटडाउन

**इससे पहले राष्ट्रपति ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान 2018 में 35 दिनों तक सरकारी कामकाज ठप रहा था**

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 1 अक्टूबर से शुरू हुए सरकारी शटडाउन का आज 36वां दिन है। यह अमेरिका के इतिहास का सबसे लंबा शटडाउन है। इससे पहले राष्ट्रपति ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान 2018 में 35 दिनों तक सरकारी कामकाज ठप रहा था।

शटडाउन की वजह से 42 मिलियन (4.2 करोड़) अमेरिकियों की फूड स्टैंप (एसएनएपी) सहायता रुक गई है। अमेरिका के एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट (यूएसडीए) के पास इस कार्यक्रम के लिए सिर्फ 5 अरब डालर का रिजर्व फंड है, जबकि नवम्बर में फूड स्टैंप जारी रखने के लिए 9.2 अरब डालर की जरूरत होगी। वाशिंगटन स्थित बाइपार्टिसन पालिसी सेंटर के मुताबिक अब तक 6.7 लाख सरकारी कर्मचारी छुट्टी पर भेजे जा चुके हैं, जबकि 7.3 लाख कर्मचारी बिना सैलरी के काम कर रहे हैं। इस तरह लगभग 14 लाख लोग कर्ज लेकर घर चला रहे हैं। ट्रम्प हेल्थ केयर प्रोग्राम की सब्सिडी बढ़ाने को तैयार नहीं हैं, इस वजह से अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट में फंडिंग बिल पास नहीं हो पा रहा है। इस बिल पर अब तक 14 बार वोटिंग हो चुकी है, लेकिन हर बार बहुमत के लिए जरूरी 60 वोट नहीं मिल पाए। फूड सप्लाई प्रोग्राम रुकने के बाद न्यूयॉर्क, कैलिफोर्निया और मैसाचुसेट्स समेत 25 राज्यों ने इस फैसले के खिलाफ ट्रम्प प्रशासन पर मुकदमा दायर किया है। इन राज्यों का कहना है कि लाखों लोगों की फूड सप्लाई रोकना गैरकानूनी है। वहीं, शटडाउन से अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हो रहा है। कांग्रेसनल बजट आफिस (सीबीओ) के मुताबिक अब तक 11 अरब डालर (करीब 1 लाख करोड़) का नुकसान हो चुका है। अगर शटडाउन जल्द खत्म नहीं हुआ तो देश की जीडीपी में चौथी तिमाही में 1 प्रतिशत से 2 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। सीबीओ के मुताबिक, जबरदस्ती छुट्टी पर भेजे गए कर्मचारियों (फर्लो कर्मचारी) की करीब 400 मिलियन डालर (3300 करोड़) प्रतिदिन सैलरी का नुकसान हो रहा है। सीबीओ के डायरेक्टर फिलिप स्वैगल ने कहा कि शटडाउन के कारण सरकारी खर्च में देरी हो रही है और इसका अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ा है। यह असर कुछ हद तक खत्म हो जाएगा, लेकिन पूरी तरह नहीं। अमेरिका में सरकारी कामकाज ठप पड़ने (शटडाउन) के चलते हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

## केयर होम में आग लगने से 10 की मौत

**साराजेवो।** उत्तर-पूर्वी बोस्निया और हर्जेगोविना के तुजला रिटायरमेंट होम में मंगलवार देर रात आग लगने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई जबकि लगभग 20 अन्य लोग घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। संस्थान की ओर से जारी बयान में कहा गया कि आग संस्थान की सातवीं मंजिल पर रात करीब 8:45 बजे (1945 जीएमटी) लगी और तुजला तथा निकटवर्ती नगर पालिकाओं के पेशेवर और स्वयंसेवी अग्निशामकों ने उस पर काबू पाया। घायलों को कई स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों की चिकित्सा टीमों द्वारा प्राथमिक उपचार दिया गया।



लाहौल-स्पीति। हिमाचल प्रदेश में हुए हिमपात के बाद बर्फ से ढके क्षेत्र का दृश्य।

## मेक्सिको की राष्ट्रपति को जबरदस्ती किस करने की कोशिश

**नशेड़ी आदमी ने कमर पर भी हाथ रखा, सिक्योरिटी गार्ड ने तुरंत दूर हटाया**

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम के साथ बुधवार को सड़क पर एक शख्स ने बदसलूकी की कोशिश की। एक नशेड़ी ने राष्ट्रपति को छूने और किस करने की कोशिश की। यह घटना राजधानी मेक्सिको सिटी के पुराने इलाके में हुई। यहां राष्ट्रपति शीनबाम लोगों से बात कर रही थीं।

इसी दौरान वह आदमी उनके पास आता है और उनकी कमर पर हाथ रखकर उन्हें पकड़ने और किस करने की कोशिश करता है। शीनबाम ने मुस्कराते हुए शांत तरीके से उसका हाथ हटाया और उसकी तरफ देखकर कहा कि चिंता मत करो। इसके बाद उनके सिक्योरिटी गार्ड तुरंत उसे दूर हटा दिया। इस घटना को लेकर अभी तक राष्ट्रपति कार्यालय की तरफ से कोई बयान नहीं आया है। शीनबाम अक्सर सड़कों पर जाकर लोगों से हाथ मिलाती हैं, सेल्फी लेती हैं और उनकी बात सुनती हैं। यह घटना ऐसे समय हुई है जब मेक्सिको में राजनीतिक हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं। हाल ही में मिचोआकान राज्य के उरुआपान शहर के मेयर कार्लोस मैनजो की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## अमेरिका के केंटकी में कार्गो प्लेन क्रैश

### सात की मौत, डेढ़ लाख लीटर तेल फैला, लोगों को घर से न निकले के आदेश



**वाशिंगटन।** अमेरिका के केंटकी राज्य में बुधवार को लुईविल में एक कार्गो प्लेन क्रैश हो गया है।

हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कम से कम 11 के घायल होने की खबर है। फेडरल एविएशन अथारिटी (एफएए) के मुताबिक, यूपीएस कंपनी की फ्लाइट 2976 ने मोहम्मद अली इंटरनेशनल एयरपोर्ट से होनोलुलु (हवाई) के डेनियल इनौये इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरी थी। एफएए ने बताया कि यह हादसा शाम करीब 5:15 बजे (स्थानीय समयानुसार) हुआ। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियोज में तेज आग और मलबा दिखाई दे रहा है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक विमान में करीब 38000 गैलन ईंधन (करीब डेढ़ लाख लीटर तेल) भरा हुआ था, जो धमाके के बाद आग की लपटों में बदल गया। पुलिस ने एयरपोर्ट से 8 किमी के दायरे में रहने वाले लोगों को घर के अंदर रहने का आदेश दिया है। साथ ही, एयरपोर्ट को फिलहाल बंद कर दिया है। लुईविल पुलिस ने कहा कि हादसे वाली जगह पर अभी भी आग लगी हुई है और मलबा फैला है। शुरुआती जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि हो सकता है प्लेन में लिथियम बैटरियों से आग लगी हो, ठीक वैसे ही जैसे 2010 में यूपीएस फ्लाइट 6 के हादसे में हुआ था। यूपीएस कंपनी ने बताया कि विमान में तीन क्रू मेंबर थे।

## अमेरिकी वस्तुओं पर 24 प्रतिशत आयात शुल्क स्थगित करेगा चीन

**बीजिंग।** चीनी वित्त मंत्रालय ने आज कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हाल ही में हुई व्यापार वार्ता के अनुरूप चीन 10 नवम्बर से एक वर्ष के लिए अमेरिकी वस्तुओं पर अतिरिक्त 24 प्रतिशत आयात शुल्क को स्थगित करेगा। मंत्रालय के मुताबिक चीन-अमेरिका व्यापार वार्ता के दौरान बनी सहमति को लागू करने के लिए आयात शुल्क कानून, सीमा शुल्क कानून, विदेश व्यापार कानून और अन्य प्रासंगिक कानूनों तथा विनियमों तथा अंतर्राष्ट्रीय कानून के मूल सिद्धांतों के अनुसार यह निर्णय लिया गया है। राज्य परिषद की स्वीकृति से 10 नवम्बर, 2025 से अमेरिकी वस्तुओं पर 24 प्रतिशत का अतिरिक्त सीमा शुल्क एक वर्ष के लिए स्थगित कर दिया जाएगा। लेकिन अमेरिकी वस्तुओं पर 10 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लागू रहेगा। मंत्रालय ने आगे कहा कि यह स्थगन जारी रखने से दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक संबंधों के स्वस्थ, स्थिर और सतत विकास सुनिश्चित होगा।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108